www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 4 फरवरी, 2024

वर्ष – 16 | अंक –300 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

खाप संस्कृति हमारी सभ्यता की गहराई... पृष्ठ 02

■ फैलोशिप कार्यक्रम एक स्वर्णिम अवसर : केजरीवाल
■ मनजिंदर सिंह सिरसा सिखों के इतिहास को... 03

■ अमेरिकी हवाई हमलों के गंभीर परिणाम होंगे : इराक
■ हाउती ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया 07

साहित्य
चरखों की पंचायत पृष्ठ 06

बढ़ रहे हैं पारिवारिक कैंसर के मामले पृष्ठ 10

# विपक्ष को डराकर राज करना चाहते हैं मोदी : खड़गे

## सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाले ने सबका सत्यानाश किया

- विपक्ष को ईडी, सीबीआई से डराना चाहते हैं
- दिल्ली में न्याय संकल्प सम्मेलन का आयोजन
- हजारों कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में हिस्सा लिया



**आज अगर कोई अन्याय के विरुद्ध लड़ता है तो एफआईआर हो जाती है: मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महंगाई, बेरोजगारी और एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि सबका साथ, सबका विकास के उनके नारे ने सबका सत्यानाश कर दिया है। श्री खड़गे ने आज यहां गीता कालोनी के रामलीला मैदान में आयोजित 'न्याय संकल्प सम्मेलन' में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित किया। जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर खड़गे ने कहा कि आज अगर कोई अन्याय के विरुद्ध लड़ता है तो एफआईआर हो जाती है। पीएम मोदी विपक्ष को ईडी, सीबीआई, आईटी से डराकर राज करना चाहते हैं। अगर सांसद, विधायक विपक्ष के हैं तो वह कलंकित होते हैं, लेकिन अगर वो भाजपा में शामिल हो जाएं तो वह साफ हो जाते हैं।

### पलटू राम अब पलटू कुमार हो गए

नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में भाजपा ने मुख्यमंत्री को अपनी तरफ खींच लिया। बिहार में वो बहुत समाजवाद की बातें करते थे। अब वो पलटू राम, पलटू कुमार हो गए हैं। झारखंड में भी हमारे विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया गया। मोदी मुंह पर राम, बगल में छुरी लेकर चलते हैं और सबको काटते फिरते हैं। मोदी जी के दिमाग में डर है, तभी वह डराते रहते हैं।

**जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे राहुल**

खड़गे ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में न्याय के पांच स्तंभ लेकर निकले हैं। वह जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसा कदम कभी किसी पार्टी के नेता ने नहीं उठाया। ये संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है और इसमें असफल हुए तो सबको तकलीफ होगी। उन्होंने कहा आज हर अख़बार में मोदी की गारंटी के नाम से विज्ञापन छपता है। हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपये देने के वादों को पूरा नहीं किया गया है। युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा हुआ है। दिल्ली में जो विकास हुआ वश सब कांग्रेस की देन है। सोनिया गांधी जी के समर्थन से शीला दीक्षित जी ने दिल्ली का विकास किया।

### नौकरियां नहीं दे रही मोदी सरकार

कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा कि विभागों में 30 लाख पद खाली हैं लेकिन मोदी सरकार नौकरियां इसलिए नहीं दे रही है क्योंकि इसमें आरक्षण से एससी-एसटी और ओबीसी के लोग आएंगे। हर घंटे एक किसान और दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। आम आदमी पर टैक्स और जीएसटी का भारी बोझ है। मोदी सरकार अमीरों को करोड़ों रुपये कर्ज दे रही है लेकिन किसानों को देने के लिए पैसा नहीं हैं। इन्होंने छोटे व्यापारियों को मदद का भरोसा दिया लेकिन कर्ज केवल भारतीय जनता पार्टी और स्वयंसेवक संघ के लोगों को दिया गया। कांग्रेस ने जो बनाया, भाजपा उसे बेच रही है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा लोगों की भावनाओं से खेलकर बांटो, राज करो की नीति पर चलती रही। वह भगवान को भी वोट बैंक के लिए इस्तेमाल कर रही है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# मोदी सरकार के अन्याय से लोग डरे सहमें : राहुल

## कांग्रेस नेता ने कहा, हम न्याय का हक मिलने तक संघर्ष करते रहेंगे

**रांची,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज गोड्डा के शहीद स्तंभ से प्रारंभ हुआ जो सरकंडा चौक, सकरी, कोठिया मोड़, शंभूनेश्वर नाथ मोड़, मोहनपुर होते हुए देवघर पहुंची। देवघर में राहुल गांधी ने बाबा बैजनाथ का दर्शन किया एवं विधिवत पूजा अर्चना की।



राहुल ने देवघर में बाबा बैजनाथ के दर्शन व पूजा अर्चना की

पूजा अर्चना के पश्चात देवघर के टावर चौक से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक तक राहुल गांधी ने पदयात्रा की। न्याय यात्रा के क्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश आज विषम दौर से गुजर रहा है लोग मोदी सरकार के अन्याय से डरे सहमें हैं, अन्याय से त्रस्त मजदूर, किसान, युवा,महिला, छात्र वर्ग आशा भरी नजरों से न्याय पाने का मार्ग खोज रही है। हमने यह यात्रा इन सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए प्रारंभ किया है और हम इसके लिए न्याय का हक मिलने तक संघर्ष करते रहेंगे। आपने हमें जो संघर्ष करने की ताकत दी है उससे हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। मोदी शासित केंद्र सरकार न्याय के लिए लड़ने वाले हर योद्धा को चाहे वह कांग्रेस का हो या किसी अन्य सियासी दल का उसे डराने धमकाने का हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन हम ना झुके हैं ना झुकेंगे, हमारा संघर्ष आपके लिए हमेशा जारी रहेगा। देश के चंद पूंजीपतियों के इशारे पर मोदी सरकार चल रही है जो युवाओं को बेरोजगार ही रखना चाहती है ताकि देश का युवा सशक्त ना बने और ऐसे अरबपति अपनी जेबें भरते रहे।

# आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न



- प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर दी जानकारी
- राजनाथ ने शुचिता, समर्पण का प्रतीक बताया

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। आखिरकार बुजुर्ग भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को उनकी राजनीतिक सेवाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का फैसला कर लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। कुछ दिन पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पुरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न के लिए चुना गया था। प्रधानमंत्री ने कहाकि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इस फैसले के बाद आडवाणी को फोन करके बधाई दी। उन्होंने कहाकि आडवाणी मौजूदा दौर के सबसे सम्मानित नेता हैं,देश के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। प्रधानमंत्री ने कहाकि उन्होंने गृहमंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिन्हित किया गया है। जिसने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। उन्होंने राष्टीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढाने की दिशा में बेहतरीन प्रयास किए हैं।

**घोषणा के बाद भावुक हुए आडवाणी**

शनिवार को भाजपा के बुजुर्ग नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की गई। इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के मिलने की घोषणा के बाद भावुक हुए आडवाणी ने कहाकि अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ वे इस सम्मान को स्वीकार करते हैं, जो आज उन्हें देने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहाकि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में उनके लिए सम्मान की बात है,बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनका उन्होंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर पालन करने का प्रयास किया।

# तीन मौतों से दहली दिल्ली

- मृतकों में दो भाई और एक नौकर
- कमरे में तीनों अचेत अवस्था में मिले

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के डाबड़ी इलाके में शनिवार शाम दो भाइयों सहित तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। कमरे में तीनों अचेत अवस्था में मिले। मृत दोनों भाइयों की शिनाख्त अमित और सोनू के रूप में हुई है। जबकि तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान इनके घरेलू सहायक यादराम के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने विषाक्त खाना खाने से मौत की आशंका जताई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार देर शाम करीब 6.35 बजे पुलिस को डाबड़ी थाने के सीतापुरी इलाके के एक मकान में तीन लोगों के अचेत पड़े होने और कमरे से खून निकलने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा अंदर से बंद पाया। दरवाजा तोड़ कर कमरे के अंदर जाने पर पुलिस ने वहां तीन लोगों को अचेत अवस्था में देखा। जांच करने पर पता चला कि तीनों की मौत हो चुकी है। मकान मालिक भगतू राम ने पुलिस को बताया कि मूलत: बरेली यूपी के रहने वाले दो भाई अमित और सोनू अपने घरेलू सहायक के



साथ यहां किराए पर रहते थे। वह इलाके में रेहड़ी पर छोले भटूरे बेचते थे। इनके परिचित अरुण मकान की ऊपरी मंजिल पर रहते हैं। जिन्होंने इन्हें अचेत देखकर मकान मालिक को जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से कुछ साक्ष्य इकट्ठा किए। जांच के दौरान पुलिस को कमरे से एक रसोई गैस का सिलिंडर मिला। जो खुली हुई पाई गई है। कमरे से कुछ खाने का सामान और शराब की बोतलें थी। फोरेंसिक की टीम ने खाने के सामान को भी कब्जे में लेकर उसे जांच के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हिमाचल हादसे में चार शव बरामद

**सोलन**। हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के औद्योगिक नगर बद्दी के अंतर्गत बरोटीवाला के पास झड़माजरी में शनिवार एनआर अरोमा फैक्ट्री की इमारत के अंदर से चार श्रमिकों के शव बरामद किए हैं। एनआर अरोमा में शुक्रवार शाम को आग बुझाने का काम पूरा होने के बाद पुलिस और एनडीआरएफ के बचाव दलों ने शनिवार को सोलन जिले के बद्दी के अंतर्गत बरोटीवाला के पास झड़माजरी में फैक्ट्री की इमारत के अंदर से चार श्रमिकों के शव बरामद किए। इसी बीच, राज्य सरकार ने बद्दी के सहायक पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जो फैक्ट्री में भीषण आग लगने के कारणों और खामियों की जांच करेगा।

पुलिस ने एनआर अरोमा के प्लांट मनैजर चंद्र शेखर को विभिन्न आरोपों में भी गिरफ्तार किया है और औद्योगिक इकाई के मालिक को पकड़ने के लिये विशेष टीमों को भी विभिन्न स्थानों पर भेजा गया है।

# केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट पहुंची ईडी

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल, बार-बार समन भेजने के बाद भी पेश न होने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट का रुख किया है। ईडी ने पीएमएलए कोर्ट को बताया कि समन देने के बाद भी केजरीवाल पेश नहीं हो रहे हैं। वह एक पब्लिक सर्वेंट हैं। कोर्ट इस मामले में 7 फरवरी को सुनवाई करेगा। अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में नवंबर 2023 से लेकर अब तक पांच बार समन भेजा जा चुका है। उन्हें आखिरी बार 31 जनवरी को समन भेजा गया था और 2 फरवरी को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया था लेकिन वह उन्होंने उसका भी जवाब नहीं दिया। सीएम केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा गया था। पेश न होने पर 21 दिसंबर को फिर समन किया गया लेकिन इस पर दिल्ली के सीएम की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। तीन जनवरी को तीसरा और 13 जनवरी को चौथा समन भेजा गया।



- बार-बार समन भेजने पर भी हाजिर नहीं होने पर किया रुख
- केजरीवाल को भेजे जा चुके हैं पांच समन

***तमाशा करने के मकसद से केजरीवाल के घर गईं पुलिस : आप***

*आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि तमाशा करने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पुलिस भेजी है। आप ने एक्स पर कहा, एक सवाल का जवाब भी नहीं दे पाई भाजपाई पुलिस इसलिए तमाशा करने के मकसद से श्री मोदी ने श्री केजरीवाल के घर पुलिस भेजी है। यह किस कानून में लिखा है नोटिस सिर्फ मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से दिया जा सकता है? इससे साफ है भाजपा को सिर्फ तमाशा करना है। आप नेता और राज्यसभा संसद संदीप पाठक ने कहा, एक-एक करके देश की सारी संस्थाएं मोदी जी बर्बाद कर रहे हैं।*

प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में विपक्ष पर किया तंज

# 2014 से पहले निराशा में डूबा था भारत का युवा : मोदी

**संबलपुर,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिया के संबलपुर में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले 10 वर्षों तक, केंद्र में जो सरकार थी, वह बजट में जितनी घोषणाएं करती थी, उससे कई गुना बड़े घोटाले करती थी। 2014 से पहले भारत का युवा निराशा में डूबा था, उसका भविष्य अंधेरे में था, आज भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा है क्योंकि उसके पीछे ईमानदार भाजपा सरकार खड़ी है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा को 68 हजार करोड़ रुपए की 18 परियोजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र की योजनाओं से ओडिशा को होने वाले लाभ को भी गिनाया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि बीते दस वर्षों में केंद्र सरकार ने जो नीतियां बनाई हैं, उनका ओडिशा को बहुत ज्यादा फायदा हुआ। हमने खनन के क्षेत्र में जो नए सुधार किए हैं, ओडिशा उसका बहुत बड़ा लाभार्थी है। खनन नीति में बदलाव के बाद ओडिशा की आय में दस गुना की बढ़ोतरी हुई है।



मोदी ने ओडिशा को 68 हजार करोड़ की 18 परियोजनाओं दी

# बिहार में मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा

**पटना,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार में नई सरकार में शपथ लेने वाले मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास गृह मंत्रालय, सामान्य प्रशासन सहित कई अन्य विभाग रखे हैं। बिहार के मंत्रिमंडल सचिवालय से जारी अधिसूचना के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास और आवास, स्वास्थ्य, खेल, पंचायती राज, उद्योग, पशु और मत्स्य संसाधन तथा विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कृषि, पथ निर्माण, राजस्व और भूमि सुधार, गन्ना उद्योग, खान और भूतत्व, श्रम संसाधन, कला संस्कृति और युवा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सौंपा गया है।

**मुख्यमंत्री ने गृह मंत्रालय रखा अपने पास**

कूटनीति | मालदीव के विदेश मंत्रालय ने किया दावा

# मालदीव से मई तक हो जाएगी भारतीय सैनिकों की वापसी

**माले, 3 फरवरी (एजेंसियां)। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि भारत द्वीप राष्ट्र से इस साल मई तक अपने सैनिक वापस बुला लेगा। मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत मालदीव से अपने सैनिक हटा लेगा। अधिकारियों ने कहा कि हिंद महासागर द्वीपसमूह में तैनात लगभग 80 सैनिकों की जगह भारतीय सिविलियन ले लेंगे।**

मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में बनी सहमति का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च तक और बाकी 10 मई तक देश से रवाना हो जाएंगे। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच अगली द्विपक्षीय बैठक फरवरी के आखिरी सप्ताह में माले में होगी। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देश भारतीय विमानन प्लेटफार्मों के निरंतर संचालन के लिए सहमत हैं।



- फरवरी के आखिर में माले में होगी बैठक

हालांकि, मंत्रालय ने सेना की वापसी को लेकर किसी समय सीमा का उल्लेख नहीं किया. भारत का कहना है कि एक दर्जन चिकित्साकर्मी सहित मालदीव में तैनात भारतीय सैनिक देश के दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों को मानवीय सहायता और चिकित्सा प्रदान करते हैं। पिछले साल मोहम्मद मुइज्जू के मालदीव का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से इस पड़ोसी देश और भारत के बीच संबंधों में तनाव देखा जा रहा है।

### चीन की तरफ झुक रहा मालदीव

वैश्विक शक्तियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। चीन ने मालदीव को अपनी ओर आकर्षित किया है। आमतौर पर यह पड़ोसी देश मालदीव भारत के करीब रहा है। नई दिल्ली ने माले को दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान दिया है, जिनका उपयोग ज्यादातर समुद्री निगरानी, खोज और बचाव कार्यों और मेडिकल फैसिलिटी के लिए किया जाता है। भारतीय सैनिक इनके संचालन को मैनेज करते हैं।

## सार संक्षेप

### दालत से संजय सिंह शपथ लेने की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया।

### मनरेगा को खत्म करने में लगी है सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने में लगे हुए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि भाजपा ने पारदर्शिता का बहाना बनाकर कांग्रेस सरकार में शुरू की गई आधार तकनीक को गरीबों के खिलाफ एक हथियार में बदल दिया है।

### लद्दाखियों ने लेह में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया



जम्मू। अपने अधिकारों को पाने और मांगों को मनवाने की खातिर आज लद्दाख की जनता कने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। लेह चलो आह्वान के बीच करगिल व लेह के अतिरिक्त लद्दाख के दूर दराज के लोग लेह के एनडीएस स्टेडियम में एकत्र हुए थे। जबकि लद्दाख में बंद का असर कल रात से ही दिखने लगा था। करगिल जिले में भी पूर्ण बंद देखा गया, जो पूरी तरह से सफल रहा।

### हेमंत को फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट ने विधानसभा में 5 फरवरी को नई सरकार के लिए होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति दे दी है। सोरेन अभी न्यायिक हिरासत में हैं और शनिवार से ईडी उन्हें पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

### लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी पंजाब में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी मंदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर पिछले साल सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल आरोपी व्यक्तियों को ठिकाने मुहैया कराए थे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने यहां शनिवार को यह बात कही।

# देश

**उवाच**

"बिहार में शराबबंदी में कई खामियां हैं और गरीब इसके सबसे ज्यादा शिकार हुए हैं। दिन भर कड़ी मेहनत के बाद देशी शराब पीने वाले मजदूरों को पकड़ा जा रहा है जबकि संभ्रांत लोग हर रात दस बजे के बाद अपने घरों में महंगे शराब का सेवन कर रहे हैं।

–जीतनराम मांझी, हम के संरक्षक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 19.5 | 14.0 |
| मुंबई | 29.5 | 24.0 |
| कोलकाता | 23.7 | 24.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 25.0 |

# खाप संस्कृति हमारी सभ्यता की गहराई का प्रतीक : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि खाप संस्कृति 'हमारी सभ्यता की गहराई का प्रतीक है' और इक्की दुक्की घटनाओं से इनका आकलन नहीं किया जा सकता। धनखड़ ने हरियाणा के फरीदाबाद में कहा कि खाप की भूमिका सकारात्मक है और इक्की दुक्की घटनाओं से इनका मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। उप राष्ट्रपति ने हरियाणा सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों पर पुस्तक का विमोचन करते हुए हरियाणा के अखाड़ों और गुरुओं की बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहरलाल, हरियाणा विधान सभा

- **हरियाणा सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों पर पुस्तक का किया विमोचन**
- **हरियाणा के अखाड़ों व गुरुओं की उपराष्ट्रपति ने की बहुत प्रशंसा**

के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। धनखड़ ने कहा कि इन अखाड़ों का गौरवशाली इतिहास रहा है। युवकों में नशा करने की प्रवृति से मुक्ति की दिशा में हरियाणा के अखाड़े बेहतरीन काम कर रहे हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि बाईस जनवरी को हमारी पांच सौ साल की पीड़ा खत्म हो गई



**युवकों में नशा करने की प्रवृति से मुक्ति की दिशा में हरियाणा के अखाड़े बेहतरीन काम कर रहे हैं : जगदीप धनखड़**

और सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह सब कानून की प्रक्रिया का पालन करते हुए हुआ। राम हमारे संविधान में मौजूद हैं। हमारे संविधान की मूल प्रति में 22 चित्र हैं और मौलिक अधिकारों से संबंधित भाग में राम, लक्ष्मण और सीता का चित्र है। जिसमें वे अयोध्या वापस आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के नीति निदेशक तत्वों वाले भाग में भगवान श्री कृष्ण-अर्जुन को उपदेश दे रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि इन 22 चित्रों में 5000 साल की हमारी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। हरियाणा सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हरियाणा ने सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया को ईमानदार और पारदर्शी बनाकर एक उदाहरण पेश किया है।एक समय था, जब आम बालक-बालिका को लगता था कि योग्यता से नौकरी नहीं मिलेगी, कोई दूसरा रास्ता अपनाना पड़ेगा। लेकिन दशकों की ये संस्कृति बदली है और यह काम आसान नहीं था और आज हरियाणा प्रांत इस मामले में देश में आदर्श है। हरियाणा को बहुत उन्नतशील राज्य बताते हुए उन्होंने कहा कि गुरुग्राम भारत को पूरे विश्व के सामने रख रहा है और गुरुग्राम का कॉरपोरेट सेक्टर मुंबई की बराबरी कर रहा है।

## भारत का अमृत काल आज गौरव काल : धनखड़

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का अमृत काल आज गौरव काल है, हमारा कर्तव्य काल है और यह वह कालखंड है जिसमें भारत की वह मजबूत नींव रखी जा रही है जो सुनिश्चित करेगी की 2047 का भारत विकसित भारत होगा और सबसे ऊपर होगा। पहले भारत में घोटालों के समाचार आते थे और विश्व में हमारी अर्थव्यवस्था की स्थित चिंताजनक मानी जाती थी। आज हम दुनिया की पांचवी बड़ी महाशक्ति हैं और आने वाले 2-3 साल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भ्रष्टाचार विकास का सबसे बड़ा दुश्मन है, और यह प्रतिभा को आगे नहीं बढ़ने देता।

# शिवसेना नेता को गोली मारने के आरोप में भाजपा विधायक गिरफ्तार

**मुंबई,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कल्याण शहर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक गणपत गायकवाड़ को भूमि विवाद को लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना समूह के नेता महेश गायकवाड़ और उनके सहायक को कथित तौर पर गोली मारने और घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडियाकर्मियों को बताया कि भाजपा विधायक गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन थाना के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में घुसकर कल्याण के शिवसेना प्रमुख महेश पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में शिवसेना नेता महेश और उनके सहायक कुणाल पाटिल घायल हो गए।



घटना के तुरंत बाद विधायक गायकवाड़ को गिरफ्तार कर लिया गया और फिलहाल उन्हें कलवा थाना की हवालात में रखा गया है। पुलिस ने कहा कि उन्हें शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया जाएगा। आरोपी गायकवाड़ ने अपनी गिरफ्तारी से पहले मीडियाकर्मियों से फोन पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने बंदूक का इस्तेमाल तब किया, जब उनके पुत्र को थाने में पीटा जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में अपराधियों का साम्राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिंदे गुट के नेता महेश को ठाणे शहर में एक निजी चिकित्सा सुविधा केंद्र में भेजे जाने से पहले एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था। शिव सेना के कल्याण प्रभारी गोपाल लांडगे ने कहा, उनकी सर्जरी की गई, जो सफल रही।

# कर्नाटक में दो सौ से अधिक तालुक सूखाग्रस्त : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्नाटक में सूखे की स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा धन आबंटित न करने को लेकर 7 फरवरी को नई दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया करेंगे और सभी मंत्री और कांग्रेस विधायक इसमें भाग लेंगे। उपमुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा कि हम कर्नाटक के लिए न्याय की मांग करेंगे। कर्नाटक में 200 से अधिक तालुक सूखाग्रस्त हैं और केंद्र सरकार द्वारा कोई धन आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में घोषित धनराशि राज्य को जारी नहीं की गई है और वर्तमान बजट में भी राज्य के हितों को कमतर आंका गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी कर्नाटक सरकार इस मुद्दे पर पहली बार राष्ट्रीय राजधानी में विरोध-प्रदर्शन करेगी।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर भाजपा में समझ है तो उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए कि कर्नाटक में लोगों ने उन्हें क्यों खारिज कर दिया। यदि उनमें कोई सम्मान बचा है तो उन्हें राज्य के लिए धन जारी करने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। भाजपा नेता राज्य के लिए फंड जारी करवाने के लिए न तो पीएम मोदी से मिले, और न ही राज्य के हित में कोई आवाज उठाई।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने एक मठ के पुजारी के आरोपों पर बयान जारी कर कहा कि राज्य

- **धन आबंटित न किए जाने को लेकर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे सिद्दारमैया**
- **सात फरवरी को प्रदर्शन में सभी मंत्री व कांग्रेस विधायक भाग लेंगे**

में लोगों को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से रहना चाहिए और धार्मिक तनाव नहीं फैलाना चाहिए। एक पुजारी ने कथित तौर पर आरोप लगाया कि उन्हें कर्नाटक में एक मंदिर में प्रवेश करने से रोका गया था। उपमुख्यमंत्री ने आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कर्नाटक में कोई अस्पृश्यता नहीं है। हम सब एक हैं और हमें सौहार्द्रपूर्वक रहना चाहिए।

शिवकुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली और वह इस मुद्दे पर मुजाराई विभाग के अधिकारियों और जिला प्रभारी मंत्री के साथ चर्चा करेंगे।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर।** मौसम विज्ञान केंद्र ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अगले 48 घंटों में मध्यम से भारी हिमपात होने का पूर्वानुमान जताते हुए प्रदेश के आठ जिलों में शनिवार को हिमस्खलन की चेतावनी जारी की। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि प्रदेश में अगले 24 घंटों में कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, गंदेरबल, कुपवाड़ा और जम्मू क्षेत्र के डोडा, पुंछ और रामबन जिलों में 2400 मीटर से ऊपर की चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है।

### मध्य प्रदेश में कक्षा 10वीं की परीक्षा पांच फरवरी से शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कक्षा 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 6 फरवरी से शुरू हो रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रदेश में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के सफलतापूर्वक संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग सतर्कतापूर्वक कार्य कर रहा है। परीक्षा के प्रश्न पत्र गोपनीयता के साथ निर्धारित केंद्रों तक पहुंचे और बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें, यह सुनिश्चित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग योजनाबद्ध रूप से उठाए गए है। आयुक्त, लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

### बिहार में बस से कुचलकर छात्रा की मौत

**बिहार शरीफ।** बिहार के नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक यात्री बस से कुचलकर ट्यूशन पढ़ने जा रही एक छात्रा की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने बस चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और बस को भी आग के हवाले कर दिया। कमदारगंज गांव की रहने वाली पुष्पा कुमारी अन्य दिनों की तरह अपनी दो सहेलियों के साथ दीपनगर पढ़ने जा रही थी। इसी क्रम में बिहार शरीफ से राजगीर की ओर जा रही अनियंत्रित बस ने पुष्पा को कुचल दिया, इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### बंगाल में यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है।

# तमिलनाडु का बजट 19 फरवरी को होगा पेश

**चेन्नई,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु विधानसभा का बजट सत्र 12 फरवरी से राज्यपाल के पारंपरिक संबोधन के साथ शुरू होगा, जबकि, बजट 19 फरवरी को पेश किया जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 का बजट 19 फरवरी को वित्त मंत्री थंगम थेनारासु पेश करेंगे। उम्मीद है कि सरकार कलैगनार मगलिर उरीमाई थित्तम योजना के तहत परिवारों की महिला मुखियाओं के लिए 1,000 रुपए की मासिक योजना सहित कल्याणकारी उपायों की घोषणा करेगी। सरकार राज्य में निवेश तलाशने के लिए मुख्यमंत्री स्टालिन की स्पेन की आठ दिवसीय यात्रा पर भी रोशनी डालेगी। राज्यपाल आरएन रवि का विधानसभा में यह तीसरा अभिभाषण होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के साथ मतभेद के बाद पिछले साल बजट सत्र के दौरान राज्यपाल सदन से वॉकआउट कर गए थे। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच तनाव जारी है क्योंकि कई मुद्दों पर उनके बीच मतभेद है। अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान राज्यपाल ने तमिलनाडु के मंदिरों में विशेष पूजा का आह्वान किया था। जिसका तमिलनाडु के कानून मंत्री एस. रेघुपति ने कड़ा विरोध किया, जिससे सरकार और राज्यपाल के बीच संबंध और खराब हो गए।

## आडवाणी को भारत रत्न देने पर बोले अखिलेश यादव

# भाजपा के लिए वोट बैंक साधने का तरीका

**बलरामपुर,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के सवाल पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा

- **गोंडा व बलरामपुर में निवेश न होने पर चिंता जताई**

के लिए यह वोट बैंक साधने का तरीका है। बिखर रहे वोटों को सहेजने के लिए यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल झूठ बोलती है। उन्होंने 40 लाख करोड़ के निवेश के दावे को खारिज करते हुए कहा कि एक भी कारखाना बताएं कि कहां लगा है।

गोंडा व बलरामपुर में निवेश न होने पर चिंता जताई। कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार की बात करती है लेकिन धरातल पर कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। सपा से गैसड़ी विधायक रहे डॉ. शिव प्रताप यादव को श्रद्धांजलि देने उनके पैतृक आवास पहलवारा पंहुचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा नेता के निधन को



**बिखरते वोटों को सहेजने के लिए सम्मान दे रही भाजपा : अखिलेश यादव**

अपूर्णनीय क्षति बताया। उन्होने कहा कि एसपी यादव जमीन से जुड़े और जिम्मेदार नेता थे। इंडिया गठबंधन के सवाल पर कहा कि जीत व सीट के फार्मूले पर जल्द टिकट बंटवारा हो जाएगा।

### भू- माफिया पार्टी है भाजपा

सपा मुखिया ने कहा कि पुण्य कार्य में भी जमीन घोटाला हुए है, वह भी गोंडा, बलरामपुर व अयोध्या जैसी जगहों पर तो सोचिए किस पार्टी के शासन में कौन जमीन घोटाला कर रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने साफ कहा कि जमीन घोटाला भाजपा वाले कर रहे हैं, जांच करके देखिए। कहीं भी जमीन कब्जा हो रही है तो भाजपा वाले शामिल हैं। भाजपा अब भू- माफिया पार्टी बन गई है।

## महंगाई व बेरोजगारी की चिंता नहीं कर रही भाजपा

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी की चिंता भाजपा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराता हूं कि भाजपा के सांसद संकट में हैं कि कहीं उनका टिकट तो नहीं कट रहा है। कुछ तो सीट बदलने में लगे हैं। दावा किया कि भाजपा सांसदों का टिकट काटने जा रही है। भाजपा को अपनी चिंता करनी चाहिए।

# पुंछ में संदिग्ध हलचल देखने के बाद सेना ने फायरिंग की

**जम्मू,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को एलओसी पर भारतीय सेना के जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी। इसके बाद उन्होंने तुरंत फायरिंग की। अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों ने पुंछ जिले की मेंढर तहसील के सबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधियों को देखा और तुरंत फायरिंग कर जवाब दिया। शनिवार सुबह बर्फ से ढके मेंढर के एक अग्रिम गांव में फायरिंग हुई और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा था। बर्फबारी के बाद सीमा पार से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए एलओसी पर तैनात सैनिक हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने शुक्रवार को पुंछ सेक्टर में आगे के स्थानों का दौरा किया था और फॉर्मेशन की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की थी।



# पश्चिम बंगाल में मनरेगा निधि तुरंत जारी करे मोदी सरकार : ममता



- **मनरेगा फंड जारी करने की मांग को लेकर ममता का धरना जारी**

**कोलकाता,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य को वैध रूप से मिलने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) निधि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्तक्षेप की मांग करने के बाद भी शनिवार को लगातार दूसरे दिन अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए मोदी सरकार से मनरेगा निधि तुरंत जारी करने की मांग की। बनर्जी ने अपनी मांगों को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शुक्रवार को यहां रेड रोड पर धरना शुरू किया। बनर्जी ने अस्थायी तंबू में रात बिताई जहां उनके मंत्रिमंडल के कई सहयोगी और पार्टी नेता धरने में शामिल हुए, जिसके शनिवार शाम को समाप्त होने की उम्मीद है। शुक्रवार को मोदी को लिखे पत्र में बनर्जी ने हैरानी जताई और दावा किया कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट 'गलत और भ्रामक' है। पत्र में कहा गया कैग की 2020-21 की राज्य वित्त लेखा परीक्षा रिपोर्ट में बताया गया है कि 2002-03 से 2021 तक 2,29,099 करोड़ रुपये के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने में देरी हुई है।

पत्र में कहा गया, जांच करने पर हालांकि, यह पाया गया कि राज्य के संबंधित विभागों ने भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत किए गए आबंटन व मंजूरी के खिलाफ निर्धारित प्रारूप में केंद्र के संबंधित मंत्रालयों को समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कर दिया था। बनर्जी ने कहा कि चूंकि केंद्र उपयोगिता प्रमाणपत्रों से संतुष्ट था इसलिए विभिन्न योजनाओं के तहत समय-समय पर आबंटन किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया, विभिन्न मंत्रालयों द्वारा जारी मंजूरी आदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पिछली अवधि के कोई भी उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित नहीं हैं। बनर्जी ने इस बात पर हैरानी जताई कि कैग जैसी संस्था रिपोर्टों की पुष्टि किए बिना और उनकी सरकार के खिलाफ 'भ्रामक' जानकारी प्रदान किए बिना ऐसी टिप्पणियां कर सकती है।

# पार्टी तय करेगी कौन लड़ेगा लोकसभा चुनाव : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों पर शनिवार को कहा कि ये पार्टी तय करेगी कि कौन लोकसभा का चुनाव लड़ेगा। कमलनाथ ने छिंदवाड़ा से उनके या उनके पुत्र नकुलनाथ के चुनाव लड़ने संबंधित सवालों पर कहा कि ये पार्टी तय करेगी कि कौन लोकसभा चुनाव लड़ेगा। अभी ये तय नहीं है। सबसे बातचीत चल रही है, जो पार्टी कहेगी, वही किया जाएगा। छिंदवाड़ा से वर्तमान में नकुलनाथ सांसद हैं। वहीं कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वहीं कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन के पार्टी छोड़ने की अटकलों पर कमलनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति स्वतंत्र है। कोई किसी पार्टी से बंधा हुआ नहीं है।



# आर्य युवा समाज ने मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती

पानीपत 3 फरवरी (एजेंसियां)। महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद को उनकी 200वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए, आर्य युवा समाज हरियाणा द्वारा पानीपत में डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी में विश्व शांति और कल्याण के लिए एक विशाल 5100 कुंडीय यज्ञ अमृत संस्कार का आयोजन किया गया। डीएवी कॉलेज प्रबंधकीय समिति और आर्य क्षेत्रीय प्रतिनिधि समिति के अध्यक्ष आर्य रत्न पद्मश्री पुनम सूरी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद के तहत यह आयोजन वैदिक संस्कृति और मूल्यों की लौ को प्रज्वलित करने के लिए तैयार है, जिसका लक्ष्य हर घर को भारत की समृद्ध विरासत से जोड़ना है।

- **पानीपत में विश्व शांति के लिए किया गया हरियाणा का पहला विशाल 5100 कुंडीय यज्ञ अमृत संस्कार**

आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया, जिसका लक्ष्य हर घर को भारत की समृद्ध विरासत से जोड़ना है। योगी सूरी के दूरदर्शी नेतृत्व में, 5100 कुंडीय यज्ञ अमृत संस्कार की





रूपरेखा को आकार देने के लिए हरियाणा के आरओएस, एआरओएस और डीएवी स्कूलों के प्रिंसिपलों का एक सम्मेलन बुलाया गया था। सतपाल आर्य ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें युवा पीढ़ी में वैदिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित शैक्षिक नेताओं को एक साथ लाया गया।

इस विशिष्ट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति महेश ग्रोवर की उपस्थिति थी, जबकि न्यायमूर्ति प्रीतम पाल समारोह ने अध्यक्षता की। उनकी भागीदारी इस उत्सव के महत्व और न्याय और धार्मिकता के सिद्धांतों के साथ इसके संरेखण को रेखांकित करती है।

**उम्मीद** *कश्मीर में बारिश व बर्फबारी ने कांगड़ियों में डाली जान*

# ठंड से बचने के लिए कश्मीरियों की पहली पसंद बनीं पारंपरिक कांगड़ी

**जम्मू,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर में बारिश और बर्फबारी के साथ समाप्त हुए लंबे सूखे के दौर ने कांगड़ियों (पारंपरिक आग के बर्तन) की बिक्री को एक बार फिर बढ़ा दिया है और लोग ठंड से बचने के लिए नवीनतम हीटिंग गैजेट्स की तुलना में इसे पसंद कर रहे हैं। दो महीने लंबे सूखे के दौरान कांगड़ी की बिक्री में जबरदस्त गिरावट आई, जिससे कांगड़ी निर्माताओं को घाटा हुआ। प्रासंगिक रूप से, आग के बर्तन मुख्य रूप से बर्फबारी से पहले बेचे जाते हैं क्योंकि लोग ठंड के मौसम के लिए खुद को तैयार रखते हैं। कांगड़ी के जानकार गुलाम कादिर शकशाज कहते थे कि दिसंबर महीने में कांगड़ी की बिक्री लगभग स्थिर रही, लेकिन ऊपर वाले का शुक्र है कि बर्फबारी के बाद तापमान में और गिरावट आई, हालांकि श्रीनगर में थोड़ा समय बीतने के बाद भी बिक्री एक बार फिर



- **सूखी सर्दी के कारण बिक्री हो चली थी न के बराबर**

बढ़ गई है। वे पिछले 25 वर्षों से कांगड़ियों को बेचने का व्यवसाय कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सर्दी में लंबे समय तक शुष्क मौसम रहा और दिन के तापमान में वृद्धि हुई, जिसके कारण लोगों ने कांगड़ी छोड़ दी। 70 साल के अब्दुर रशीद मत्ता कहते थे कि यह सीजन बिक्री के लिए अच्छा नहीं था। श्रीनगर के बाहरी इलाके में उनकी दुकान कई बिना बिके उत्पादों से भरी हुई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनकी अच्छी बिक्री देखी जा रही है। मत्ता कहते थे कि इस समय तक मैं सारी कांगड़ियां बेच चुका होता लेकिन इस साल मुझे पर्याप्त ग्राहक नहीं मिले। पिछले कुछ दिन अच्छे रहे क्योंकि लोगों ने बड़ी संख्या में कांगड़ियां खरीदीं हैं। मत्ता टूटे हुए आग के बर्तनों की भी मरम्मत करता है जो उसे कठिन परिस्थितियों के बीच आजीविका कमाने में मदद करता है।

मत्ता के बकौल, बाजारों में बहुत सारे इलेक्ट्रानिक हीटिंग गैजेट उपलब्ध हैं। बिजली के हमाम भी हैं लेकिन आग के बर्तनों की अभी भी मांग है क्योंकि लोगों को लगता है कि कठोर सर्दियों में खुद को गर्म रखने का यह अभी भी सबसे सस्ता तरीका है। दरअसल कांगड़ियों की बिक्री में गिरावट के पीछे शुष्क मौसम एकमात्र कारण नहीं हो सकता क्योंकि लोग मौसम से पहले सर्दियों की खरीदारी करते हैं। आज श्रीनगर में कांगड़ी बेचने वाली एक दुकान पर लोगों को कीमत के लिए मोलभाव करते देखा गया, जिससे फिर साबित होता है कि शुष्क मौसम नहीं बल्कि संसाधनों की कमी मुख्य कारण है। दाऊद, जो अब कई वर्षों से इस व्यवसाय में है, कहते थे कि मैंने इस वर्ष एक भी उपहार कांगिर नहीं बेचा। इन गिफ्ट में दी जाने वाली डिजाइनर कांगड़ियों की कीमत 5000 रुपये तक है। एक गृहिणी शमीमा कहती थीं कि वह हर साल ठंड से बचने के लिए कांगड़ी का उपयोग करती हैं, चाहे बर्फबारी हो या बर्फबारी न हो। शमीमा के शब्दों में, बिजली की लंबी कटौती का शेड्यूल लोगों को वापस कांगड़ी की ओर ले जाता है। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। जब आपके पास बिजली न हो तो इलेक्ट्रानिक हीटर या इलेक्ट्रिक हमाम रखने का कोई मजा नहीं है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

सोनू : यार मेरी बीवी गुस्सा बहुत करती है
मोनू : मेरी भी पहले करती थी, अब नहीं करती,
सोनू : तुमने क्या इलाज किया ?
मोनू : एक दिन गुस्से में थी, मैंने कह दिया कि बुढ़ापे में गुस्सा आ ही जाता है, बस वो दिन है और आज का दिन है, तेज आवाज में भी बात नहीं करती।

# फैलोशिप कार्यक्रम एक स्वर्णिम अवसर : केजरीवाल

## आप ने अंबेडकर फेलोशिप के तहत बीस फेलोज का किया चयन

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने देश के अंदर राजनीतिक परिवर्तन के उद्देश्य से अंबेडकर फेलोशिप प्रोग्राम के तहत 20 फेलोज का चयन किया है। इसके लिए देश में सबसे तेजी से बढ़ती राष्ट्रीय पार्टी को देशभर से हजारों आवेदन प्राप्त हुए थे और 2 महीने के कठिन चयन प्रक्रिया के बाद 20 उम्मीदवारों को चुना गया है। इस फेलोशिप को आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले साल दिसंबर में घोषित किया था। इसका उद्देश्य भारत के राजनीतिक परिवर्तन में युवाओं को शामिल करना था। उन्होंने फेलोशिप के शुरू होने पर युवाओं से अपील की थी कि आप भारत के इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ने वाली पार्टी है, क्योंकि यह ईमानदार और शिक्षित लोगों की पार्टी है। आप देश में कहीं भी रहते हैं, अगर आपके अंदर भारतीय राजनीति को बदलने और भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनाने की उत्साह है, तो यह फैलोशिप कार्यक्रम आपके लिए एक स्वर्णिम अवसर है। फेलोज को ट्रेनिंग के पहले दिन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता और वरिष्ठ नेता जैस्मीन शाह, रीना गुप्ता और नीरज पांडे ने संबोधित कर उनके दायित्वों के बारे में बताया। ये फेलोज दिल्ली और पंजाब में आप के फेमस मॉडल जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार, मुफ्त पानी और बिजली नीति, इलेक्ट्रिक वाहन नीति आदि के पीछे के संघर्षों की वजह से आकर्षित हुए हैं। ओरिएंटेशन के दौरान फेलोज को संबोधित करते हुए पंकज गुप्ता ने कहा कि इन फेलोज में वह लोग भी शामिल थे, जो पहले बैच में शामिल नहीं हो सके थे। इंटरव्यू के दौरान इन युवा लोगों में देश के कल्याण के लिए योगदान देने की उत्सुकता दिखाई दी। वहीं, जो लोग पहले बैच में नहीं आ सके थे, वह भी अब आप के विस्तृत परिवार का हिस्सा हैं। इस 11 महीने के कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को योग्यताओं से संपन्न करना है, ताकि वह अपनी आवाज बुलंद कर सकें, अपनी समस्याओं के लिए समाधान खोज सकें और चुनाव का नजदीक से अनुभव सकें। ये फेलोज पार्टी के घोषणा पत्र, संचार रणनीति और देशभर में राजनीतिक प्रचार में पार्टी नेतृत्व के साथ काम करेंगे। यह फेलोशिप प्रभावी अनुभव और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगी। आम आदमी पार्टी ने फेलोज का स्वागत करते हुए कहा कि भारत का युवा एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जो उन रास्तों को निर्धारित करेगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए विकसित होंगे। इस महत्वपूर्ण संदर्भ में आगे आएं और अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दें, जो 1 बिलियन से अधिक भारतीयों की आकांक्षाओं को प्रोत्साहित करता है और देश के हर कोने को महत्वपूर्ण आवाज देता है।



**11 महीने के कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को योग्यताओं से संपन्न करना है : अरविंद केजरीवाल**

### भारत के विकास व सार्वजनिक कल्याण को आकार दें युवां : जैस्मीन

जैस्मीन शाह ने कहा कि हम चाहते हैं कि युवा भारत के विकास और सार्वजनिक कल्याण को आकार दें और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के कौशलों से संपन्न करें। ये फेलोज प्रमुख रूप से विदेशी संस्थानों समेत प्रसिद्ध संगठन और विश्वविद्यालयों से आए हैं। इनमें ज्यादातर में राजनीतिक आकांक्षाएं हैं। इस बैच में कई राज्यों के लोग शामिल हैं, जो आप के विकास विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। रीना गुप्ता ने कहा कि हमारे युवा इस देश के चुनौतियों के लिए अद्वितीय समाधान रखते हैं। राजनीति एकमात्र तरीका है, जिससे हम सामाजिक परिवर्तन को व्यापक स्तर पर ला सकते हैं। आज के युवा इस बात को समझते हैं और आप के भारत को नंबर-1 बनाने के इरादे के लिए दृष्टिकोण रखते हैं।

# यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए होगा सेमिनार

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। भारत की सबसे बड़ी लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी दिल्ली में प्रेरक आईएएस सेमिनार का आयोजन कर रही है, जो यूपीएससी के महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों को सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारियों के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देगी। कार्यक्रम का आयोजन 6 फरवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में शाम 5-7 बजे के बीच होगा। अनएकेडमी के सह-संस्थापक एवं पूर्व-आईएएस ऑफिसर रोमन सैनी, टॉप एजुकेटर्स जैसे सिद्धार्थ अरोड़ा, विनीत थापलू, मधुकर कोटावे, विवेक सिंह एवं आईएएस अधिकारी जैसे आईएएस सौम्या पाण्डेय एआईआर 4, यूपीएससी सीएसई 2017 और आईएएस अभिनव सीवच एआईआर 2, यूपीएससी सीएसई 2022 सेमिनार के दौरान उम्मीदवारों को मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर अनुभवी आईएएस अधिकारी सेवानिवृत डॉ. कुश वर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जो लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन एलबीएसएनएए एवं नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेन्स एनसीजीजी के महानिदेशक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

# मनजिंदर सिंह सिरसा सिखों के इतिहास को तोड़-मरोड़कर कर रहे पेश : सरना

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और महिला विंग की प्रधान सेवादार बीबी रणजीत कौर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मनजिंदर सिंह सिरसा सिखों के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. उनके द्वारा सिखों के इतिहास को गलत ढंग से पेश किए जाने को देखते हुए जत्थेदार अकाल तख्त साहिब को उन्हें अकाल तख्त साहिब पर बुलाया जाना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के इतिहास के ऐतिहासिक साक्ष्य मांगे जाने चाहिए. दोनों नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों सिरसा ने कहा था कि गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब मस्जिद को तोड़कर बनाया गया है, जो आरएसएस के इशारे पर सिख इतिहास के साथ जानबूझकर की गई छेड़छाड़ है. जब नौवें पातशाह साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी को औरंगजेब ने शहीद कर दिया, तो गुरु साहिब के सेवक भाई जैता जी उनके सीस को आनंदपुर साहिब ले गए और भाई लक्खी शाह वंजारा गुरु जी के शरीर को अपने घर ले आए जहाँ उन्होंने गुरुजी के शरीर को अपने घर में आग लगाकर अंतिम संस्कार किया. भाई लक्खी शाह वंजारा के परिवार को सिख इतिहास में बहुत ऊंचा स्थान मिला, लेकिन यह कहना अस्वीकार्य है कि यहां एक मस्जिद थी जिसे तोड़कर गुरुद्वारा साहिब बनाया गया. उन्होंने सिरसा की ओर इशारा करते हुए कहा कि सिखों ने जेलों में भी धार्मिक आस्थान बनाये हैं, वह कोई भी सिख इतिहास का सबूत दें कि भले सिखों का शासन रहा हो या ब्रिटिश सरकार से प्रतिरोध का समय रहा हो, चाहे गुरु जी के काल का समय ही क्यों न रहा हो? सिखों ने कभी किसी धर्मस्थल को तोड़कर अपना गुरुद्वारा नहीं स्थापित किया है. उन्होंने सिंह साहिबों से अपील करते हुए कहा है कि मनजिंदर सिंह सिरसा को जल्द से जल्द अकाल तख्त साहिब पर बुलाकर पूछताछ की जाए, ताकि वह राजनीतिक फायदे के लिए सिख इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने से बाज आएं।



**सार संक्षेप**

### सेक्स समस्याओं के आयुर्वेदिक इलाज के नाम पर ठगी का आरोप



**नई दिल्ली।** यौन सुख में मिनटों से लेकर घंटों तक की बढ़ोतरी की ताकत प्रदान करने का दावा करने वाले तथाकथित एक डॉक्टर पर ठगी का आरोप लगा है। ये आरोप एक एडवोकेट ने लगाए हैं, ये एडवोकेट इलेक्टाइल डिस्फंक्शन की दवा लेकर मौत के मुंह में पहुंच गए थे और समय पर अस्पताल पहुंच जाने से हृदयाघात से जान बच गई। ये वकील हैं दिल्ली के मिलन वर्मा, इन्हें 2023 में अपने परिवार में एक के बाद एक मौत हो जाने के कारण डिप्रेशन हो गया और इसी के चलते दो बच्चों के पिता मिलन को ट्रेक्टाइल डिस्फंक्शन जैसा रोग भी लग गया। जैसा कि दुनिया का आम कायदा है, इरेक्टाइल डिस्फंक्शन को पुरुषों में बहुत हेय दृष्टि से देखा जाता है और कोई भी पुरुष इसकी चर्चा भूल से भी करना पसंद नहीं करता। इसी शर्म के कारण एडवोकेट मिलन वर्मा ने यूट्यूब का सहारा लिया, जहां उन्हें डा. हेल्थ नामक अस्पताल के इरेक्टाइल डिस्फंक्शन समेत तमाम यौन रोगों के शर्तिया इलाज के दावे वाले वीडियो मिले। उनके संतोषजनक रिव्यू देख मिलन ने उनका नम्बर लिया और 500 रुपए में अस्पताल के डा. हिमांशु धवन का अपाइंटमेंट ले लिया। डा. हैल्थ नामक ये अस्पताल गुरुग्राम के सेक्टर 17 में बी 92 नम्बर के भवन में चलता है। मिलन वहां पहुंचे तो नीचे ही मना कर दिया गया कि यहां हिमांशु धवन नहीं है लेकिन जब अपाइंटमेंट बताया तो जाने दिया, वहा बताया गया कि डा. धवन की फीस हजार रुपए है, इसलिए पांच सौ रुपए और देने पड़े तय समय पर डा. हिमांशु ने देखा, पूरी बात सुनी और पांच हजार की दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन लिख दिया, एडवोकेट मिलन का दावा है कि दवा लेने के तीसरे दिन अपने आफिस के चेम्बर में उन्हें सीने में दर्द हुआ और चक्कर आ गए। साथी वकील और स्टॉफ के लोग अस्पताल लाए तो जाकर जान बची। हृदय का इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया कि इरेक्टाइल डिस्फक्शन कोई बीमारी नहीं है ये डिप्रेशन के साथ आता है और डिप्रेशन काबू आते ही ठीक हो जाता है। जान बराने के बाद एडवोकेट मिलन डा. हेल्थ अस्पताल और उसके प्रमोटर श्रेयास के खिलाफ कार्रवाई का बीड़ा उठाकर मैदान में आए है और सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन में कथित डा. हिमांशु धवन व उसके सगे भाई पुरु धवन समेत 25 साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराकर यौन बीमारियों के नाम पर देश को लूट रहे ऐसे ठगों के खिलाफ अभियान आयुर्विजिलेन्स छेड़े हुए है।

### एमसीडी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए स्थापित कर रहा है समर्पित संग्रह स्थल

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली नगर निगम सी एंड डी वेस्ट, मलबा को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित मलबा संग्रह स्थल स्थापित कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार निर्माण गतिविधियां वायु प्रदूषण में प्रमुख योगदानकर्ताओं के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो पीएम 10 का 21 प्रतिशत और पीएम 2.5 का 8 प्रतिशत है, जिनकी रैंकिंग दूसरे और चौथे सबसे बड़े स्रोतों में है। प्रारंभिक चरण में निगम ने पश्चिमी क्षेत्र के 10 वार्डों में एक पायलट कार्यक्रम चलाया जिसमें तीन समर्पित स्थल स्थापित किए गए। इससे अवैध मलबा डंपिंग में 46 प्रतिशत की कमी आई। अब निगम वर्तमान में लगभग 100 ऐसे स्थल शुरू करने की प्रक्रिया में है। इनमें से 49 स्थानों की पहचान पहले ही की जा चुकी है और विभिन्न क्षेत्रों में 35 पूरी तरह से चालू हैं।

# देश में इबादतगाहों की सुरक्षा को विश्वसनीय बनाए सरकार : जमाअत

## वाराणसी जिला न्यायालय के फैसले पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद का कहना है कि वह वाराणसी जिला प्रशासन और वादी की मिलीभगत की कड़ी निंदा करती है, जिसने लोहे की दीवारों को काटकर और फिर ज्ञानवापी मस्जिद की निचली मंजिल पर मूर्तियां रखकर तुरंत पूजा की सुविधा दी। हालांकि, वाराणसी जिला न्यायालय ने इस काम के लिए प्रशासन को 7 दिन का समय दिया था, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वाराणसी जिला प्रशासन वादी को पूजा शुरू करने में मदद करने की जल्दी में था, इससे पहले कि अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति राहत पाने के लिए चौंकाने वाले फैसले पर, जो कानून इबादतगाह अधिनियम 1991 का उल्लंघन है, उच्च न्यायपालिका में अपील करती। शनिवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जमाअत के उपाध्यक्ष मलिक मोतासिम खान ने कहा कि जमाअत का मानना है कि वाराणसी जिला न्यायालय का फैसला पूरी तरह से गलत तर्क के आधार पर दिया गया था कि 1993 तक ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा की जाती थी और इसे केवल तत्कालीन राज्य सरकार के आदेश पर रोका गया था। मामले का तथ्य यह है कि तहखाने में कभी कोई पूजा नहीं हुई और इसका कोई सबूत भी नहीं है। इसी तरह, मीडिया के एक वर्ग ने मस्जिद के भीतर पहले से मौजूद मंदिर की मौजूदगी का दावा करने वाली भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट को एकतरफा प्रकाशित किया है। फिलहाल एएसआई की इस रिपोर्ट की स्थिति दावे से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जमाअत वाराणसी में इन अभूतपूर्व घटनाओं की निंदा करती है क्योंकि इससे उन लोगों का हौसला बढना तय है जो मथुरा की शाही ईदगाह, सुनहरी मस्जिद दिल्ली और देश भर में कई अन्य मस्जिदों और वक्फ संपत्तियों पर निराधार दावे कर रहे हैं। वहीं जमाअत इस्लामी हिन्द के एक और उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सलीम इंजीनियर ने कहा कि जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने मंगलवार को महरौली में 600 साल पुरानी मस्जिद को मनमाने ढंग से ध्वस्त करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की भी निंदा करती है।





■ नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर ठंड के मौसम के दौरान आसामान पर छाए बादल। शनिवार शाम बादलों के कारण मौसम में और ठंड बढ़ गई। फोटो इम्तियाज खान

# कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कैंसर के प्रति जागरूकरण बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। रिपोर्ट्स के अनुसार 2025 तक पूरे देश में इस बीमारी के 16 लाख मरीज हो सकते है। अब लोगों को इसके प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। इसीलिए 3 फरवरी को धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली द्वारा एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑडिटोरियम वासुधरा इन्क्लेव, दिल्ली में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में नवीन शर्मा सीओओ धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सहित कैंसर विशेषज्ञों की टीम ने भाग लिया। नवीन शर्मा और उनकी कैंसर विशेषज्ञ टीम डॉ. अंशुमान कुमार, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. देनी गुप्ता, डॉ. राजित चनाना, डॉ के एम पार्थसारथी, डॉ. सुपनों चक्रवती, डॉ. सरिता जैसवाल, डॉ. कनिका शर्मा, डॉ. पूजा खुल्लर, डॉ. नीरज गोयल से अस्पताल के अपने मिशन के प्रति अडिग निष्ठा पर जोर दिया, जिसमें सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ ही पहुंचने और किफायती हेल्थकेयर प्रदान करने का संकल्प है। कैंसर को लेकर उन्होंने कहा कि इस समय बुजुर्ग से लेकर युवाओं में इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिसको लेकर बहुत ही सतर्क रहने की आवश्यकता है, इसके शुरुआती लक्षणों में वजन में कमी आना, बुखार, भूख में कमी आना, खांसी या मूह से खून आना, त्वचा में गांठ बनना और त्वचा के रंग में बदलाव, पाचन संबंधी समस्याएं, जोड़ो और मांसपेशियों में दर्द, अधिक थकान और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।



# राजधानी दिल्ली में बारिश के आसार

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में मौसमी बदलाव के कारण रविवार को बारिश व तेज हवा चलने के आसार हैं। इससे अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। दिल्ली का पालम इलाका सबसे ठंडा रहा। यहां का अधिकतम तापमान सबसे कम 21.3 डिग्री रहा। सुबह के समय कोहरा छाया रहा। सुबह 10 बजे के बाद मौसम कुछ साफ हुआ और दोपहर बाद अच्छी धूप खिली। रविवार को अधिकांश इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। नौ फरवरी तक सुबह के समय कोहरा छाया रह सकता है। राजधानी में हवा की गति बढ़ने व मौसमी दिशा बदलने से शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 रहा, जो मध्यम श्रेणी है। इसमें शुक्रवार के मुकाबले 17 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान साफ रहा और हल्की धूप खिली। 19 इलाकों की हवा खराब रही, जबकि 15 इलाकों में एक्यूआई मध्यम श्रेणी में रहा। साथ ही, केवल एक इलाके की हवा संतोषजनक श्रेणी में दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से हवा में आएगा सुधार आने की संभावना है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, शनिवार को औसत 8 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर से चली। रविवार को हवा दक्षिण से दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर से चलेगी।

**दिनभर तेज हवा चलने की आशंका**

### स्टेशनों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर सिस्टम

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने बड़ा ऐलान किया है। एनसीआरटीसी ने कहा कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीसी के स्टेशनों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाया जाएगा। इससे बिजली बनाई जाएगी और सीओ2 एमिशन कम होगा। शनिवार को इसकी जानकारी दी गई। ये रूफटॉप सिस्टम साहिबाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो स्टेशन और दुहाई वर्कशॉप में आरआरटीएस स्टेशनों के प्लेटफॉर्म शेड पर लग चुके हैं। जिससे लगभग तीन मेगावाट की सौर क्षमता पहले ही स्थापित की जा चुकी है, जो इन स्थानों की सहायक लोड आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम होगी।

**आयोजन** *विश्व शांति के लिए पालम विहार में विशाल हरिनाम संकीर्तन यात्रा आयोजित*

# जन-जन तक पहुंचेगा रामराज्य का अभियान

**नई दिल्ली, 3 फरवरी (देशबन्धु)। पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में उनकी प्रतिमा प्रतिष्ठापित हो गई। अब सबके हृदय में श्रीराम को स्थापित करना है, जिससे लोगों का जीवन आनंदमय एवं शांतिपूर्ण हो सके। जन-जन तक भगवान श्रीराम के रामराज्य को पहुंचाने के इस अभियान के रूप में इस्कॉन द्वारका की ओर से 3 फरवरी को पालम विहार में पहली बार विशाल हरिनाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया।**


हरिनाम यानी 'हरे कृष्ण महामंत्र' का सतत उच्चारण। इस कलियुग में श्रीकृष्ण के अवतार श्री चैतन्य महाप्रभु ने भी 16 शब्दों के हरे कृष्ण महामंत्र 'हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे' जप करने को कहा है। भगवान के नाम और भगवान में कोई अंतर नहीं है। जब व्यक्ति इस मंत्र का उच्चारण करता है तो उसका हृदय शुद्ध होता है और शुद्ध मन में भगवान निवास करते हैं। महामंत्र के इसी गुण को लोगों को सिखाने के लिए इस्कॉन द्वारका की ओर से विशाल हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली गई। इसमें विशाल यात्रा के अंतर्गत भव्य रूप में सजे सीता-राम, लक्ष्मण, हनुमान की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। इस्कॉन के युवा कलाकारों का नृत्य प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक और रंगोली का कार्यक्रम भी किया गया। यह संकीर्तन यात्रा दोपहर 3 बजे से मदर डेरी बूथ जे ब्लॉक पालम विहार से आरंभ हुई। आसपास के बाजार एवं सोसाइटीज के बाहर से निकलते हुए यात्रा ने मां दुर्गा मंदिर, डीपीएस जी स्कूल के सामने पालम विहार पर विश्राम किया। इस्कॉन द्वारका के अध्यक्ष प्रद्युम्न प्रिय दास सहित दिल्ली एनसीआर के कई अन्य वरिष्ठ भक्त एवं प्रचारक जैसे अमोघ लीला दास एवं प्रशांत मुकुंद दास आदि ने भी इसमें हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त देश-विदेशों से आए कुछ भक्तगण भी शोभा यात्रा में सम्मिलित हुए।



**इस्कॉन द्वारका की ओर से दिल्ली में विशेष आयोजन**

# अंतरराष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन की शुरुआत आज से

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। 35वां अंतरराष्ट्रीय मानव एकता सम्मेलन 4 से 6 फरवरी तक कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में इस वर्ष इस सम्मेलन में प्रेम, मानव एकता और विश्व शांति के सिद्धांतों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। अनेक धर्मों के प्रमुख और विश्व के विभिन्न देशों से आए अनेक प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेकर एक-दूसरे के विचारों को समझते हुए मानव एकता के उद्देश्य को पाने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान विश्व शांति और मानव एकता पर सेमिनार, प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिक कार्यशालाओं के आयोजन के अलावा मुफ्त मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश-विदेश से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष फरवरी के महीने में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज 1894-1974 के जीवन को याद करते हुए 6 फरवरी को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आंतरिक शांति, एकता और करूणा विषय पर अपना प्रभावशाली संदेश दिया।



# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

पांचो जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम कराए जाएंगे, विजयनगर जोन में 4, सिटी जोन में 5, मोहन नगर जोन में 8, वसुंधरा में 8, तथा कवि नगर जोन के अंतर्गत 3 कार्यक्रम होंगे।

विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त

## सुपरनोवा कंपनी के निदेशक समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। गोल लोहे की सीढ़ी गिरने से सुपरवाइजर के घायल होने के मामले में सुपरनोवा कंपनी के निदेशक, मैनेजर और ठेकेदार समेत चार लोगों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस घायल सुपरवाइजर की पत्नी ने दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि आरोपियों की लापरवाही की वजह से उसके पति दुर्घटना का शिकार होकर अपंग हो गए हैं। सेक्टर-37 निवासी प्रीति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति सुभाष कुमार सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। कुछ समय पहले ड्यूटी के दौरान कंपनी के बेसमेंट में लोहे की सीढ़ी से नीचे गिरने के कारण सुभाष की रीढ़ की हड्डी, चार पसलियां और एक बाजू टूट गई। हादसे के बाद घायल सुपरवाइजर के साथियों ने उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल को दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। लंबे समय से घायल का वहीं से उपचार चल रहा है। रीढ़ की हड्डी टूटने के कारण सुभाष के कमर के नीचे का हिस्सा बिल्कुल भी काम नहीं कर रहा है। शिकायतकर्ता महिला का यह भी आरोप है कि दुर्घटना होने के बाद कंपनी के निदेशक अजीत और धीरज, मैनेजर फिरोज अहमद व ठेकेदार सुरेश मौर्य ने उसके पति की कोई खबर नहीं ली और ना ही पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक सहायता दी। इस हादसे में पति के अपंग होने के कारण उसका परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है। कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के उपाय नहीं किए गए थे। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद जो भी बात सामने आएगी उसी के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों से जल्द पूछताछ करने की बात भी कही गई है।

- **सुपरवाइजर के अपंग होने की वजह से पत्नी ने कराया मुकदमा**
- **न कभी देखने आए न मिली आर्थिक मदद**



## डीएम ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की ली क्लास

**नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम गेझा स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएम ने बच्चों की क्लास ली उनको पढ़ाया। वहीं शिक्षिकों को ऐसे बच्चों को जागरुक करने के लिए कहा जिनके बच्चे स्कूल नहीं आ रहे है। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य व अध्यापकों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच की। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए। जो बच्चा नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहा है, अध्यापक स्कूल के बाद ऐसे बच्चों के घर जाकर फीडबैक ले। उनके अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। विद्यालय में साफ सफाई एवं शिक्षा की गुणवत्ता व अवकाश संबंधी नियमों का अनुपालन किये जाने एवं स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर यशपाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



- **शिक्षा गुणवत्ता मिली संतोषजनक, स्कूल नहीं आने वाले छात्रों के घर जाए अध्यापक**

## सुनवाई में उपस्थित नहीं होने सुनाया जाएगा एक तरफा फैसला

**नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र रेरा ने गौतम बुद्ध नगर व गाजियाबाद जनपदों में स्थित बायर्स की 40 शिकायतों में प्रमोटर्स को विभिन्न तिथियों में उपस्थित रहने व अपना पक्ष रखने का आदेश दिया है। ये प्रामोर्टस के लिए अंतिम मौका होगा। सुनवाई में उपस्थित न होने से शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान नहीं हो पाता है। साथ ही उनकी सुनवाई अगली तिथि के लिए निर्धारित करनी पड़ती है। जो रेरा अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत एवं आवंटी या अन्य हिस्सेदारों के हितों के प्रतिकूल है। रेरा ने सूची को जारी करते हुए कहा कि इसमें 13 शिकायत एसजेपी ग्लोबल लिमिटेड की, 4 शिकायतें सारे सामग रियलिटी प्रालि, 3-3 शिकायतें अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड व वर्धमान एस्टेट एंड डेवलपर्स प्रा लि की, 2-2 शिकायत पैरी डेवलपर्स प्रालि. व अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन प्रालि की और 1-1 शिकायत सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स लिमिटेड, गार्डेनिया इंडिया लिमिटेड, एक्स्प्रेस बिल्डर्स एंड प्रोमोटर्स लिमिटेड, वर्धमान इंफ्रा डेवलपर्स प्रालि, क्वालिटी टाउनशिप प्रालि, जेएम हाउसिंग प्रालि, रेडिकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड हाउसिंग प्रालि, जियोटेक प्रमोटर्स प्रालि, साधना एंटरप्राइजेज, ब्लेसिंग्स होम्स प्रालि, थ्रीसी प्रॉपर्टीज प्रा लि व अन्य की है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुड़ने के लिए पक्षकारों को नियत सुनवाई तिथि से 2 दिन पहले रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज दिया जाएगा। जिसपर क्लिक करके पक्षकार किसी भी स्थान से सुनवाई में जुड़ सकते है। बता दे रेरा ई-कोर्ट मॉडल के अनुरूप घर खरीदारों के शिकायतों की सुनवाई ऑनलाइन माध्यम से कर रहा हैं। जिसमे किसी भी पक्ष को उप्र रेरा के कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। यदि प्रोमोटर इस सार्वजनिक सूचना के बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते है। तो रेरा अधिनियम के प्रावधानों के तहत पीठों द्वारा आवंटियों के हितों का ध्यान रखते हुए एक तरफा फैसला दे दिया जाएगा।

- **40 शिकायतों में प्रमोटर्स को ऑनलाइन जुड़ने का आदेश**
- **रेरा ने कहा ये आपके लिए अंतिम मौका**

## सार संक्षेप

### जापानी कंपनी ने किया एमिटी का दौरा



**नोएडा।** जापान के सेकिशो कारपोरेशन के अध्यक्ष मेसाकी सेकी के नेतृत्व में जापान के सरकारी व इबाराकी प्रांत के प्रतिनिधियों ने आज एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया। इसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर देना। इस भ्रमण से दोनों संगठनों के मध्य संबंध और मजबूत होंगे। यह पहली बार था कि जब इबाराकी प्रान्त के प्रतिनिधिमंडल ने किसी भारतीय विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस मौके पर एमिटी टेक्निकल प्लेसमेंट सेंटर द्वारा यहां जापानी कंपनी जॉब फेयर का भी आयोजन किया गया। जिसमें जापान की 4 कंपनियां सेकिशों कोरपोरेशन, सेकिशों इंजिनियरिंग, कुराकावा कंपनी लिमिटेड, निट्टो इलेक्ट्रिक कंपनियां शामिल हुई। जापान के सेकिशो कारपोरेशन के अध्यक्ष मेसाकी सेकी ने कहा कि जापान का इबाराकी प्रान्त अधिक से अधिक भारतीयों को अपने कार्यबल का हिस्सा बनाने के लिए बहुत उत्सुक है क्योंकि भारतीयों में अपार क्षमता असाधारण गुण है।

### विद्यासागर मिश्रा बने डीसीपी नोएडा

**नोएडा।** विद्यासागर मिश्रा को डीसीपी नोएडा बनाया गया है। पूर्व में तैनात रहे डीसीपी हरीश चंदर का तबादला अपर पुलिस आयुक्त कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने विद्यासागर मिश्रा को जोन वन की जिम्मेदारी सौंपी है। डीसीपी हरीश चंदर को शुक्रवार रात को रिलीव कर दिया गया। शनिवार सुबह विद्यासागर मिश्रा को डीसीपी का चार्ज दिया गया है। नवनियुक्त डीसीपी ने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना और महिला अपराधों में कमी लाना उनकी प्राथमिकता में है।

### फ्लैट बेचने के मामले में महिला समेत चार पर केस दर्ज

**नोएडा।** फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर फ्लैट बेचने के मामले में दो भाइयों ने अपनी बहन समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-50 स्थित अंतरिक्ष ग्रीन्स सोसाइटी निवासी रिटायर्ड कर्नल भानूप्रीत सिंह ने बताया कि उनके भाई हरप्रीत सिंह सैनी एक प्राइवेट कंपनी में सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता के पिता सेवानिवृत्त कर्नल एसएस सैनी का निधन सितंबर 2018 में हुआ था। पिता के पास दो फ्लैट थे। उनके निधन के बाद दोनों भाई, माता इंदरजीत सैनी के साथ सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में रहने लगे। आरोप है कि शिकायतकर्ता की तलाकशुदा बहन ज्योति सैनी भी इसी अपार्टमेंट में दूसरे फ्लैट में रह रहने लगीं। दोनों भाईयों का आरोप है कि बहन ज्योति सैनी ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर दूसरे फ्लैट को अपने नाम पर म्यूटेट करा लिया, जबकि उस फ्लैट में दोनों भाईयों की भी हिस्सेदारी है। आरोप है कि दोनों भाईयों के फर्जी हस्ताक्षर के जरिये वर्ष 2023 में फ्लैट बेच दिया। ज्योति की इस योजना में अनीता डैनियल, अनीश डैनियल और अनुभा डैनियल की भी भागीदारी रही। चारों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में नामजद आरोपियों से जल्द ही पूछताछ की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## किसान आंदोलन के समर्थन में आए पूर्व आईपीएस व उनकी पत्नी

**नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। किसानों पर अत्याचार व बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आजाद अधिकार सेना पार्टी एफआईआर दर्ज कराकर उन पर कानूनी कार्रवाई कराएगी। यह ऐलान उत्तर प्रदेश के चर्चित आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर की धर्मपत्नी व आजाद अधिकार सेना पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डा. नूतन ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि नोएडा के 81 गांव के किसान पिछले 51 दिनों से अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के बाद पुलिस ने उनके गांव में घुसकर बर्बरतापूर्ण कार्यवाही की। पुलिस की इस कार्रवाई को कई महिलाओं ने वीडियो भी उन्हें दिखाए। आजाद अधिकार सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर आज नोएडा प्राधिकरण व एनटीपीसी में पिछले 54 दिनों से धरने पर बैठे किसानों से मुलाकात की व उनके आंदोलन को पूरा समर्थन देने की का ऐलान किया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भाजपा किसानों व मजदूरों का शोषण कर रही है। उनके वाजिब हक मांगने पर भी उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। नोएडा एनटीपीसी में पिछले 50 दिनों से ज्यादा शांतिपूर्ण तरीके से किसान धरना दे रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण उनकी एक भी मांग पूरी नहीं कर रहा है।

अपनी जमीन गंवाने के बाद किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसानों के शोषण को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। अमिताभ ठाकुर ने ऐलान किया कि वह 8 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच को पूरी तरीके से समर्थन देंगे। इससे पूर्व अमिताभ ठाकुर व डॉक्टर नूतन ठाकुर ने एनटीपीसी , नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और उन्होंने भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर पहलवान से मुलाकात की।



## ठेकेदार की लापरवाही से जलकल विभाग पर नगर आयुक्त हुए सख्त

**गाजियाबाद,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। जनहित में गाजियाबाद नगर निगम लगातार विकास कार्यों पर तेजी से काम कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा शहर में चल रहे सभी कार्यों की गहनता से मॉनिटरिंग भी की जा रही है, चल रहे कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी शहर वासियों को ना हो इस बात का नगरायुक्त विशेष ध्यान रख रहे हैं। इसी क्रम में देखने में आया है कि कवि नगर जोन के बयान गांव, वार्ड संख्या 24 में लगभग 6 किलोमीटर क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन जोड़ने का कार्य तेजी से चल रहा है जिसमें आरसीसी की बनी रोड को कटिंग कर पानी की पाइपलाइन डाली जा रही है, जिसमें लगभग 200 मीटर पर रेस्टोरेशन के कार्य में लापरवाही की सूचना नगर आयुक्त को मिली जिस पर सख्त निर्देश जलकल विभाग की टीम को दिए गए तथा महाप्रबंधक जल द्वारा मौके पर तत्काल निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता पूर्वक रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ कराया गया, नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग गहनता रही है जो की सराहनीय है। महाप्रबंधक जल के पी आनंद ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कवि नगर जोन के अंतर्गत बयाना गांव में पानी की पाइपलाइन डाली जा रही है। वार्ड संख्या 24 के निवासियों को जलापूर्ति बेहतर तरीके से की जाए इसका प्रयास किया जा रहा है। महावीर कंस्ट्रक्शन ठेकेदार द्वारा कार्य किया गया जिसमें रेस्टोरेशन का कार्य भी कराया जा रहा था जिसमें लगभग 200 मी में प्लांट न लगने के कारण मैन्युअल कार्य किया गया तथा कंक्रीट का मसाला नहीं डाला जा रहा था जिसकी सूचना नगर आयुक्त को प्राप्त हुई, तथा उनके द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में तत्काल मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया गया कार्य को रुकवा कर प्लांट लगाने की निर्देश दिए गए था 2 इंच के स्थान पर 6 इंच कंक्रीट के मसाले से रेस्टोरेशन करने के लिए कहा गया तथा कार्य प्रारंभ कराया गया जिससे वहां के क्षेत्रवासि भी संतुष्ट हुए, गुणवत्ता में ध्यान न रखते हुए लापरवाही के चलते संबंधित ठेकेदार तथा फर्म को नोटिस भी जारी किया गया है।

- **जी.एम.जल ने कराया मौके पर समस्या का समाधान, फर्म को जारी किया नोटिस**
- **रेस्टोरेशन में गुणवत्ता के साथ-साथ समय सीमा पर भी महाप्रबंधक जल दे ध्यान : नगर आयुक्त**



## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध रोस्टर के अनुसार निगम चला रहा है अभियान

**गाजियाबाद,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम की प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसमें रोस्टर के अनुसार गाजियाबाद नगर निगम सभी जोन में अभियान के रूप में कार्रवाई कर रहा है। सोमवार तथा मंगलवार को मोहन नगर जोन में, बुधवार को वसुंधरा जोन में, गुरुवार को कवि नगर, शुक्रवार को सिटि जोंन, तथा शनिवार को विजयनगर जोन के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है, पॉलिथीन जप्त कर सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर जुर्माना भी किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए न केवल विशेष टीम बनाई हुई है बल्कि विशेष दिनों में विशेष कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए हुए हैं, शहर में जन जागरूकता अभियान भी स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा चलाया जा रहा है काफी हद तक प्रतिबंधित प्लास्टिक पर रोक भी लगी है विजयनगर जोन के अंतर्गत बाजारों में पॉलिथीन जप्त की गई तथा जुर्माना भी वसूला गया दुकानदारों के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा था जिसको स्वास्थ्य तथा संबंधित टीम ने जाकर अभियान चलाया जिसके क्रम में 11 किलो पॉलिथीन जप्त की तथा 31000 का जुर्माना किया, गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग कई सामाजिक संस्थाएं भी कर रही है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : गाजियाबाद नगर निगम करेगा 28 कार्यक्रम

**गाजियाबाद,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत पुन: विकसित भारत संकल्प यात्रा के 28 कार्यक्रम होंगे जिसके लिए निगम अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। कार्यक्रम 5 फरवरी 2024 से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक रहेंगे। सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का छूटे हुए पात्रों को फिर से अवसर मिलेगा, शहर के पांचो जोन में अलग-अलग दिनांक में कार्यक्रम शुरू होंगे। जिसके लिए अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को नोडल प्रभारी बनाया गया तथा जोनल प्रभारी की देखरेख में भव्यता से कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि पांचो जोन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम कराए जाएंगे, विजयनगर जोन में 4, सिटी जोन में 5, मोहन नगर जोन में 8, वसुंधरा में 8, तथा कवि नगर जोन के अंतर्गत 3 कार्यक्रम होंगे।

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों में 29754 लाभार्थियों ने योजनाओं का लाभ लिया, पुन: आयोजित कार्यक्रमों में शहर वासी अधिक से अधिक भारत सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले, जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्रवाई को प्रारंभ कर रहा है।



## रिश्वत के साथ रंगे हाथों पकड़े गए सीमा शुल्क के पूर्व उपयुक्त समेत तीन को चार साल की सजा

**गाजियाबाद,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को सीमा शुल्क के पूर्व उपायुक्त सहित चार लोगों को चार-चार साल के कारावास व आठ लाख रुपए के जुर्माने तथा एक महिला को दो साल के कारावास व चार लाख के जुर्माने की सज़ा सुनाई है। सीबीआई ने इन्हें पांच लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि सीबीआई ने शशि कांत(तत्कालीन उप आयुक्त (सीमा शुल्क), नरेन्द्र कुमार चुग एवं सतीश गुप्ता (मध्यस्थ व्यक्ति) तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दिनांक 29 नवम्बर 2013 को मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि नरेंद्र कुमार चुग ने आईसीडी, दादरी, गौतम बुद्ध नगर, यूपी में सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त की गई अपनी कंपनी के टायरों की खेप को जारी करने के लिए मध्यस्थ व्यक्ति सतीश गुप्ता से संपर्क किया। यह भी आरोप था कि सतीश गुप्ता ने कंपनी की जब्त की गई खेप को पक्ष लेते हुए निर्गत करने के लिए मंजूरी दिलाने के लिए शशिकांत से आईसीडी दादरी से संपर्क किया। इस शशि कांत ने पक्षपात करने के लिए नरेंद्र कुमार चुघ से 5 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की।

सीबीआई ने जाल बिछाया एवं नरेंद्र कुमार चुघ को लोक सेवक की ओर से श्वेता को उनके नोएडा स्थित आवास पर को रिश्वत के तौर पर पांच लाख रुपए देते हुए पकड़ लिया।

आरोपियों के आवासीय एवं कार्यालयी परिसरों में तलाशी ली गई। आरोपी शशि कांत, नरेंद्र कुमार चुग एवं सतीश गुप्ता को गिरफ्तार किया गया तथा बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि 29 जनवरी 2014 को आरोप पत्र दायर किया गया। विचारण के दौरान, सीबीआई ने अदालत के समक्ष कई दस्तावेजों के साथ अभियोजन पक्ष के 31 गवाहों का हवाला दिया। आज मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने शशि कांत, नरेंद्र कुमार चुघ, मैसर्स अबान ए शुल्क नवक्ज़िम प्राइवेट लिमिटेड के तत्कालीन मुख्य प्रोत्साहक (निजी व्यक्ति) को 4 वर्ष की कारावास के साथ 8 लाख रु. का जुर्माना एवं श्री सतीश गुप्ता, (मध्यस्थ व्यक्ति) को 4 वर्ष की कारावास के साथ 8 लाख रु. के जुर्माने की सजा तथा शशिकांत की पत्नी श्वेता को 2 वर्ष की कारवास के साथ 4 लाख रुपए का जुर्माने की सज़ा सुनाई।

## बोर्ड में रखा जाएगा ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का प्रस्ताव

**नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। मेट्रो के ग्रेटरनोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। डीएनआरसी की ओर से नई डीपीआर तैयार की जा रही है। इसे आगामी बोर्ड में रखा जाएगा। यहां से अप्रूवल के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा। नए रूट में मेट्रो के अलाइनमेंट में बदलाव किया गया है। इसे अब सेक्टर-61 मेट्रो स्टेशन से लेकर जाएंगे। स्टेशन पर बोटेनिकल गार्डन की तरह ही कॉमन स्टेशन पर दो प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। पहला ब्लू लाइन के लिए है जो वर्तमान में चल रहा है दूसरा एक्वा लाइन के होगा। इससे मुसाफिरों को स्टेशन से बाहर नहीं आना होगा।

- **कॉमन स्टेशन और नए एलाइनमेंट के साथ तैयार की जा रही डीपीआर,**
- **बढ़ेगी लागत, 5 लाख मुसाफिर को फायदा**

नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन के एमडी लोकेश एम ने बताया कि हम जल्द ही एक ऐसा कार्ड लेकर आ रहे है जो डीएमआरसी और एनएमआरसी में यात्रा करने के लिए कॉमन कार्ड होगा। इससे मुसाफिरों को एक्वा और ब्लू लाइन के लिए अलग से कार्ड या टोकन नहीं लेना होगा। नए एलाइमेंट से 2.5 किमी रूट और लंबा होगा। 2 से 3 मेट्रो स्टेशन और बनेंगे। अब इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है जिसे बार्ड में पास कर शासन को भेजा जाएगा।



### पहले और अब में क्या होगा अंतर इसे समझे

एक्वा लाइन एक्सटेंशन में ग्रेनो वेस्ट के लिए मेट्रो के रूट की डीपीआर पहले से तैयार है। डीपीआर में सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक का रूट प्रस्तावित है, जिसमें 5 स्टेशन हैं। इनमें नोएडा में सेक्टर-122 और सेक्टर-123 जबकि ग्रेनो वेस्ट के क्षेत्र में सेक्टर-4, ईकोटेक-12 और सेक्टर-2 की लोकेशन चिह्नित है। इस कॉरिडोर की लंबाई 9.605 किमी होगी। दूसरे चरण में यहां से नॉलेज पार्क-5 तक रूट है। इस डीपीआर को यूपी सरकार से लेकर पीआईबी तक की मंजूरी मिल चुकी है।

केंद्र में कैबिनेट से मंजूरी मिलनी बाकी बची थी। कैबिनेट नोट तैयार होने की प्रक्रिया में मंत्रालय स्तर पर ब्लू लाइन से कनेक्टिविटी न होने का सवाल उठा दिया गया। इस पर एनएमआरसी ने ब्लू लाइन के सेक्टर-52 से एक्वा लाइन के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के बीच स्काईवॉक प्रोजेक्ट की जानकारी दी, लेकिन मंत्रालय सहमत नहीं हुआ। इसलिए अब नए एलाइनमेंट के साथ डीपीआर तैयार की जा रही है। इस नई डीपीआर में ग्रेनो वेस्ट लाइन को सेक्टर-61 के ब्लू लाइन स्टेशन से सीधे जोड़ते हुए नॉलेज पार्क-5 तक ले जाना है।

जिसमें सेक्टर-61 को कॉमन स्टेशन या जंक्शन बनाया जाएगा। यानी सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से मेट्रो रूट निकाल कर ब्लू लाइन के सेक्टर-61 स्टेशन को जोड़ फिर सेक्टर-71 से सेक्टर-122 की तरफ निकालने को लेकर तैयारी है। इस स्टडी को लेकर एनएमआरसी अपनी सहमति दे चुका है। इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है।

### पुरानी योजना में बजट में किया गया बदलाव अब बढ़ने के आसार

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना साल 2016 में 14.958 किमी लंबे रूट को बनाने के लिए 2682 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था। मेट्रो पॉलिसी 2017 के तहत इसका दोबारा से मूल्यांकन किया गया और बजट को घटाकर 2455.7 करोड़ रुपए कर दिया गया। वहीं पीआईबी ने परियोजना के खर्च में 258.21 करोड़ रुपए और कम कर दिया। इस तरह ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के निर्माण में 2197.49 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे। नए एलाइनमेंट में दो स्टेशन बढ़ेंगे। रूट भी करीब 2.5 किमी ज्यादा होगा। इसलिए बजट भी बढ़ेगा।

### 5 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

इस योजना से ग्रेनो वेस्ट में बन चुके लाखों फ्लैट में रहने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। वर्तमान में वहां कोई लोकल ट्रांसपोर्ट सिस्टम नहीं है। इसके अलावा लगातार नई सोसाइटी का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में यहां नोएडा, ग्रेटरनोएडा और दिल्ली जाने वाले करीब 5 लाख लोगों को इस रूट का फायदा होगा।

### इन नए रूटों पर शासन की मंजूरी का इंतजार

सेक्टर-142 से बोटेनिकल गार्डन मेट्रो इसकी डीपीआर बोर्ड से अप्रूव होकर शासन को भेजी जा चुकी है।

मेट्रो डिपो से बोडाकी तक की डीपीआर भी शासन के पास भेजी जा चुकी है।

उवाच

किसान सभा की लड़ाई आर पार की है किसानों को हक दिलाकर ही दम लेंगे किसान सभा के उपाध्यक्ष अजब सिंह नेता ने कहा सैकड़ो की संख्या में हर गांव से किसान महापंचायत में शामिल होंगे आंदोलन के 21 मुद्दों में 19 मुद्दे प्राधिकरण स्तर पर तय होने हैं जिनमें कुछ मुद्दों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

जगबीर नंबरदार, किसान सभा महासचिव



# किसानों की फसल खुर्द बुर्द कर निर्माण किए जाने पर किया विरोध

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। किसानों की फसल को खुर्द बुर्द कर निर्माण कार्य शुरू किए जाने का अंसल बिल्डर और सर्वोत्तम बिल्डर तथा बुलंदशहर विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों ने पुर जोर विरोध कर निर्माण कार्य रूकवाया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किसानों और बिल्डर के बीच ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर वर्ष 2013 में हुए समझौते के आधार पर सीईओ बुलंदशहर विकास प्राधिकरण से फोन पर बात की और जल्द ही सभी पक्षों की वार्ता कराकर किसानों की मांगों को पूरा कराने का भरोसा दिया।

■ अंसल और सर्वोत्तम बिल्डर ने किसानों की फसल पर चलाया बुलडोजर



संयुक्त किसान मोर्चा (भूमि अधिकार) के आह्वान पर पिछले 108 दिनों से ग्रेटर नोएडा के रामगढ़ और बील अकबरपुर गांव में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए किसानों ने सर्वोत्तम बिल्डर द्वारा किसानों की फसलों को उजाड़कर निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की कार्रवाई शुरू किए जाने का पर जोर विरोध किया, मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीनों को खेतों से बाहर कराकर निर्माण कार्य रूकवाया, उधर किसान नेता सुनील फौजी एडवोकेट के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने सदर तहसील में तहसील दिवस पर सुनवाई करने आए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से अर्जेंट मुलाकात कर बिल्डर की वादाखिलाफी से किसानों को हो रही पीड़ा से अवगत कराया, डीएम ने सीईओ बुलंदशहर प्राधिकरण से फोन पर बात कर किसानों की मांगों के संदर्भ में जल्द ही सभी पक्षों की वार्ता कराकर समाधान कराने का भरोसा दिया इस मौके पर पंचायत को जय जवान जय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक सुनील फौजी एडवोकेट, बाबा विजयपाल भाटी बील, सुरेश मास्टर जी पल्ला, यशपाल बीडीसी., बीर सिंह भाटी उर्फ लाला चेयरमैन, देवेंद्र भाटी भोगपुर, ध्यान सिंह फौजी चिटहैरा तथा भाकियू कृषक शक्ति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी और बेरोजगार किसान सभा की ओर से संगठन के प्रवक्ता विजयपाल भाटी एडवोकेट एवं किसान सभा की ओर से युवा नेता रणपाल बैसोया आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर डॉक्टर अरविन्द नागर, संजय नेता जी बोडाकी, सूबेदार जगदीश, शीशपाल प्रधान बील, भीम सिंह भाटी, मीना चौधरी रामगढ़, शीला भाटी भोगपुर आदि सहित बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण पर धरनारत किसानों ने केंद्रीय बजट की प्रतियां जलाकर विरोध प्रकट किया

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान सभा के धरने का शनिवार पांचवां दिन रात धरना जारी रहा। धरने की अध्यक्षता पप्पू ठेकेदार ने की धरने का संचालन सतीश यादव ने किया। धरने पर स्थित सैकड़ो महिला पुरुष किसानों ने मिलकर केंद्र सरकार के किसान विरोधी बजट की प्रतियां जलाई किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का 1 फरवरी को पेश बजट किसान विरोधी है जहां केंद्र सरकार ने पूंजीपतियों के 1050 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं वही किसान कर्ज के कारण आत्महत्या करने को मजबूर हैं किसानों को खाद और डीजल बिजली महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है जिससे खेती घाटे की वजह बन गई है। किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा 10 फीसदी आबादी प्लाट और नए कानून को लागू करने की मांग को लेकर यह दूसरे चरण का आंदोलन है पूरे जिले के किसान मिलकर 7 तारीख को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर महापंचायत का आयोजन कर रहे हैं और 8 तारीख को संसद का मार्च करेंगे।

■ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों का पांच दिनों से चल रहा दिन-रात धरना

किसान सभा के महासचिव जगबीर नंबरदार ने कहा किसान सभा की लड़ाई आर पार की है किसानों को हक दिलाकर ही दम लेंगे किसान सभा के उपाध्यक्ष अजब सिंह नेता ने कहा सैकड़ो की संख्या में हर गांव से किसान महापंचायत में शामिल होंगे आंदोलन के 21 मुद्दों में 19 मुद्दे प्राधिकरण स्तर पर तय होने हैं जिनमें कुछ मुद्दों पर प्राधिकरण ने कार्रवाई भी शुरू कर दी है। धरना प्रदर्शन में नितिन चौहान, धीरज भाटी, बच्चन भाटी, अजय पाल भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, नीरज शर्मा, बाबा संतराम, इंद्रजीत भाटी, गवरी मुखिया, सुरेश यादव, सतीश यादव, सुरेंद्र यादव, मोहित नागर, प्रशांत भाटी, जितेंद्र मैनेजर, रीना देवी, तिलक देवी, राजेश देवी, रईसा बेगम, कमलेश देवी, पूनम देवी, मनवीर भाटी खानपुर, सुशील सुनपुरा, मुकेश खेड़ी, यतेंद्र, खुशी चेची, अंकित यादव, देशराज चौहान, डॉक्टर ओम प्रकाश, यतेंद्र भाटी एवं बड़ी संख्या में महिला पुरुष किसान उपस्थित रहे।



# आईआईए की गोष्ठी में एमएसएमई की योजनाओं पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर कार्यालय में इस माह की मंथन ब्रेकफास्ट



गोष्ठी आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि अनिल कुमार, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र एवं सरजू राम शर्मा एडिशनल कमिश्नर श्रम विभाग गौतमबुद्ध नगर शामिल हुए। अनिल कुमार के आगमन पर सभी के साथ चेयरमैन राकेश बंसल ने अनिल का स्वागत किया। अनिल कुमार ने राज्य एवं केंद्र स्तर पर एमएसएमई की कौन कौन सी योजनाएं अभी चल रहीं हैं और भविष्य में जो योजनाएं संभावित हैं उनके बारे में विस्तार से बताया। सरजू राम शर्मा की आज्ञा से असिस्टेंट लेबर कमिश्नर सुभाष यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी को मतदान करने हेतु एक शपथ दिलवाई। उसके बाद सरजू राम शर्मा ने विस्तार से उद्योग के हित में लेबर वेलफेयर की जो भी योजनाएं शासन स्तर पर चल रही हैं जिनमें कंप्लायंस के इश्यू हैं, जिनका डिजिटलाइजेशन हो चुका है और जो भी इस प्रक्रिया में हैं, सभी पर विस्तार से समझाया। सदस्यों ने भी कई मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। अंत में सरबजीत सिंह ने सभी अतिथियों एवं उद्यमी सदस्यों का धन्यवाद किया। राष्ट्रगान के साथ गोष्ठी का सम्मान हुआ। इस गोष्ठी में चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल, राष्टीय सचिव विशारद गौतम, सचिव सरबजीत सिंह, जेड रहमान, जे.एस. राणा, अश्वनी महेंद्र आदि 55 से अधिक गणों ने प्रतिभाग किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 162 में से आठ शिकायतों का हुआ निस्तारण




**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें तीनों तहसीलों में कुल 162 शिकायतें दर्ज हुई और 8 शिकायतों मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। जिसमें कुल 15 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसमें से अधिकारियों के माध्यम से 1 शिकायत का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण कराएं, ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। जिलाधिकारी ने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र व पंजिका का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जन सामान्य प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर अपने वोट की पुष्टि कर सकें। उन्होंने बताया कि ईवीएम प्रदर्शन केंद्र के द्वारा मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का उपयोग करके मतदान करने के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान कुल-103 शिकायतें सुनी गई, जिसमें 5 शिकायतों का निराकरण हुआ, जेवर में कुल-44 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# विद्यार्थियों को दी गई नए एकीकृत शिक्षक शिक्षा की जानकारी



**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कालेज, बुलंदशहर एवं राजकीय इंटर कॉलेज, हापुड़ के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचे। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान के साथ साथ राज्य के भीतर महत्वपूर्ण उच्च शैक्षिक संस्थाओं की अध्ययन यात्रा पर ले जाना था। विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में संचालित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बताया कि यह चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है। विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तीनों स्ट्रीम में क्रमशः बीए-बीएड, बीएससी-बीएड और बीकॉम-बीएड कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिन विद्यार्थियों का रुझान शारीरिक शिक्षा एवं खेलों की तरफहै उनके लिए बीपीएस कार्यक्रम भी उपलब्ध है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु यह जानकारी इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि जिन विद्यार्थियों की रुचि शिक्षक बनने में है उन्हें इन सभी कार्यक्रमों में प्रवेश कक्षा 12 के उपरांत मिलेगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, विभाग की प्रवक्ता डॉ. श्रुति कंवर, डॉ. वैशाली, डॉ. नीलिमा एवं संबंधित विद्यालयों के अध्यापकों की उपस्थिति में हुआ।

# हवन पूजन के साथ बारहवीं के बच्चों को दिया गया आशीर्वाद




**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। होली पब्लिक स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों की सफलता और सुंदर भविष्य हेतु ईश्वर के समक्ष हवन एवं इष्ट स्तुति के साथ किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने 12 वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मधुर गीत, जोशीले नृत्य और हास्य नाटिका के द्वारा उन पलों को रोमांच और उत्साह से भर दिया और 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा म्यूजिकल चेयर, बैलून बैलेंसिंग और फाइंड योर टास्क जैसे विभिन्न खेल खेले गए एवं अंत में शानदार रैंपवॉक किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या अंजू पुरी, समन्वयक सुनीता सिंह और मंजीत आर. यादव द्वारा उनकी उपलब्धि के लिए बहुमुखी खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या, समन्वयक एवं समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा निवर्तमान विद्यार्थियों को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

# प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान, कला व गणित के प्रतिभा को किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। रामाज्ञा वर्ल्ड स्कूल ने समर्पित छात्रों के साथ 'स्कूल प्रदर्शनी प्रेरणा' आयोजित की, जो साइंस टेक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग,आर्ट और मैथमेटिक्स भाषा के क्षेत्र में नए आयामों को साझा करने का मौका प्रदान करती है। इस आयोजन में डॉ. पी. चीना चावला, नवीन शर्मा, रिटायर्ड सीओ उत्तर प्रदेश पुलिस, मनीष भाटी (उपाध्यक्ष) आर.डब्लू.ए.डेल्टा-2 ने अपने मौजूदगी से इस प्रदर्शनी को विशेषता और महत्वपूर्णता दी। रामाज्ञा वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या, श्रेष्ठा त्रिपाठी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और उनके समर्पण के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। प्रदर्शनी ने छात्रों को साइंटिफिक और कलात्मक दृष्टिकोण से जोड़ने का अद्वितीय अवसर दिया, जिसमें अद्भुत परिणाम दिखाए। नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, कला, और गणित के क्षेत्र में छात्रों ने अपने नए



परियोजनाओं को गर्व से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी ने यह दिखाया कि शिक्षा को सीमित नहीं किया जा सकता है, बल्कि यह एक विशाल और समृद्धि भरा क्षेत्र है जो छात्रों को नई सोच और सृजनात्मक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। इस प्रदर्शनी ने स्कूल की उच्चतम गुणवत्ता और शिक्षा के क्षेत्र में नए मील के पत्थरों को स्पष्टता से प्रस्तुत किया है। छात्रों की उत्कृष्टता और सिद्धांतों के माध्यम से, इस प्रदर्शनी ने स्कूल परिवार को एक और गर्व की अनुभूति प्राप्त हुई।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:-0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# विदायी समारोह में बच्चों अच्छे नागरिक बनने के लिए किया गया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कौशल्या वर्ल्ड स्कूल में विद्यालय की ओर से सत्र 2023-24 के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कौशल्या वर्ल्ड स्कूल की चेयरपर्सन कुशल सिंह एवं कौशल्या वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या अंजलि मित्तल ने ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विदाई समारोह वोले हाट थीम पर आधारित था, जिसकी टैग लाइन थी फ्लाई हाई। कार्यक्रम की शुरुआत मनमोहक नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों से हुई। तत्पश्चात बारहवीं कक्षा के छात्रों ने ग्यारहवी कक्षा के छात्रों द्वारा संचालित अनेक रोमांचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशिका को मिस बेस्ट ड्रेस, लविश भाटी को मिस्टर बेस्ट ड्रेस, अविश को मिस्टर, ओबीडिएन्ट, खुशी जैन को मिस ओबीडिएन्ट, रचित सिंघल को मिस्टर वर्सटाइल और शगुन मावी को मिस वर्सटाइल के सम्मान से नवाजा गया। सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के रूप में जितेश निगम को मिस्टर कौशल्या और प्रिशा राय को मिस कौशल्या की उपाधि से नवाजा गया । इस मौके पर चेयरपर्सन कुशल सिंह ने सभी छात्रों को उनकी आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

■ बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, विजेताओं को किया गया सम्मानित



उन्होंने छात्रों के नाम अपने संदेश में कहा कि ये जीवन में चाहे कोई भी व्यवसाय चुने उससे लगन एवं ईमानदारी के साथ करें। प्रधानाचार्य अंजलि मित्तल ने छात्रों के नाम संदेश में कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य नागरिक बनकर राष्ट्र की सेवा कर सकता है।

# कैंसर के हैं कई कारण, समय पर पता चले तो इलाज है संभव : डॉ. ठकवानी

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। दुनियाभर में कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर लोगों को जागरूक और शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया। शारदा अस्पताल के कैंसर विभाग डायरेक्टर के डॉ. अनिल ठकवानी ने बताया कि कैंसर के कई प्रकार होते जैसे फेफड़े का कैंसर, स्तन, ग्रीवा, सिर, गर्दन और कोलोरेक्टल कैंसर हैं। प्रत्येक प्रकार के कैंसर को समझना जरूरी है कि यह कैसे शरीर को प्रभावित करता है तभी इससे बचाव कर सकते हैं। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक हो सकती है। आनुवंशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर जबकि पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है। कैंसर के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि यह शरीर के किस हिस्से में विकसित हो रहा है। मुख्यरूप से कैंसर के कारण थकान, अस्पष्टीकृत वजन कम होने की समस्या, त्वचा में परिवर्तन जैसे त्वचा का पीला या काला पड़ना, निगलने में कठिनाई, अस्पष्टीकृत रक्तस्राव की समस्या कैंसर का संकेत हो सकती है। अगर आपके शरीर में कहीं भी असामान्य तरीके से गांठ महसूस हो रही है तो इसकी समय रहते जांच जरूर कराएं। डॉ. ठकवानी ने बताया कि कैंसर, कोशिकाओं के भीतर डीएनए में परिवर्तन के कारण होता है, इसके लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। जीवनशैली की कुछ गड़बड़ आदतें जैसे धूम्रपान-शराब का सेवन, सूरज के अत्यधिक संपर्क में रहना, मोटापा और असुरक्षित यौन संबंध कैंसर के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। आनुवांशिकी भी कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को कैंसर रह चुका है, उनमें कैंसर होने का खतरा अधिक हो सकता है। समय पर अगर कैंसर का निदान हो जाए तो इसका उपचार और रोगी की जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। कैंसर के कई उपचार उपलब्ध हैं। कैंसर का प्रकार और अवस्था जैसी स्थितियों के आधार पर दवाओं, थेरेपी, सर्जरी के माध्यम से इसका इलाज किया जाता है। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों को कैंसर से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहना चाहिए। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है।



# वर्ल्ड कैंसर डे पर फोर्टिस ग्रेनो में लगेगा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। विश्व कैंसर दिवस पर रविवार को फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में सुबह 10-30 से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। स्क्रीनिंग कैंप में लोग नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग के लाभ के साथ ही ऑन्कोलॉजिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट से नि:शुल्क परामर्श प्राप्त भी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर ब्लड प्रेशर और शुगर की नि:शुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा शिविर में कैंसर की जांच के लिए विशेष पैकेज भी उपलब्ध होंगे। पुरुषों के लिए 999 रुपए में यूएसजी-एब्डोमन/केयूबी, सीबीसी, पीएसए और ऑन्कोलॉजिस्ट से परामर्श शामिल है। महिलाओं के लिए 1499 रुपए के पैकेज में यूएसजी-एब्डोमन, सीबीसी, सीए-125, ब्रेस्ट जांच और यूएसजी, ऑन्कोलॉजिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट से परामर्श शामिल है। फोर्टिस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि यह शिविर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने और समय पर बीमारियों का पता लगाने में मदद करेगा। खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का समय से पता लगाने के लिए नियमित जांच कराना बहुत जरूरी है।

कहानी

# चरखों की पंचायत



■ डॉ उमेश प्रताप वत्स

चल मेरे चरखे चकर-चूँ, गेल दहेज मै आया था क्यूँ।
या फिर....
ठाले री सखी पीढ़ा बतलावैंगे, सूत कातन नै चरखा चलावैंगे।

इस तरह के लोकगीत चरखों पर सूत कातते हुए हमारे घर की तरह ही गाँव के उन सब घरों में सामूहिक रुप से गूँजते रहते थे जहाँ घर के आँगन बड़े-बड़े होते थे या फिर आँगन में छायादार बकैण आदि के पेड़ हुआ करते थे।

मुझे याद है जब हमारे घर में ही पाँच चरखे हुआ करते थे। एक दादी का, एक माँ का, एक ताई का तो एक भाभी का और एक मेरी बड़ी बहन चलाती थी। फिर पड़ोस की चाची, ताई और लड़कियाँ भी दोपहर के खाने के बाद घर का चलूहा-चौका निपटाकर अपने-अपने चरखे सिर पर उठाए हमारे घर आकर दालान में इकट्ठी हो जाती थी। चरखे सिर पर रखे होते हुए भी उनकी बातें चलती रहती थी । फिर जब वे चरखे नीचे रखकर अपने-अपने पीढ़े पर बैठ जाती तो माँ सबको पानी-वानी पिलाती और फिर शुरु हो जाती चरखों की चकर-चूँ, चकर-चूँ। इधर चरखे का पहिया चलता उधर बिना किसी झिझक, रोक-टोक के सबकी जुबान चलती। जब बातें करते हुए बहुत देर हो जाती तो किसी भी बात पर खिलखिलाकर हंसने लगती। दोपहर की धूप कम होने के बाद सारी पड़ोसने हमारे बड़े से आंगन में बकैण के नीचे छाया में चरखा रखकर अपनी पहले से ही निश्चित की गई जगह पर कब्जा करके बैठ जाती। एक ओर चरखें चकर-चूँ, चकर-चूँ करते तो इनकी चकर चूँ के साथ-साथ सभी महिलाएं मिलकर लोकगीत की मधुर लय से सारे आँगन में मधुरता का रस सा घोल देती और जब एक के बाद एक गीत गाते-गाते थक जाती तो फिर शुरु हो जाती थी चरखों की पंचायत, जिसमें गाँवभर की खट्टी-मीठी, अच्छी-बुरी और राजी-खुशी सभी प्रकार की बातें चलती। कुछ महिलाएं बोलने में बहुत वाकपटु थी तो कुछ हगूँरे देने में ही उस्ताद। उनकी आवाज बाहर गली से गुजरते लोंगो तक भी यह संदेश पहुँचा देती कि पटवारी के घर में चरखों की पंचायत शुरु हो गई है।

अक्सर गाँव में सभी घरों में रिवाज सा था कि बच्चों को नाश्ता-पानी करवाकर पाठशाला भेज दिया जाता और फिर दोपहर का खाना तैयार कर सबको परोसा जाता, खाना खाकर घर के आदमी तो बैठक या चौपाल में चले जाते और औरतें घर का सारा चुल्हे-चौके का काम निपटाकर कल वाली बात को पूरा करने के लिए आतुर हो चरखों की पंचायत का बेसब्री से इन्तजार करती।

चरखे को समाज में सम्मानित स्थान दिलाने वाले महात्मा गाँधी ने भी नहीं सोचा होगा कि एक दिन यह चरखा हिन्दुस्तान के गाँव-गाँव में महिलाओं की पंचायत के लिए सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरेगा। यह पंचायत लोकगीतों के माध्यम से मनोरंजन और सामूहिक चर्चा के माध्यम से ज्ञान का बहुत बड़ा भंडार भी थी। यह भी कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि कई बार इन्हीं चरखों की पंचायत में भविष्य गढ़ने का सकारात्मक मार्ग भी निकलकर आता था।

चरखों की यह पंचायत मात्र सूत कातने तक सीमिन न होकर आर्थिक स्वालंबन का माध्यम भी थी। हर बुधवार सभी महिलाएँ सप्ताह भर का सूत इकट्ठा कर एक साथ खादी आश्रम जाती और बदले में या तो घर के लिए खेस, तौलिये आदि ले आती या फिर जवान होती बिटिया अथवा पोती के लिए दरी, चादर बिस्तर आदि लेकर आती ताकि थोड़ा-थोड़ा सामान एकत्रित कर धीरे-धीरे आने वाले समय में विवाह में लड़की को देने के लिए कुछ प्रबंध भी हो जाए और परिवार के मुखिया कहे जाने वाले पुरुषों पर अधिक भार भी न पड़े। खादी आश्रम वाले साबुन तेल आदि घर के लिए जो कुछ भी जरूरत का सामान रखते वो भी सूत के बदले आसानी से मिल जाता। जो महिलाएं लगातार सूत कातकर घर का सभी आवश्यक सामान जुटा लेती वे अपनी जमापूंजी वाली कॉपी में सूत के बदले मिलने वाले पैसे जुड़वा लेती थी अर्थात् आदमी जो पैसे कमाता उससे अलग भी ये महिलाएँ घर की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए घर के काम-काज के साथ-साथ अतिरिक्त श्रम करती थी।

अभी पिछले साल की ही तो बात है रामशरण चाचा केहरी जमींदार के खेतों के पास जंगल में ईंधन के लिए सूखी लकड़ियाँ लेने गए तो सहसा ही एक काले नाग ने ऐसा डंक मारा कि कुछ ही देर में रामशरण चाचा का पूरा शरीर नीला पड़ गया। चीखने-चिल्लाने पर जब खेत में काम कर रहे कुछ ग्रामवासी दौड़कर आए तो तब तक चाचा की जीवन लीला ही समाप्त हो गई थी। पीछे घर में तीन बच्चों के साथ चंपा चाची विधवा बेसहारा होकर रोटी के लिए भी मोहताज हो गयी।

एक दिन चाची हमारे घर आकर माँ के सामने अपने दु:खड़े सुनाती-सुनाती फफक-फफक कर रो पड़ी कि जब बिल्लू का बापू जमींदार के यहाँ काम करता था तो खाने को अनाज के दाने मिल जाते थे तथा तीज-त्यौहार पर कुछ कपड़े-लत्ते भी मिल जाया करते थे। अब तो उनके साथ-साथ सब कुछ उजड़ गया जीने का कोई सहारा न रहा। बहन जी दु:ख अपनी जगह और पेट अपनी जगह। भूखे पेट को तो रोटी चाहिए चाहे दु:ख हो या सुख। बहन मैं क्या करुँ और कहाँ जाऊँ ? कैसे चलाऊँ घर का सब खर्च ? कैसे अपने बच्चों का पेट भरूं।

माँ ने कहा देख चंपा बहन मेरे होते हुए तुम बिल्कुल भी चिंता मत करो। माँ भीतर गई और अपना चरखा उठाकर लाई और बोली, आज के बाद यह चरखा तुम्हारा है और बहन तुम सूत कातकर अपने घर का खर्च चलाओ, अपने बच्चों का पेट भी भरो। माँ एक बोहिये में रुई भी लेकर आयी और कहा आज से ही तुम चरखा कातना शुरु कर दो। चंपा चाची का गला रुँध गया। शुक्रिया कहने के लिए उसके मुख से बोल ही नहीं निकल पा रहे थे। वह माँ के चरणों में बैठ गई और कृतज्ञता भरी दृष्टि से माँ को निहारने लगी।

चंपा - लेकिन...

माँ बोली - देख चंपा, परेशान होने की जरूरत नहीं जब तुम अपना चरखा बनवा लोगी तो मेरा चरखा वापिस कर देना। कहती हुई माँ चंपा चाची के लिए एक थाली में खाना लेकर आई बच्चों के लिए भी एक डिब्बे में पैक कर दिया ।

पति तो नहीं रहा किन्तु चरखे के कारण चंपा चाची को एक नया सहारा मिल गया था। वह इज्जत से दो रोटी खाने के और दो पैसे बचाने के सपने देखने लगी और एक उम्मीद के साथ अपने घर चली गई। दोपहर बाद सबके साथ चंपा चाची ने भी हमारे आँगन में ही चरखा चलाना शुरु कर दिया और सूत कातने के साथ-साथ कुछ दिनों में ही सबके साथ बोलने बतलाने से उसका दु:ख भी हल्का हो गया और सारा सूत लेकर जब वह

खादी आश्रम गई तो उसे सूत के अच्छे-खासे दाम भी मिल गए, जिससे वह घर की जरुरतों का सामान खरीद लाई फिर कुछ ही दिनों बाद सूत कातने से इकट्ठे हुये पैसों से वह बढ़ई के पास जाकर एक चरखा भी बनवाकर लाई।

चंपा - ले बहन! तेरा यह चरखा और यह रुई। बुरे वक्त में थारी मदद से मैं अपने पैरों पर खड़ा हो पाई हूँ । भगवान थारे दूध-पूत फलावैं। थारे घर में भूले से भी कभी दु:ख की परछाई न पड़े। यह कहते हुए चंपा चाची की आखें भर आयी।

माँ को अपना चरखा वापिस लेने से अधिक खुशी इस बात की हो रही थी कि कुछ ही दिनों में चंपा चाची ने इतनी मेहनत से सूत काता कि घर का खर्च चलाने के साथ-साथ अपने लिए एक नया चरखा भी बनवा लिया। पति के जाने के बाद जो दु:खों का पहाड़ उस पर टूट पड़ा था अब सबके साथ बैठकर, सूत कातने के साथ-साथ कुछ गाकर कुछ सुनकर, राजी-खुशी बतलाकर वह अपने दु:ख से भी ऊभर रही थी। माँ ने उसे गले से लगा लिया।

नया चरखा आने से चंपा चाची अब अपने घर में भी सूत कातने लगी और फिर दोपहर बाद हमारे घर आकर भी सबके साथ हँसती-बोलती और तेजी से सूत कातती। चंपा चाची ने अब अपने बच्चों को भी पाठशाला भेजना शुरु कर दिया और घर का गुजारा भी ठीक-ठाक होने लगा।

इस पंचायत में पड़ोस की कुछ कम पढ़ी-लिखी वे लड़कियाँ भी आने लगी जो गाँव के विद्यालय की पढ़ाई पूरी कर आगे की पढ़ाई के लिए गाँव से बाहर नहीं भेजी गई थी। इन पढ़ी-लिखी लड़कियों के कारण महिलाओं की इस पंचायत में बहस के लिए कुछ नए विषय भी जुड़ने लगे। चरखे की पंचायत के बहाने युवतियाँ खुलकर अपने मन की बात रख देती जिससे वे एक-दूसरे के साथ अधिकाधिक निकट आ जाती और इसी निकटता के कारण पढ़ाई छोड़ चुकी लड़कियों का दर्द भी बाहर निकलकर आने लगता। चरखा चलाते-चलाते बहस होने लगती कि लड़कियों को पढ़ाई के लिए आगे भेजना चाहिए या नहीं। लगातार पाँच दिन चली बहस के बाद एकाएक माँ ने कहा कि देखो बहनों ऊषा को तो लोक लिहाज के दबाव में मैंने भी आठवीं दर्जे की पढ़ाई करवाकर स्कूल छुड़वा दिया था किन्तु रेखा को तो मैं बड़े स्कूल की पढ़ाई जरुर करवाऊँगी। जब लड़के पढ़ सकते हैं तो लड़कियाँ क्यों न पढ़ें। माँ की बात सुनकर पंचायत में एकदम सन्नाटा छा गया। एक-दो ने तो माँ की बात के पक्ष में अपनी बात रखी किंतु अधिकतर विपक्ष में ही बोलने वाली थी। कइयों ने कहा कि पढ़ाई तो ठीक है

किन्तु लड़कों के साथ पढ़ने भेजना मर्यादा की बात नहीं है। कइयों ने कहा कि हमारे घरवाले तो यह सनुते ही हमें जान से मार देंगे। दिन बीतते गए पंचायत नियमित चलती रही।

कुछ दिन बाद जब बापू जी फौज से एक महीने की छुट्टी में घर आए तो माँ ने रेखा की बड़े स्कूल में पढ़ाई के लिए बात की। उसका दाखिला पास के गाँव में बड़े स्कूल में करवा दिया गया। गाँव में चर्चा हुई, औरतों में कानाफूसी चली, चरखों की पंचायत में बहस का विषय रेखा का बड़े स्कूल में दाखिला बना। माँ के इस कदम से कई महिलाओं के सपनों को भी पंख लग गए और धीरे-धीरे एक-एक करके कई महिलाओं ने अपनी लाडली को आगे की पढ़ाई के लिए बड़े स्कूल में दाखिल करवाने हेतु गाँव से बाहर भेजना स्वीकार किया। कुछ समय बाद गाँव की लड़कियाँ इकट्ठी होकर पढ़ने के लिए बड़े स्कूल जाने लगी। चंपा चाची के तीनों बच्चें भी स्कूल जाने लगे। बीच वाली लड़की तो बड़े स्कूल में पढ़कर अध्यापिका बन गई और पड़ोस के ही एक गाँव के छोटे स्कूल में बच्चों को पढ़ाने लगी। गाँव के कई बच्चें निकट-दूर नौकरियों पर जाने लगे । कई युवतियां डाकखाने, ऑफिस तथा बिजली विभाग में नौकरी करने लगी। गाँव में एक अलग सा बदलाव आ गया और चरखों की पंचायत सुनहरे भविष्य गढ़ने के लिए निरंतर यूँ ही घंटों चकर-चूँ, चकर-चूँ करती हुई चलती रही।

# न नल पर, न नहर पर, नाडी पर ही भरोसा

■ बाबा मायाराम

न नल की टोंटी पर और न ही नहर के पानी पर गांव का भरोसा है, हमारा तो गोटण नाडी पर ही पूरा भरोसा है। यह कभी नहीं सूखती है, और सदानीरा है। इसकी देखरेख व सार-संभाल हम गांववाले, पंचायत और संस्थाओं के लोग मिलकर करते हैं, यह पश्चिमी राजस्थान के नराधणा गांव के हरिराम नरादणिया थे।

पश्चिमी राजस्थान के नागौर जिले का गांव है नराधणा। यह मुण्डवा प्रखंड में स्थित है। यहां करीब 400 घर है, जहां की आबादी 6000 के लगभग है। यहां की गोटण नाडी ( तालाब) 800 साल पुरानी है। गांववालों के मुताबिक इस नाडी का निर्माण गोटी नाम की महिला ने करवाया था। सैकड़ों बरसों बाद भी गांववाले इस नाडी का पानी पीने के उपयोग में लाते हैं।

गांव के बुजुर्ग हरिराम नरादणिया बतलाते हैं कि इस नाडी का आगौर क्षेत्र 500 बीघा में फैला है। यह गोचर भूमि है। इसकी भराव क्षमता अनुमानित 6 हैक्टेयर है और गहराई करीब 50 फुट। इस तालाब के किनारे राजघराने के द्वारा बनवाई गई छतरियां हैं। यह नाडी पिछले 60 साल में तीन बार खाली हुई और वह भी गांववालों ने उसकी मिट्टी निकाली थी और गहरीकरण किया था। और इससे जो मिट्टी खुदाई से निकाली गई, उसे किसानों ने उनके खेतों में डाला, जिससे उनकी पैदावार बहुत अच्छी हुई। यानी 20 साल के अंतर से नाडी का पानी खाली करके इसका गहरीकरण किया गया था। इस गांव की परंपरा है कि पानी के उपयोग के बदले में चाहे छोटा ही क्यों न हो, सबको श्रमदान करना जरूरी है। और जो लोग श्रमदान नहीं कर सकते, उन्हें निर्धारित राशि देनी होती है।

गांव के खेताराम, जोगीराम , मेहराम व बजरंग ने बताया कि इस तालाब की देखरेख के लिए गांव के लोगों द्वारा गांव सभा का गठन किया गया है, जिसके सभी सदस्य गांव के हैं। इस तालाब के लिए इसकी समय-समय पर बैठक होती है, जिसमें मरम्मत इत्यादि पर निर्णय लिए जाते हैं। हर साल जलझुलनी ग्यारस के दिन गंवई जागरण होता है। उसके दूसरे दिन गांव के सभी लोग एकत्र होकर अंगोर क्षेत्र में श्रमदान करते हैं। समुदाय के लोग मिलकर सफाई

> **गांव के बुजुर्ग हरिराम नरादणिया बतलाते हैं कि इस नाडी का आगौर क्षेत्र 500 बीघा में फैला है। यह गोचर भूमि है। इसकी भराव क्षमता अनुमानित 6 हैक्टेयर है और गहराई करीब 50 फुट। इस तालाब के किनारे राजघराने के द्वारा बनवाई गई छतरियां हैं। यह नाडी पिछले 60 साल में तीन बार खाली हुई और वह भी गांववालों ने उसकी मिट्टी निकाली थी और गहरीकरण किया था। और इससे जो मिट्टी खुदाई से निकाली गई, उसे किसानों ने उनके खेतों में डाला, जिससे उनकी पैदावार बहुत अच्छी हुई।**

ऱखते हैं। अंगोर क्षेत्र की झाड़ियों की कटाई-छंटाई करते हैं। यह काम हर दो-तीन साल में होता रहता है। इसके अलावा, होली के दूसरे दिन भी तालाब प्रबंधन पर बैठक होती है।

उन्होंने बताया कि साफ-सफाई अभियान के दौरान लोग सूखी लकड़ियां व गोबर बीनते हैं, और फिर इन सबकी नीलामी होती है। इससे जो भी आय होती है, उसका नाडी विकास के लिए होता है। इसके साथ ही, पशु-पक्षी के लिए दाना- पानी व मंदिर आदि के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस नाडी से सिर्फ मनुष्यों को ही पानी मिले, यह नहीं पक्षियों का भी विशेष ख्याल रखा जाता है। पक्षियों के लिए अलग से चुग्गाघर भी बनाया गया है, जहां नियमित रूप से उन्हें चुगने के लिए अनाज के दाने व पानी की व्यवस्था की जाती है।

वे आगे बताते हैं कि गांववालों ने मिलकर नाड़ी की देखरेख व प्रबंधन के तौर-तरीके बनाएं हैं। जिनमें नाडी के आसपास स्नान करना, कपड़े धोना, शौच करना मना है। इसके अलावा पशुओं को भी नहलाना और उनके तालाब में प्रवेश करना मना है। किसी भी प्रकार की गंदगी करना मना है। साथ ही इस तालाब से किसी को टैंकर से पानी ले जाने की अनुमति नहीं है, सिर्फ घड़े से ही पानी ले जा सकते हैं। घड़े से पानी भरनेवालों को भी चप्पल दूर उतारकर पानी लेना पड़ता है। सभी को पानी उपलब्ध हो, इसलिए यह व्यवस्था की गई है। लेकिन दूसरे गांव को पानी बेचना या पानी की आपूर्ति करना मना है.

वे आगे बताते हैं कि 2008 के बाद नरेगा से खुदाई हो रही है। सरकार से भी इसमें मदद मिली है। नाडी के भराव क्षेत्र के चारों तरफ पक्की दीवार बनाई गई है। चारों तरफ पानी ले जाने के लिए सीढ़ियां बनी हुई हैं। नराधना और झुंझाला के बीच पानी आवक के लिए पुल का निर्माण किया है जो पंचायत के द्वारा बनाया हुआ है, ताकि पानी आवक नहीं रूके।

उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तालाब को बनाए रखने की सोच है, क्योंकि तालाब से ही स्थाई रूप से पानी की आपूर्ति हो सकती है। इसके आगौर क्षेत्र को बचाए रखने के लिए गांव द्वारा ध्यान रखा जाता है। इसके अतिक्रमण से बचाने के लिए चारों तरफ खाई बनी हुई है। इसकी निगरानी भी की जाती है। तालाब के भराव क्षेत्र के चारों ओर भी तारबंदी लगा रखी है। अंगोर क्षेत्र में न तो कोई पेड़ काट सकता है और न ही खनन कर सकता हैं।

इसके अलावा, कुछ और भी काम तालाब को स्वच्छ व साफ रखने के लिए जरूरी हैं। तालाब के गेट का निर्माण करवाना। नाडी के चैनलों को पक्का करवाना ताकि मिट्टी कटाव कम हो एवं पूरा पानी तालाब में आ सके। अंगोर क्षेत्र से बबूल हटाना और दीवारों की मरम्मत करवाना इत्यादि।

कुल मिलाकर, इस गांव में सभी लोग मिलकर नाडी को स्वच्छ व साफ, गहरा रखने के लिए काम करते हैं। समय-समय पर गांव सभा की बैठकें भी होती हैं। पंचायत ने भी इसमें सहयोग दिया है। नाडी बारहमहीनों लबालब रहती है। मरुस्थल होने के बावजूद भी पानी की समस्या नहीं है। लोगों को यह भरोसा कि उनकी पीने के पानी की समस्या का समाधान तालाब ही है, उन्हें इसकी सार-संभाल निरंतर करने को प्रेरित करता है। उनकी यह पहल

## दुनिया की महान उपलब्धियों के लिए एक शोकगीत

खालीपन दौड़ता है पसलियों के बीच धड़कते नन्हे-से दिल में
दिन की रफ्तार रातों में घुलती चली जाती है
हर बार आशंकाएँ चील की तरह झपट्टा मारती हैं
हर बार छूट जाता है आदमी अपनी परछाई के साथ
बिल्कुल अकेला

नमकीन रौशनी में चमकते थे जो लिपे-पुते चेहरे
अँधेरे के आँचल में सिर छुपाए देर तक सुबकते हैं
मृत्यु दिन-ब-दिन आसान हुई जाती है
बेकारों की टोली से कम होते जाते हैं कुछ चेहरे
जिंदगी मिट्टी का ढेला

शेयर बाजार का साँड़ हुंकारता है किसानों की हड्डियों में
कंप्यूटर की मंदी में अर्थहीन हो जाती है खाद की तेजी
जीवन भर थक-हारकर कमाता है किसान एक मजबूत फंदा
बँधा था जो आस की रस्सी से, टूट जाता है वह
जिंदगी का रेला



■ बसंत त्रिपाठी

## ग़ज़ल

बहुत पहले से उन क़दमों की आहट जान लेते हैं
तुझे ऐ ज़िंदगी हम दूर से पहचान लेते हैं

मिरी नज़रें भी ऐसे क़ातिलों का जान ओ ईमाँ हैं
निगाहें मिलते ही जो जान और ईमान लेते हैं

जिसे कहती है दुनिया कामयाबी वाए नादानी
उसे किन क़ीमतों पर कामयाब इंसान लेते हैं

निगाह-ए-बादा-गूँ यूँ तो तिरी बातों का क्या कहना
तिरी हर बात लेकिन एहतियातन छान लेते हैं


तबीअ%त अपनी घबराती है जब सुनसान रातों में
हम ऐसे में तिरी यादों की चादर तान लेते हैं

ख़ुद अपना फ़ैसला भी इश्क़ में काफ़ी नहीं होता
उसे भी कैसे कर गुज़रें जो दिल में ठान लेते हैं

हयात-ए-इश्क़ का इक इक नफ़स जाम-ए-शहादत है
वो जान-ए-नाज़-बरदाराँ कोई आसान लेते हैं

हम-आहंगी में भी इक चाशनी है इख़्तिलाफ़ों की
मिरी बातें ब-उनवान-ए-दिगर वो मान लेते हैं

तिरी मक़बूलियत की वज्ह वाहिद तेरी रमज़िय्यत
कि उस को मानते ही कब हैं जिस को जान लेते हैं



अब इस को कुफ़्र मानें या बुलंदी-ए-नज़र जानें
ख़ुदा-ए-दो-जहाँ को दे के हम इंसान लेते हैं

जिसे सूरत बताते हैं पता देती है सीरत का
इबारत देख कर जिस तरह मानी जान लेते हैं

तुझे घाटा न होने देंगे कारोबार-ए-उल्फ़त में
हम अपने सर तिरा ऐ दोस्त हर एहसान लेते हैं

हमारी हर नज़र तुझ से नई सौगंध खाती है
तो तेरी हर नज़र से हम नया पैमान लेते हैं

रफ़ीक़-ए-ज़िंदगी थी अब अनीस-ए-वक़्त-ए-आख़िर है
तिरा ऐ मौत हम ये दूसरा एहसान लेते हैं

ज़माना वारदात-ए-क़ल्ब सुनने को तरसता है
इसी से तो सर आँखों पर मिरा दीवान लेते हैं

%फ़िराक़% अक्सर बदल कर भेस मिलता है कोई काफ़िर
कभी हम जान लेते हैं कभी पहचान लेते हैं

■ फ़िराक़ गोरखपुरी

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## श्रीलंका में डेंगू के 10 हजार से अधिक मामले सामने आए

**कोलम्बो।** श्रीलंका में जनवरी में डेंगू को प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि इस माह में 10 हजार से अधिक मामले सामने आए और चार मरीजों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने शुक्रवार को एक नवीनतम रिपोर्ट जारी कर यह जानकारी दी। एनडीसीयू ने बताया कि डेंगू से आज तक डेंगू से प्रभावित कुल 10,635 मामले सामने आए हैं और उनमें से 10,417 मामले जनवरी में आए थे। देश के पश्चिमी प्रांत में सबसे अधिक 3,489 मामले हैं, इसके बाद उत्तरी प्रांत में 2,734 मामले हैं।


# अमेरिकी हवाई हमलों के गंभीर परिणाम होंगे : इराक

■ इराकी प्रधानमंत्री के सैन्य प्रवक्ता याह्या रसूल ने जारी किया बयान



**बगदाद,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। इराक की सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी इराक के सीमावर्ती इलाकों पर अमेरिकी हवाई हमलों से देश और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता पर गंभीर परिणाम होंगे। इराक के प्रधानमंत्री के सैन्य प्रवक्ता याह्या रसूल ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों ने बगदाद से लगभग 400 किमी पश्चिम में अल-कैम शहर और इराक के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों को निशाना बनाया है। ये हवाई हमले इराक की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं और ऐसे समय में आए हैं जब इराक क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। श्री रसूल ने हवाई हमलों को एक ऐसा खतरा बताया जो इराक और क्षेत्र को अवांछनीय परिणामों की ओर ले जाएगा जो इराक और क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर होगा। अनबर प्रांत के एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित कुछ ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन इराकी मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) और संबद्ध मिलिशिया समूहों के खिलाफ इराक और सीरिया में 85 से अधिक ठिकानों पर हवाई हमले किए।

### इराक में अमेरिकी हवाई हमलों में 16 की मौत, 25 घायल



**बगदाद।** इराकी सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिमी इराक में अर्धसैनिक हश्द शाबी बलों पर अमेरिकी हवाई हमलों में नागरिकों सहित 16 लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी हवाई हमलों को 'घोर आक्रामकता' करार देते हुए इराक सरकार के प्रवक्ता बसीम अल अवदी ने सरकारी इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) को बताया कि अमेरिकी प्रशासन ने इराक की संप्रभुता का उल्लंघन किया जब उसके विमानों ने आकाशत और अल-कैम क्षेत्र तथा इसके साथ ही हमारे सुरक्षा बलों पर हवाई हमले किए।

## सीरिया ने की अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा

**दमिश्क।** सीरिया ने देश में ईरान समर्थक लड़ाकों पर अमेरिका की ओर से हाल के दिनों में किए गए हवाई हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि इसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ सीरिया की लड़ाई को कमजोर करना है। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, सीरियाई सेना और उसके सहयोगियों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कमजोर करने के प्रयास के अलावा अमेरिकी आक्रामकता में कोई औचित्य दिखाई नहीं देता है। मंत्रालय ने कहा कि लक्षित क्षेत्र वह है, जहां सीरियाई सेना सक्रिय रूप से आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से लड़ रही है। सीरिया ने आरोप लगाया कि यह हमला आतंकवादी समूह के साथ अमेरिकी भागीदारी और सहयोग को उजागर करता है। अमेरिकी हमले के कारण नागरिक और सैन्य जीवन की हानि हुई।

## नॉर्वे ने सैन्य उपयोग के लिए अमेरिका के साथ समझौता किया



**ओस्लो।** नॉर्वे और अमेरिका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत अमेरिका और अन्य सहयोगी बलों को सैन्य उद्देश्यों के लिए नॉर्वे की धरती पर पहले से सहमत चार ठिकानों के अलावा आठ और ठिकानों का उपयोग करने की अनुमति होगी । नॉर्वेजियन रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, समझौता नॉर्वे में आठ अतिरिक्त सहमत सुविधाओं और क्षेत्रों को स्थापित करने के इरादे की घोषणा करता है। इन ठिकानों का उपयोग नॉर्वे, अमेरिका और अन्य सहयोगी बलों द्वारा कई सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। नॉर्वे के रक्षा मंत्री ब्योर्न एरिल्ड ग्राम और नॉर्वे में अमेरिकी राजदूत मार्क नाथनसन द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज़, जून 2022 में अनुसमर्थित पूरक रक्षा सहयोग समझौते (एसडीसीए) में संशोधन करता है। उन्होंने कहा कि नव-सहमत सुविधाओं में कई हवाई स्टेशन और हवाई क्षेत्र, गैरीसन और एक गुफा परिसर, साथ ही एक ईंधन टर्मिनल और एक नौसेना स्टेशन शामिल हैं। यह समझौता संसद में प्रस्तुत किए जाने से पहले सार्वजनिक टिप्पणी की अवधि के अधीन होगा।

## सुडोकू 6456

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 4 फरवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष -आज आप सांसारिक विषयों को छोड़कर आध्यात्मिकता में ज्यादा रुचि लेंगे। ध्यान और मनन से आपके मन को शांति मिलेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समय बहुत अच्छा है।

वृषभ -परिवारजनों तथा दांपत्यजीवन में सुख-शांति का अनुभव कर सकेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। किसी छोटे प्रवास की योजना बन सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन -आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क -आज आपका दिन चिंता और भय से भरा रहेगा। शारीरिक और मानसिक तकलीफ भी रहेगी। नए काम के आरंभ के लिए दिन अनुकूल नहीं है। अचानक कोई खर्चा हो सकता है।

सिंह -आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या -बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला -आज आपका मन नकारात्मक विचारों से घिरा रहेगा। क्रोध के कारण आपकी वाणी में कटुता आ सकती है। इस कारण परिजनों के साथ मतभेद होगा। गलत खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु -आपका कुटुंबजनों के साथ मतभेद हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। आज दुर्घटना से बच के रहें। स्वास्थ्य खराब होने के कारण मेडिसिन पर पैसा खर्च होगा। कानूनी कामकाज में संभलकर आगे बढ़ें।

मकर -आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ -आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन -आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब की सजा हुई कम



**कुआलालंपुर,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। निवेश संबंधी मामले में 12 वर्ष की सजा काट रहे मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक की सजा की अवधि और जुर्माने की राशि को कम कर दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री निवेश कोष 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) की पूर्व इकाई एसआरसी इंटरनेशनल से संबंधित एक मामले में 12 वर्षों की की सजा काट रहे हैं। संघीय क्षेत्र क्षमा बोर्ड के सचिवालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गहन विचार विमर्श करने के बाद श्री नजीब को 23 अगस्त, 2028 को रिहा करने का फैसला लिया गया है।बोर्ड ने पूर्व प्रधानमंत्री पर लगाया जुर्माना भी 21 करोड़ रिंग्गित (4.44 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से घटाकर पांच करोड़ रिंग्गित (1.06 करोड़ डॉलर) कर दिया। श्री नजीब को जुलाई 2020 में सत्ता का दुरुपयोग करने के आरोप में 12 वर्षों की जेल और 210 मिलियन रिंग्गित जुर्माने की सजा सुनाई गई थी; तीन आपराधिक उल्लंघनों में से प्रत्येक के लिए 10 वर्षों की सजा और तीन मनी लॉन्ड्रिंग में से प्रत्येक के लिए 10 वर्षों की सजा दी गई जो सजाएं साथ-साथ चल रही हैं। उन पर वर्तमान में सत्ता के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य कथित अपराधों के लिए भी मुकदमा चल रहा है।

## हाउती ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया




**सना,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। यमन के सशस्त्र हाउती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के इलियट शहर पर कई बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। हाउती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने समूह के अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा, समूह ने इजरायल युद्ध और नाकाबंदी का सामना करने में फिलिस्तीनी लोगों को अपना समर्थन प्रदर्शित करने के लिए शहर में विशिष्ट लक्ष्यों पर हमला किया। उन्होंने कहा, 'हम जायोनी दुश्मन (इज़रायल) के ख़िलाफ़ ज़मीन और समुद्र में आगे सैन्य अभियान चलाने में संकोच नहीं करेंगे, जब तक कि आक्रामकता बंद नहीं हो जाती और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों पर घेराबंदी नहीं हटा ली जाती। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कुछ घंटे पहले कहा कि उन्होंने लाल सागर में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को रोका। घटना के दौरान कोई सायरन नहीं बजा। उत्तरी यमन में सशस्त्र हाउती समूह ने पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से इज़रायल की ओर कई मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं।

### हमास की रॉकेट बनाने वाली यूनिट को किया नष्ट : आईडीएफ

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा है कि उनके सैनिकों ने मध्य गाजा में हमास की रॉकेट बनाने वाली यूनिट को नष्ट कर दिया है। आईडीएफ ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि उनकी 646वीं ब्रिगेड ने गाजा के नुसीरात में हमास द्वारा रॉकेट बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक परिसर को नष्ट कर दिया। आईडीएफ ने कहा कि परिसर में नागरिक और दोहरे उपयोग वाली मशीनें थीं जिन्हें हमास द्वारा हथियारों के उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जाता था।

## वर्ग पहेली 6456



**बायें से दायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंतर्धान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का बौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का, चुस्त, फुर्तीला

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य, घड़े से उत्पन्न
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6455



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त



**मेलबर्न,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में अपना पद संभालेंगे और लेबर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर उन्हें पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया (डब्ल्यूए) का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। गुरुवार को डब्ल्यूए संसद की संयुक्त बैठक में वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डोडसन की जगह लेने के लिए फ्रांसिस बर्ट चेम्बर्स के बैरिस्टर 38 वर्षीय घोष को चुना गया। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधान सभा ने एक्स को घोषणा की, विधान सभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए सीनेटर वरुण घोष को चुना है। समाचार वेबसाइट डब्ल्यूए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, घोष 1980 के दशक में अपने माता-पिता के भारत से चले जाने के बाद 17 साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए और न्यूरोलॉजिस्ट के रूप में काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका चयन एक ऐसा सम्मान है जिसे वह पूरी तरीके से निभाएंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे अच्छी शिक्षा का सौभाग्य मिला और मेरा दृढ़ विश्वास है कि उच्च गुणवत्ता शिक्षा और प्रशिक्षण हर किसी के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

वरुण ने पिछले कुछ वर्षों में डब्ल्यूए व्यवसाय और विश्व बैंक के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बैरिस्टर के रूप में काम किया है। मैं हमारे हिस्से के रूप में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। 2019 के संघीय चुनाव में, घोष को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी के सीनेट टिकट पर पांचवें स्थान पर रखा गया था, लेकिन निर्वाचित नहीं हुए। उन्होंने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय से कला और कानून में डिग्री प्राप्त की और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में कानून में राष्ट्रमंडल विद्वान थे।

## थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रीलंका आएंगे

**कोलंबो,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के निमंत्रण पर थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन शनिवार को श्रीलंका का दौरा करेंगे। श्री श्रेथा देश की कार्यकारी और न्यायिक राजधानी कोलंबो में दो दिन बिताएंगे और उनके सम्मानित अतिथि के रूप में श्रीलंका की स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ मनाने के लिए समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। लेकिन सरकार ने घोषणा की कि श्री श्रेथा के अचानक बीमार पड़ने के कारण उनकी यात्रा एक दिन तक सीमित रहेगी। फिर भी, थाई प्रधानमंत्री के सम्मान के संकेत के रूप में लगभग एक घंटे तक समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के साथ कई उपमंत्रियों समेत 39 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आएगा और वह श्री विक्रमसिंघे के साथ बातचीत करेंगे।

## आज का इतिहास

1628-शाहजहाँ को आगरा में मुग़ल बादशाह का ताज पहनाया गया।
1797-इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये।
1847-मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी।
1881-लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र %केसरी% का पहला अंक आया था।
1895-अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ।
1920-लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू।
1922-भारत रत्न सम्मानित, भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायक) पंडित भीमसेन जोशी का जन्म।
1924-महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।
1932-न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ।
1938-प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकारों में से एक बिरजू महाराज का जन्म।
1948-सिलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली।
1960-भोपाल रियासत के आखिरी नवाब हमीदुल्लाह खान का निधन।
1965-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1973-भारत के सबसे बड़े मर्चेंट पोत जवाहरलाल नेहरू का उद्घाटन। इसमें 88,000 डीडब्ल्यूटी का सुपर टैंकर था।

**चुनाव** *मीडिया में किया जा रहा दावा*

# नवाज शरीफ की चौथी बार ताजपोशी तय

**लंदन, 3 फरवरी (एजेंसियां)। गैलप सर्वे और ब्लूमबर्ग के बाद अब ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन( बीबीसी ) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे श्री नवाज शरीफ आगामी आठ फरवरी को होने जा रहे संसदीय चुनाव में जीत के स्पष्ट दावेदार हैं और उनकी ताजपोशी तय है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का अंतिम कार्यकाल भ्रष्टाचार के मामलों में दोषी ठहराए जाने के साथ समाप्त हुआ और उससे कुछ समय पहले एक सैन्य तख्तापलट में उन्हें अपदस्थ कर दिया गया था। इसके बावजूद वह एक बार फिर सत्ता के शिखर की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं।**



विश्लेषक एवं विल्सन सेंटर थिंक टैंक के दक्षिण एशिया निदेशक माइकल कुगेलमैन का कहना है कि वह (श्री शरीफ) अगले प्रधानमंत्री बनने के लिए एक शीर्ष उम्मीदवार हैं, इसलिए नहीं कि वह बेहद लोकप्रिय हैं,बल्कि इसलिए अधिक है क्योंकि उन्होंने अपना कार्ड सही तरीके से खेला है। उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अब जेल में हैं। कोई कह सकता है कि वह सत्ता में वापसी के प्रबल दावेदार हैं और उन्होंने पहले भी ऐसा किया है। श्री कुगेलमैन ने कहा कि शरीफ़ के समर्थकों को उम्मीद होगी कि स्थिरता, अनुभव और भरोसेमंदता की उनकी कहानी से उन्हें वोट मिलेंगे - और सेना भी उनके साथ या कम से कम उनकी पार्टी के साथ सहज होगी। उन्होंने कहा यह भी एक तथ्य है कि घर लौटने के बाद से उन्हें कानूनी राहत मिली है,जो साबित करता है कि वह अच्छी स्थिति में वापस आ गये हैं। चैथम हाउस के एशिया-प्रशांत कार्यक्रम की एसोसिएट फेलो डॉ. फरजाना शेख ने कहा कि हर चीज़ श्री शरीफ के प्रधानमंत्री या सबसे बड़ी पार्टी के प्रमुख के रूप में आने की ओर इशारा करती है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह अनिश्चित है कि उनके पास किस प्रकार का कामकाजी बहुमत होगा।

### इमरान व पत्नी बुशरा को सात साल की जेल

निकाह में इस्लामिक नियम के उल्लंघन के दोषी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व पीएम इमरान और उनकी पत्नी- बुशरा बीबी को अदालत ने सात साल जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पाया कि दोनों निकाह के दौरान इस्लामिक नियमों के उल्लंघन के दोषी है। अदालत ने बुशरा बीबी के पहले पति खावर मनेका की तरफ से दायर याचिका पर इमरान और बुशरा को दोषी करार दिया।

## दुनिया को जानें

### मधुमेह संबंधी बीमारी की जटिलताओं को रोक सकती है नई दवा

**लंदन,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन से पता चला है कि एक नई प्रकार की अवरोधक दवा मधुमेह से पीड़ित लोगों में माइक्रोवस्कुलर मधुमेह संबंधी जटिलताओं, जैसे मधुमेह संबंधी आंख और गुर्दे की बीमारी को रोकने में मदद कर सकती है। गौरतलब कि मधुमेह, अनियंत्रित रक्त शर्करा के स्तर की विशेषता वाली बीमारी है। एक अनुमान के मुताबि?क यह वैश्विक स्तर पर हर 11 व्यक्तियों में से एक को प्रभावित करती है। इलाज होने पर भी, यह बीमारी शरीर की छोटी रक्त धमनियों, जिन्हें माइक्रोवैस्कुलचर के रूप में जाना जाता है, को प्रभावित करके जीवन-परिवर्तनकारी परिणाम पैदा कर सकती है। उन लोगों के लिए उपचार उपलब्ध है, जो मधुमेह संबंधी आंख और गुर्दे की बीमारी जैसी सूक्ष्मवाहिका संबंधी जटिलताओं को विकसित करते हैं, ये उपचार प्रगति में देरी नहीं करते हैं। कार्डियोवास्कुलर डायबेटोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि अंततः इनके परिणामस्वरूप रोगियों में अंधापन और गुर्दे की विफलता हो सकती है।

# प्रादेशिकी

**भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ रहा**

हिसार, 03 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार देश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन देने का दम भर रहा है तो दूसरी ओर देश में भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ रहा है। सुश्री सैलजा शनिवार यहां मीडिया को जारी बयान में कहा कि विश्व के 180 भ्रष्ट देशों की सूची में आज भारत 93 वें पायदान पर खड़ा है जबकि 2015 में 76 वें स्थान पर था। सच तो यह है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार नासूर बनकर देश को खोखला कर रहा है। नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अधिकारियों (कुछ को छोडकर) पर सरकार का कोई अंकुश नहीं हैं।

# सीएम ने पौड़ी को दी 800 करोड़ की योजनाओं की सौगात

- धामी ने रोड शो के साथ बिपिन रावत पार्क का किया लोकार्पण
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पोर्टल का किया शुभारंभ
- लोगों ने फूल मालाओं से किया भव्य स्वागत



**पौड़ी,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज पौड़ी दौरे पर रहे। सीएम धामी ने पौड़ी जिला मुख्यालय में रोड शो किया। इसके बाद सीएम धामी ने नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत 'दिशा-ध्याणी, ब्वै-ब्वारी' सम्मेलन में शिरकत की। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस दौरान जनरल बिपिन रावत पार्क का लोकार्पण एवं शहीद जसवंत सिंह रावत की मूर्ति का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को पौड़ी जिला मुख्यालय पहुंचे जहां, लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी वर्कर्स और भोजन माताओं ने सीएम धामी का तिरंगे और फूलों से स्वागत किया। इस दौरान सीएम धामी ने रांसी में राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की प्रतिमा का अनावरण किया। रांसी स्टेडियम से कंडोलिया मंदिर तक रोड शो किया। उन्होंने सबसे पहले कंडोलिया मंदिर में जाकर भूमयाल देव के दरबार में माथा टेका। इसके बाद थीम पार्क में स्टालों का निरीक्षण किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने पौड़ी में 800.74 करोड़ की 353 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें करीब 134 करोड़ की लागत से 196 योजनाओं का लोकार्पण किया। जबकि करीब 666 करोड़ की लागत से 157 योजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि यह पहला मौका होगा जबकि किसी जिले में इतनी लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास हुआ। उन्होंने इसे डबल इंजन की सरकार की उपलब्धि बताया।

नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत 'दिशा-ध्याणी, ब्वै-ब्वारी' सम्मेलन में प्रतिभाग करने विशाल संख्या में पहुंची महिलाओं का सीएम धामी ने स्वागत और अभिनंदन किया। सीएम धामी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के चैमुखी विकास को लेकर संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पौड़ी गढ़वाल की भूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रही है। वीर बाला तीलू रौतेली, बाबा जसवंत सिंह, देश के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत जैसी महान विभूतियों की यह जन्मभूमि रही है।

### माताओं-बहनों को प्रोत्साहित किया जाएः सरकार

पौड़ी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा, मातृशक्ति को समर्पित इन कार्यक्रमों के पीछे हमारी सरकार का मंतव्य है कि हमारी माताओं-बहनों को प्रोत्साहित किया जाए। आज पौड़ी जिले में 800 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इन योजनाओं से पूरे जनपद में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। पूरा जिला उन्नति करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आज हमारे उत्तराखंड की महिलाएं चरितार्थ कर रही हैं।

## शुरू हुई धामी सरकार की कैबिनेट बैठक

- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लगेगी मुहर



देहरादून। उत्तराखंड सरकार प्रदेश में यूसीसी लागू करने की तैयारी में है। जिसके लिए धामी सरकार ने आज कैबिनेट बुलाई है। देहरादून सचिवालय में धामी कैबिनेट बैठक की बैठक शुरू हो गई है। कैबिनेट बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कैबिनेट बैठक में सतपाल महाराज, रेखा आर्य, धन सिंह रावत मौजूद हैं। बता दें देशभर की नजरें उत्तराखंड पर टिकी हुई हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड इसकी वजह है। दरअसल, उत्तराखंड की धामी सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर देश में इतिहास रचने जा रही है। बीते रोज ही यूनिफॉर्म सिविल कोड समिति ने धामी सरकार को ड्राफ्ट सौंपा था। जिसके बाद बिना देर किये आज धामी सरकार ने यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए कैबिनेट बैठक बुलाई है। इस कैबिनेट बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर मुहर लगेगी। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। जिसके बाद इस पर वोटिंग होगी। वोटिंग के बाद इसे राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल के साइन होने के बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड को उत्तराखंड में लागू किया जाएगा। इसके अलावा आज होने वाली धामी कैबिनेट में राज्य आंदोलन कारियों के क्षैतिज आरक्षण पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा धामी सरकार आबकारी नीति, वन पंचायत समेत कई विभागों की नियमावली पर भी कैबिनेट में चर्चा होगी।

**सार संक्षेप**

### प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने शनिवार यानि आज कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी, जबकि ऊंचे स्थानों पर हल्की बर्फबारी की आशंका व्यक्त की है। दूसरी तरफ मैदानी जिलों में एक बार फिर कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। खास तौर पर दो जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और इन दोनों ही जिलों में घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड में मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि राज्य के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी और ऊंचाई वाले क्षेत्र में हल्की बर्फबारी की भी आशंका व्यक्त की गई है, लेकिन राज्य भर के अधिकतर क्षेत्रों में मौसम के शुष्क रहने की ही संभावना है। यानी शुक्रवार को प्रदेश भर में अधिकतर जगहों पर बारिश और बर्फबारी नहीं देखने को मिलेगी। इस दौरान 2800 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही बर्फबारी की संभावना है। हालांकि पर्वतीय जनपदों में कुछ स्थानों पर पाला पड़ने की आशंका व्यक्त की गई है। इसके लिए लोगों को अलर्ट किया गया है। उधर दूसरी तरफ राज्य के मैदानी जिलों में फिर से कोहरा बड़ी समस्या बनने जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश के हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिले में भारी कोहरा छाया रहेगा। इन दोनों ही जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। हालांकि देहरादून के कुछ क्षेत्रों में भी हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है।इसके अलावा राज्य के बाकी सभी जगहों पर आसमान साफ रहेगा।

### मलिक का बगीचा में बने अवैध मदरसे पर नहीं चल पाया बुलडोजर

हल्द्वानी। क्षेत्र में कई दिनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हल्द्वानी नगर निगम द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में मलिक का बगीचा क्षेत्र स्थित मदरसे पर भी प्रशासन का बुलडोजर चलना है, लेकिन कार्रवाई से पहले दिन ही क्षेत्र के तमाम धर्मगुरुओं और पार्षदों ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और सिटी मजिस्ट्रेट के साथ इस संबंध में बातचीत की। इस दौरान दोनों ही पक्षों में कहासुनी हो गई। बता दें कि, विभागीय जांच में यह तथ्य सामने आया है कि वनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा नामक क्षेत्र में नजूल भूमि पर अवैध रूप से नमाज स्थल निर्माणाधीन है और कथित मदरसा भवन का निर्माण कर संचालन किया जा रहा है। जिसके बाद नगर निगम द्वारा जारी किए गए नोटिस में अवैध निर्माण को 1 फरवरी तक खाली करने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन 1 फरवरी तक अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है। ऐसे में नगर निगम बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। नगर निगम नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा कि अतिक्रमण करने वालों को किसी भी हाल में रियायत नहीं दी जाएगी।

### सुडोकू 6456 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

# केजरीवाल फिर माफी मांगने के लिए रहें तैयारः ठाकुर

■ अमित नेहरा

**धर्मशाला,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिर से माफ़ी मांगने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने धर्मशाला एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से अनुराग ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक



मुद्दों पर बातचीत की।

दिल्ली की आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से जुड़े सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली पुलिस अरविंद केजरीवाल के घर इसीलिए गई थी क्योंकि उन्होंने कुछ महीनों पहले भाजपा के ऊपर उनके विधायकों के खरीद फरोख्त का आरोप लगाया था। अरविंद केजरीवाल को इसके सबूत देने चाहिए क्योंकि उनके ही प्रवक्ता ने कहा था कि उनके पास ऑडियो भी है। आज उन्हें इन सबूतों को देश के सामने रखना चाहिए। नहीं तो वे एक बार फिर झूठे साबित होंगे। पूर्व में भी कई बार अरविंद केजरीवाल की पोल खुल चुकी है। उन्हें एक नहीं बल्कि अनेक बार अपने झूठ के लिए नेताओं से और अदालतों में माफी मांगनी पड़ी है। ठाकुर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल जल्दी सबूत दें नहीं तो उन्हें एक बार फिर से देश और भारतीय जनता पार्टी से माफी मांगनी पड़ेगी।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने शराब घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर मनगढ़ंत आरोप लगाते हैं। ईडी उनको पांच बार समन भेज चुकी है पर वे पेश नहीं हो रहे। इन्होंने अपने जिन मंत्रियों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा वे सभी आज जेल में हैं। किसी को बेल तक नहीं मिल रही। देश की जनता आज जान चुकी है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार करके सिर्फ झूठ बोलते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीद है और हम उन उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। हम देश के विकास के रफ्तार को और तेज करेंगे। हम 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं और अब जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए यूपी-उत्तराखंड के पुलिस अफसरों ने की बैठक

**हरिद्वार,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न करने के लिए आज मेला कंट्रोल भवन हरिद्वार में सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एसएसपी हरिद्वार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें हरिद्वार की सीमा से लगे यूपी के बिजनौर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जिलों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के तहत आज एक इंटर स्टेट मीटिंग बुलाई गई थी। जिसके माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान और बॉर्डर पर सघन चेकिंग पॉइंट चिन्हीकरण के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बॉर्डर पर अवैध शराब और अवैध हथियारों की रोकथाम के साथ-साथ लाइसेंसी हथियारों के जमा करने और गुंडा एक्ट की कार्रवाई की सूची के आदान-प्रदान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिसके अच्छे



परिणाम आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेंगे।

■ सुरक्षा को लेकर तैयार किया जाएगा मास्टर प्लान

बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था में सुधार एवं आपसी समन्वय को और बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। चुनाव के दौरान बॉर्डर में आने वाली समस्याओं के संबंध में उसके निराकरण हेतु गहनता से विचार विमर्श किया गया। साथ ही बॉर्डर चेक पोस्ट में बॉर्डर के थानों द्वारा चेकिंग व्यवस्था दुरस्त करने के लिए भी मंथन किया गया। बैठक में चुनाव को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों प्रदेशों के सीमावर्ती जिलों में तैयारी शुरू करने के संबंध में बैठक में गहनता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अपराधियों पर निगरानी रखने, बॉर्डर क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने, वांछित अपराधियों का ब्यौरा साझा करने, अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर पैनी नजर रखने, संदिग्ध लोगों पर नजर और अवैध रूप से लाई जाने वाली शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम हेतु संघन वाहन चेकिंग चलाने के लिए योजना तैयार की गई।

## राज्य सरकार कर रही युवाओं के हितों के लिए कामः रेखा आर्या

**देहरादून,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को स्थित सेलाकुई में डीपीएसजी देहरादून स्कूल में आयोजित उत्तराखंड युवा संसद कार्यक्रम में शिरकत की। सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उच्च विचार रखते हुए उस पर काम करनें की जरूरत है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री पुष्कर से धामी के नेतृत्व में युवाओं के लिए सरकार लगातार काम कर रही है ऐसे में हमें उस मार्ग पर चलने की जरूरत है।



युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की कहा कि नशा समाज और परिवार के निर्माण के विकास में अवरोध होता है। साथ ही कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए लगातार काम कर रही है आज खिलाड़ियों को जो सम्मान मिल रहा है वह पूर्व में नहीं मिलता था लेकिन वर्तमान में वह सम्मान उन्हें मिल रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास के माध्यम से बच्चों के लिए लगातार काम किया जा रहा है।इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य, अध्यापक व सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

# आधी सड़क काटकर भागा ठेकेदार, विभाग ने भेजा फाइनल नोटिस

**रुद्रप्रयाग,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। विकासखण्ड जखोली की ग्राम पंचायत बेनौली के रिगेड़ तोक तक सड़क निर्माण का कार्य एक साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रामीण जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक

- एक साल में भी नहीं हो पाया एक किमी मोटरमार्ग का निर्माण कार्य,
- तीन सौ मीटर कार्य करने के बाद ठेकेदार ने हाथ किये खड़े,
- ग्रामीणों ने दी लोक सभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

साल से ज्यादा का समय होने के बाद भी एक किमी मोटरमार्ग का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग नहीं कर पाया है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गयी है। ग्रामीणों ने जल्द सड़क का कार्य पूरा नहीं होने पर लोक सभा चुनाव बहिष्कार की भी



चेतावनी दी है। बता दें कि ग्राम पंचायत बैनोली से रिगेड़ तोक को जोड़ने के लिए 17 नवंबर 2022 को सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। एक किमी मोटरमार्ग कटिंग का कार्य पूरा करने की तिथि 16 मार्च 2023 थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग एक साल से ज्यादा का समय पूरा होने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाया है, जिस कारण ग्रामीण जनता खासी परेशान है। ग्रामीणों को मरीजों को ले जाने में काफी समस्याएं हो रही हैं, जबकि स्कूली बच्चे भी मीलों पैदल चलने को मजबूर हैं। ग्रामीण दीपक सिंह रावत ने कहा कि ठेकेदार और विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीण जनता खासी परेशान है। ठेकेदार ने तीन सौ मीटर सड़क का कार्य करने के बाद छोड़ दिया है। एक साल से ज्यादा का समय हो गया है और कार्य को अब तक पूरा नहीं किया गया है। ग्रामीण रावत ने कहा कि तीन सौ मीटर सड़क कार्य से टिहरी-घनसाली-तिलवाड़ा मोटरमार्ग को भी क्षति पहुंचाई गई है, जिस कारण बरसात के समय यहां पर खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही रिगेड़ तोक तक सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो ग्रामीण जनता लोक सभा चुनाव बहिष्कार के लिए मजबूर हो जाएगी। वहीं लोनिवि के अधिशासी अभियंता इन्द्रजीत बोस कहा कि एक किमी मोटरमार्ग का निर्माण कार्य दो ठेकेदारों के पास है। दोनों ठेकेदारों के पास 500-500 मीटर का कार्य है। पहले ठेकेदार ने आधे किमी में तीन सौ मीटर का कार्य किया है। ठेकेदार को बार-बार कहने के बाद भी कार्य नहीं किया जा रहा है, जबकि फाइनल नोटिस भी दिया जा चुका है। अगर ठेकेदार फाइनल नोटिस के बाद भी कार्य नहीं करता है तो उसका अनुबंध निरस्त करके अन्य किसी ठेकेदार को कार्य सौंपा जायेगा।

# मोदी शासन में भारत ने विकास के नए आयाम छुए नड्डा

**शिमला,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित जोरावर सिंह स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर,



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह और केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। इससे पहले नड्डा ने धर्मशाला में एक भव्य रोड शो किया। ज्ञात हो कि नड्डा दो दिवसीय प्रवास पर आज हिमाचल पहुंचे हैं। नड्डा ने कहा कि आज बदली हुई परिस्थिति में देश विकास और तरक्की के नये रास्तों पर नित नए आयाम छू रहा है। कांग्रेस कार्यकाल में भारत की छवि एक भ्रष्टाचारी, पिछड़े, अपने पांव पर खड़ा न हो सकने वाले और अपने स्वाभिमान के साथ समझौता कर लेने वाले देश की थी। परंतु 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार की कमान संभाली और देश की छवि बदलने के लिए प्रथम सेवक के रूप में अथक परिश्रम किया जिसका परिणाम है कि आज भारत एक गौरवशाली देश के रूप में पहचाना जाता है। देश ने विकास की ओर बड़ी छलांग लगाकर तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। आज पूरा विश्व भारत और भारत के प्रधानमंत्री को संजीदगी के साथ सुनता है और यही बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज हर क्षेत्र में शिक्षा और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में तेजी से विकास की ओर छलांग लगा रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसी ने ये सोचा नहीं था कि रामलला अपने स्थान पर ही विराजमान होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते देखने का सौभाग्य हम सबको मिलेगा। लेकिन 500 सालों के इस संघर्ष को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्ण विराम तक पहुंचाया। धारा 370 के कारण कश्मीर देश का अभिन्न अंग बनने में कहीं रोड़े आ रहे थे। पहले हम नारा दिया करते थे कि 'एक देश में 2 निशान, 2 विधान, 2 संविधान नहीं चलेगा' मगर कांग्रेस के नेता बोलते थे ये केवल सपना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सपने को भी साकार कर दिया है उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और गृहमंत्री श्री अमित शाह की रणनीति के बल पर धारा 370 पर धाराशायी हुआ। साथ ही, आतंकवाद पर भी सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक हुआ।

## सरकार ने बद्दी में परफ्यूम फैक्ट्री में आगजनी की जांच एसआईटी के हवाले की

**शिमला,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। सरकार ने बद्दी में परफ्यूम फैक्ट्री में आगजनी की जांच एसआईटी के हवाले कर दी है। एसआईटी में एएसपी बद्दी के साथ साथ डीएसपी व थाना प्रभारी को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सोलन के एडीसी को भी इस मामले की जांच को कहा है। राज्य के फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ साथ नेशनल फॉरेंसिक लैब के विशेषज्ञों से भी आगजनी की जांच का निर्णय सरकार ने लिया है। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलहाकार नरेश चौहान ने पत्रकारों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी।

■ 13 लापता लोगों में से 4 लोग मिले

चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों द्वारा पुलिस महानिदेशक ने एसआईटी गठित कर दी गई है जो घटनास्थल का दौरा कर साक्ष्य जुटा रही है। घटना की व्यापक जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि एनआर अरोमा कम्पनी में भीषण आग लगने की घटना में कुल पांच लोगों की जानें गई है। घटना के सिलसिले में कम्पनी के प्लांट हैड को गिरफतार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटना में 30 लोग घायल हुए हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया गया है। 13 लापता लोगों में से 4 लोग मिल पाए हैं जबकि 9 को ढूंढने के प्रयास जारी हैं।

चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू इस दुखद घटना से बेहद चिन्तित हैं तथा उन्होने स्वंय घटनास्थल का दौरा करने के लिए बद्दी जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें अपना दौरा स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित विभाग को घायलों का त्वरित ईलाज करने के निर्देश भी दिए हैं तथा मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को उचित राहत देने के निर्देश भी दिए हैं।

# प्रादेशिकी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सबार एक की मौत, दो गंभीर

**फर्रुखाबाद,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सबार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत नाजुक होनें पर तीनों को लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। लोहिया में एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली कायमगंज के ग्राम ज्योना निवासी 25 वर्षीय रवि पुत्र नन्दराम अपने साथी 22 वर्षीय उपदेश पुत्र गेंदालाल कश्यप निवासी फरसोंली अलीगंज एटा व एक अज्ञात साथी के साथ बाइक से बरझाला बेकरी पर आ रहे थे। बाइक रवि के बहनोई की बताई जा रही है। बरझाला के पास किसी अज्ञात वाहन नें तीनों बाइक सबारों के टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें 108 एम्बुलेंस से सीएचसी कायमगंज लाया गया जहां हालत गंभीर होनें से उसे लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# शक्तिशाली होने पर देश होता है समर्थ : योगी

**लखनऊ,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश बदल रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत में 140 करोड़ लोगों का गौरव बढ़ा है। शक्तिशाली होने पर देश

- **मुख्यमंत्री ने मगहर कबीर महोत्सव के समापन समारोह में की शिरकत**
- **360 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**
- **सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उठाया लुत्फ**

समर्थ होता है। समर्थ होने से समृद्धि आने लगती है। इस समृद्धि को देखते हुए भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। सीएम ने आह्वान किया कि 2024 में मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की कुर्सी सौंपिए, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इसका मतलब हर नागरिक के जीवन में परिवर्तन होना, प्रति व्यक्ति आय बढ़ना। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष में छह करोड़ व देश में 24 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठे हैं। सरकार के परिणामस्वरूप बिना भेदभाव शासन की सभी योजनाओं (आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, सड़कें, हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, टू लेन-फोर लेन की कनेक्टिविटी) का लाभ सभी को मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ शनिवार को मगहर कबीर महोत्सव-2024 के समापन समारोह में पहुंचे।



**मोदी के नेतृत्व में नए भारत में 140 करोड़ लोगों का गौरव बढ़ा है : योगी आदित्यनाथ**

यहां उन्होंने 360 करोड़ की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। संत कबीर स्थली पर 600 जोड़ों के सामूहिक विवाह में पहुंचे सीएम ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। सीएम ने बटन दबाकर इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का शुभारंभ भी किया। सीएम ने सुप्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा के भजन के साथ अन्य कार्यक्रमों को भी देखा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कबीर के बगैर मगहर सचमुच नरक है। मध्यकाल के इस महान संत ने इस चुनौती को कबूल किया था, जब मगहर के बारे में मान्यता थी कि यहां जाने पर नरक मिलता है। यह बंजड़ क्षेत्र था। यहां की मिट्टी नमकीन और पानी खारा था, लेकिन उनके चमत्कार ने इसे स्वर्णमयी बना दिया। यहां पवित्र आमी नदी बह रही है। जैसी फसलें सब जगह होती हैं, वैसे ही यहां भी होती हैं। यहां का पानी मीठा हो गया और संत कबीर के चमत्कार से यह जनपद चमत्कृत हो गया। कबीर महोत्सव यहां की पहचान है।

### तेजी से अपनी विकास यात्रा को बढ़ा रहा संतकबीर नगर

मुख्यमंत्री ने कहा कि संतकबीर नगर नया जनपद है, फिर भी यह तेजी से अपनी विकास यात्रा को बढ़ा रहा है। पिछले पांच वर्ष के भीतर यहां पीएम मोदी व राष्ट्रपति का कार्यक्रम लगा। यहां कबीर एकेडमी का निर्माण हुआ। बखिरा ताल का पुनरुद्धार कर इको टूरिज्म का नया केंद्र बनाने की तैयारी रही है। पक्षी बिहार के साथ यहां पर्यटक आ सकें, जिससे स्थानीय लोगों के लिए आजीविका के साधन सृजित हो सकें और यह मनोरंजन व प्रवासी पक्षियों का केंद्र बन सके। मछुआरों के लिए भी मछली पालन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। तामेश्वर धाम मंदिर के पुनरुद्धार व पर्यटन विकास को बढ़ाने जा रहे हैं। आने वाले समय में संत कबीर नगर में अपना मेडिकल कॉलेज हो। इसके लिए प्रशासन को निर्देश दिया गया है। बस अड्डे के निर्माण की कार्रवाई बढ़े। इतनी सब सुविधाएं देनी है तो सुरक्षा का माहौल चाहिए। सीएम ने कहा कि आईसीसीसी सुरक्षा का बेहतर माहौल व ट्रैफिक मैनेजमेंट को सुदृढ़ करेगा। संतकबीर नगर में आईसीसीसी बनाने के लिए निधि देने पर सीएम ने जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।

# आमजन की शिकायत का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता : दीपक मीणा

**मेरठ,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने प्राप्त शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 85 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 2 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, एमडीए, पुलिस से संबंधित प्रकरण तथा चकरोड व भूमि से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाईश कराने इत्यादि प्रकरणों पर 85 शिकायती/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 2 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतो का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुये निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके शिकायती व प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस अवसर पर



- **तहसील सरधना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित**
- **85 शिकायतों में से दो का हुआ मौके पर निस्तारण**

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौड सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### जैनब खातून को किया सम्मानित



**मेरठ।** पैरा एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल विजेता जैनब खातून को यूको बैंक जॉनल मैनेजर संजय नंदूरकर व शाखा जई प्रबंधक राहुल वर्मा ने किया सम्मानित। बता दें की चीन के हांगझोऊ मे हुए एशियन गेम्स, मेरठ के नगला साहू गांव निवासी जैनब प्रदेश की पहली पैरा पावरलिफ्टर हैं, 61 किग्रा कैटेगरी में उन्होंने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है, जैनब 2022 में नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम भार उठा चुकी हैं। 2023 में विश्व चैंपियनशिप दुबई में उन्होंने 82 किलोग्राम भार उठाकर एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया है। इस मौके पर अदिति, रजत, मुकेश व अन्य सामिल रहे।

### अपात्र आवदेक डूडा कार्यालय में दर्ज कराएं आपत्ति

**मेरठ।** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा मेरठ ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि निदेशक राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) लखनऊ उप्र मुख्यालय के पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के स्वीकृत परियोजनाओ (डीपीआर) का कर्टेलमेंट कर सूडा मुख्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तत्क्रम में सूडा मुख्यालय द्वारा चयनित डीपीआर/पीएमसी कन्सल्टेंट वाप्कोस लिमिटेड के द्वारा जनपद मेरठ की नगर निगम मेरठ में अपात्रो की सूची उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने बताया कि नगर निगम मेरठ में स्वीकृत डीपीआर में लाभार्थियो की संख्या-3780, स्वीकृत डीपीआर में अपात्र, माइग्रेट, पक्का मकान पाए गए आवेदको की संख्या-56, घटक का नाम बीएलसी-न्यू है। उपरोक्तानुसार 56 अपात्र पाये गये आवेदको का कर्टेलमेंट किया जाना है, इसलिए अपात्र पाये गये आवेदको की सूची डूडा कार्यालय मेरठ के सार्वजनिक सूचना पट्ट पर दिनांक 1 फरवरी से 7 फरवरी तक इस उद्देश्य से चस्पा की जायेगी कि अपात्र आवदेक अपनी पात्रता के संबंध में डूडा कार्यालय मेरठ में आपत्ति दर्ज करा सकते है। अंतिम तिथि के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त आपत्तियो का निस्तारण नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ या उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

### पेट के आपरेशन के बाद महिला नें तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद।** पेट दर्द के चलते महिला का आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद अचानक हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे लेकर कानपुर गये जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव लेकर वापस आ गए। उन्होंने अस्पताल के निकट ही हाई-वे पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के समझानें के बाद परिजन हटे। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। थाना कादरी गेट के ग्राम पपियापुर निवासी सोनू राजपूत की 30 वर्षीय पत्नी रीना के पेट में दर्द की शिकायत रहती थी। कोतवाली फतेहगढ़ के मसेनी चौराहे पर एक अस्पताल में उसे भर्ती कराया।

# रोजगार मेले का किया गया आयोजन



- **मेले में 11 निजी क्षेत्र की कंपनियों ने किया प्रतिभाग**

**मेरठ,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत शनिवार को चौ.प्रेमनाथ सिंह केवी इण्टर कॉलेज माछरा, विकास खण्ड-माछरा, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 11 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस/बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 10000 रूपए और अधिकतम 25000 रूपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेलों में चयनित युवाओं का उत्साहवर्धन किया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी जी एवं ब्लॉक प्रमुख अशोक त्यागी जी द्वारा चयनित 86 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 35 अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

# नई शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है : डॉ.सुधीर गिरि

**मेरठ,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में स्कूल ऑफ नर्सिंग में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम अनूगूंज-2024 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान

- **वेंक्टेश्वरा में नवप्रेशित छात्र-छात्राओ के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित**

प्रबन्धन एवं प्रशासन ने नवॉन्तुक नर्सिंग छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें अपने अंतरराष्ट्रीय डिमाण्ड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया। इस अवसर पर पुराने छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समारोह को यादगार बना दिया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि नई शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है जिसमें सभी क्षेत्रों के युवाओ के लिए ढेरों रोजगार की सम्भावनाएं निहित हैं, लेकिन नर्सिंग जैसा पुनीत एवं मानवीय सेवा जैसा कोई दूसरा प्रोफेशन हो ही नहीं सकता। नर्सिंग प्रोफेशनल्स का रोल किसी भी मायने में चिकित्सक से कमतर नहीं है। वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में हजारो स्किल्ड नर्सिंग प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। ये बडे गौरव की बात है कि संस्थान के नर्सिंग प्रोफेशनल्स युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न हॉस्पीटल्स/स्वास्थय संस्थानो में कार्य कर रहे है। समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने सभी नवप्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओं को नए सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपना शत-प्रतिशत देते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया। वेंक्टेश्वरा संस्थान के सी.वी. रमन सभागार में आयोजित अनूगूंज-2024 कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो.वीपीएस अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, प्रतिकुलपति डा. राकेश यादव एवं नर्सिंग प्रिंसीपल डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।




### एक दशक में भारतीय युवाओं ने भारत का गौरव बढ़ाने का किया काम : त्यागी

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओं ने विशेष रूप से नर्सिंग/पैरामेडिकल एवं मेडिकल्स प्रोफेशनल्स ने शानदार तरीके से काम करके भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया है। हम अपने यहां प्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओं को एक सफल एवं सुरक्षित करियर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एडीएम ने समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**मवाना,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। माह के पहले शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम अतिम कुमार और उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव ने फरियादियों की समस्या सुनी। इस दौरान 93 फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखी। जिसमें 18 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं अन्य शिकायतों के लिए आलाधिकारियो को निर्देशित कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किये जाने को आदेर्शित किया। साथ ही शिकायत में लापरवाही मिली मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की बात कही। शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में एडीएम अमित कुमार ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एक ही समस्या बार-बार उत्पन्न न हो, समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जांच अधिकारियों द्वारा मौके की जांच न करके कागज पर निस्तारण की शिकायत संज्ञान में आया तो निस्तारण करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शासन से संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिन शिकायतों का निस्तारण नहीं हो सका है, उसका स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।



- **18 शिकायतों का किया मौके पर निस्तारण**

# रईस आजम सपा के मवाना तीसरी बार नगर अध्यक्ष मनोनीत

**मवाना,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मवाना निवासी रईस आजम मलिक को समाजवादी पार्टी मवाना का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके द्वारा सपा की कमान आने से नगर की अनेक समस्याओं का समाधान कराया जाएगा उन्होंने अपने मनोनियां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मान सम्मान करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं महमूद गजनवी , हाजी अजमल गाड़ा, नवेद आलम,तय्यब विकलांग, वसीम सैफी, डॉक्टर सलीम खान, इस्तियाक अब्बासी,आदि ने रईस आजम मलिक को मवाना नगर का तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



# बिजनौर लोकसभा के लिए लोकदल ने फूंका चुनावी बिगुल

**मवाना,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मददेनजर शुक्रवार को मीरपुर के कुतुबपुर गांव में लोकदल की विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान की मांग कर रहे हैं कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। हमारे खून का एक एक कतरा चौधरी चरण सिंह के लिए समर्पित है। यह किसान की ही लड़ाई नहीं बल्कि देश की लड़ाई है। राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह आयोजित लोकदल की महासभा में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जब भी किसी पार्टी का कोई बड़ा नेता आता है तब वह पश्चिम उत्तर प्रदेश की उस मिट्टी को नमन करता है जिसमें चौधरी चरण सिंह पैदा हुए और उनके चरणों में पुष्प भी अर्पित करता है, लेकिन उनको भारत रत्नसम्मान दिलाए जाने की बात नहीं करता है। सभी नेता पश्चिम उत्तर प्रदेश से वोट बटोर कर सत्ता हासिल कर रहे हैं, लेकिन किसानों के हित में कोई काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर देश का किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा और भारत का दुनिया में नाम होगा।



- **चौधरी चरण सिंह को मिले भारत रत्न**

**आयोजन** *अन्तर्विश्वविद्यालय सुभारती युवा उत्सव का विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ समापन*

# अपनी प्रतिभा को निष्ठा के साथ राष्ट्रहित में लगाए विद्यार्थी : स्तुति नारायण

**मेरठ,** 3 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव का विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों की बीच विजेताओं के सम्मान के साथ समापन हो गया। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आयोजित सेन्ट्रल जोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय सुभारती युवा उत्सव में आयोजक के रूप में स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय का परिसर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगो से रंगा रहा।

देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालय से आए विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति, साहित्य, सुरीले संगीत और मनमोहक नृत्य के साथ मूक अभिनय सहित 28 प्रतियोगिताओं में जमकर अपना हुनर दिखाया। मांगल्या प्रेक्षागृह में आयोजित समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़, विशिष्ट अतिथि मेरठ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र, सुभारती युवा उत्सव के मुख्य पर्यवेक्षक डॉ. अरुण पाटिल, तकनीकी पर्यवेक्षक दीपक कुमार झा, युवा महोत्सव की संयोजक डॉ.भावना ग्रोवर, फाइन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य डॉ.पिंटू मिश्रा, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. प्रदीप राघव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालय संघ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सेन्ट्रल ज़ोन के 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय सुभारती युवा उत्सव का आयोजन बेहद सफल रहा। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों से आएं विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न संस्कृतियों को संगम का रूप दिया। उन्होंने विजेता विश्वविद्यालय व सभी विद्यार्थिंयों का उत्साह वर्धन करते अपनी शुभकामनाएं दी। सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय ने आयोजक के रूप में सुन्दर आयोजन कर 37 वें अन्तर्विश्वविद्यालय युवा उत्सव का सफलतापूर्वक समापन किया है। उन्होंने कहा सुभारती विश्वविद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता, भारतीय संस्कार एवं भव्य परिसर के लिये विख्यात है और शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से अपने विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निष्ठा के साथ राष्ट्रहित में लगाए ताकि हमारा देश सशक्त बन सके। उन्होंने विजेता विश्वविद्यालय एवं सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपनी मंगलकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि मेरठ प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडे ने कहा कि युवा देश की शक्ति है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से कला, संस्कार एवं विचारों का संगम होता है।



**कला, संस्कार व विचारों के संगम से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है : अभिषेक पांडे**

- **युवा उत्सव की ट्रॉफी पर सुभारती विश्वविद्यालय का कब्जा**
- **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं की हुई घोषणा**

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 4 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

**'भगवान परशुराम' में भूमिका निभाने को लेकर विशाल आदित्य सिंह उत्साहित**

**मुंबई।** शो 'भगवान परशुराम' में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता विशाल आदित्य सिंह ने कहा कि वह अलग चीजें करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि शो का उद्देश्य दर्शकों को भारतीय इतिहास और संस्कृति के करीब लाना है। विशाल, इशिता गांगुली और नवीना बोले अभिनीत 'भगवान परशुराम' एक ऐसे भगवान की कहानी बताती है, जिनकी उपस्थिति को पहचाना जाता है। लेकिन, इसे पूरी तरह से खोजा नहीं गया है। इस भक्ति श्रृंखला में भगवान विष्णु के छठे अवतार, भगवान परशुराम की यात्रा का प्रदर्शन किया जाएगा। भगवान परशुराम का किरदार निभाने वाले विशाल ने कहा कि भारत की पौराणिक कथाओं में गहरी जड़ें हैं, और भारतीय मनोरंजन उद्योग कुछ अद्भुत कहानियां सामने ला रहा है।

# बढ़ रहे हैं पारिवारिक कैंसर के मामले

■ कैंसर से पीड़ित दो या दो से अधिक प्रथम-डिग्री रिश्तेदारों में जीन म्यूटेशन ■ स्तन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिम्बग्रंथि और प्रोस्टेट कैंसर में उच्च अनुपात

**विश्व कैंसर दिवस**

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों ने भारत में 'पारिवारिक कैंसर' के बढ़ते मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त की है। पारिवारिक कैंसर की विशेषता एक ही प्रकार के कैंसर से पीड़ित दो या दो से अधिक प्रथम-डिग्री रिश्तेदारों में जीन म्यूटेशन है। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति जेनेटिक प्रवृत्ति, परिवर्तनशील जीन प्रवेश और पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होती है। सीके बिड़ला अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि पारिवारिक कैंसर तब उत्पन्न होता है जब परिवार के कई सदस्यों को एक ही कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। जबकि पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा सकते हैं, कई मामलों में जेनेटिक जीन शामिल होते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।



उन्होंने कहा कि ये जीनोमिक कैंसर वैश्विक कैंसर के 5-10 प्रतिशत मामलों में शामिल हैं और रोकथाम के लिए इन्हें समझना महत्वपूर्ण है। अन्य उल्लेखनीय पारिवारिक कैंसर के प्रकारों में मेडुलरी थायरॉयड कैंसर, पारिवारिक एडिनोमेटस पॉलीपोसिस और कोलोरेक्टल कैंसर से जुड़ा लिंच सिंड्रोम शामिल हैं। जेनेटिक कैंसर सिंड्रोम पर मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर द्वारा किए गए डेटा विश्लेषण से कुल सकारात्मकता दर 49.02 प्रतिशत सामने आई। इसमें परीक्षण के लिए गए 102 रोगियों के परिणामों का अध्ययन किया गया। कुल पाए गए मामलों में से, अधिकतम मामले स्तन कैंसर (34 प्रतिशत) के थे, इसके बाद गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर (30 प्रतिशत), डिम्बग्रंथि (8 प्रतिशत) और प्रोस्टेट कैंसर थे। मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड की मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी और वरिष्ठ ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट कीर्ति चड्ढ़ा ने कहा कि कैंसर के 10-15 प्रतिशत मामलों में परिवार की क्रमिक पीढ़ियों से चली आ रही जेनेटिक प्रवृत्ति को जिम्मेदार ठहराया गया है। स्तन, बृहदान्त्र, मूत्राशय और डिम्बग्रंथि के कैंसर आमतौर पर जेनेटिक प्रवृत्ति से जुड़े होते हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने विशेष रूप से कम से कम दो अलग-अलग प्राथमिक ठोस ट्यूमर कैंसर के व्यक्तिगत इतिहास वाले व्यक्तियों में रोगजनक उत्परिवर्तन की उच्च पहचान दर देखी।

उन्होंने कहा कि बीआरसीए संबंधित कैंसर का निदान 40 वर्ष या उससे कम उम्र में किया जाता है, कोलोरेक्टल पॉलीपोसिस का इतिहास और स्तन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिम्बग्रंथि और प्रोस्टेट कैंसर में उच्च अनुपात के साथ ऐसे अन्य उद्धृत संबंध हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के परिवार के करीबी सदस्यों को कैंसर है तो उन्हें परामर्श लेने पर विचार करना चाहिए। डॉक्टर महज आशंका से परे जाकर वास्तविक जोखिम का आकलन करने के लिए एक वंशावली चार्ट बनाएंगे। पहचाने गए जोखिमों के आधार पर, विशिष्ट कैंसर प्रकारों या एकाधिक जीनों को लक्षित करते हुए विभिन्न जीनोमिक परीक्षणों की सिफारिश की जा सकती है। मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स में कैंसर केयर/ऑन्कोलॉजी, सीनियर कंसल्टेंट और एचओडी - ऑन्कोलॉजी सनी जैन ने बताया कि जेनेटिक कैंसर संवेदनशीलता जीन वाले व्यक्ति को यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने चाहिए कि वह आपके जोखिम को कम करने और कैंसर का शीघ्र पता लगाने के तरीके ढूंढ सके। उन्होंने कहा कि इसमें स्वस्थ आहार खाना, धूम्रपान और शराब छोड़ना, नियमित जांच कराना, विभिन्न स्क्रीनिंग कार्यक्रमों में नामांकन करना और कैंसर के सभी परिवर्तनीय जोखिम कारकों का ध्यान रखते हुए अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय रहना शामिल हो सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, एक बार किसी व्यक्ति को परिणाम मिलने के बाद शीघ्र पता लगाने और हस्तक्षेप के लिए, रोकथाम की रणनीतियों को तैयार किया जा सकता है।

## कुलगाम ऑपरेशन के पीछे की वास्तविक भावनाओं को सामने लाने में मैं अपना योगदान दे रही हूं : सुरभि चंदना

**मुंबई,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुरभि चंदना 'रक्षक-इंडियाज ब्रेव्स चैप्टर 2' का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि वह कुलगाम ऑपरेशन की बारीकियों को दिखाने में अपना योगदान दे रही हैं। 'रक्षक' की दूसरी इंस्टॉलमेंट में बरुण सोबती और विश्वास किनी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

सुरभि, जो 'कुबूल है', 'इश्कबाज' और 'नागिन 5' जैसे टीवी शो में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, राष्ट्रवाद के वास्तविक सार को दर्शाते हुए बहादुरी और बलिदान की इस कहानी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। सुरभि ने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि रक्षक- इंडियाज ब्रेव्स- चैप्टर 2 भारतीय सेना और उनके परिवारों के बलिदान के लिए एक श्रद्धांजलि है। मैं इस यात्रा का हिस्सा बनने और कुलगाम ऑपरेशन के पीछे की वास्तविक भावनाओं को सामने लाने में अपना योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

कहानी नायब सूबेदार सोमबीर सिंह की प्रेरक यात्रा को उजागर करती है, जो कर्तव्य के दौरान शहीदों द्वारा किए गए बलिदान की अनकही कहानी का पता लगाती है। जगरनॉट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित



सीरीज जल्द ही अमेजन मिनीटीवी पर प्रीमियर होगी।

## एक्ट्रेस कृति सैनन ने इंडियन आइडल प्रतियोगी आद्या मिश्रा से कहा, 'आपकी आवाज रेखा भारद्वाज मैम से काफी मिलती-जुलती है

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', शाहिद कपूर और कृति सैनन का स्वागत करेगा, जो अपनी फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को प्रमोट करते नजर आएंगे। 'धमाकेदार 8' नाम के इस खास एपिसोड में, प्रतियोगी टॉप 8 में अपनी जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और 'इंडियन आइडल' का प्रतिष्ठित खिताब जीतने का सफर जारी रखेंगे!



सप्ताह दर सप्ताह, 'फरीदाबाद' की प्रतियोगी 'आद्या मिश्रा' ने लगातार अपनी अनूठी आवाज से जजों और दर्शकों का ध्यान खींचा है। आगामी एपिसोड में वो फिल्म 'उड़ता पंजाब' से 'इक कुड़ी' और फिल्म 'कमीने' से 'रात के ढाई बजे' गाकर एक बार फिर सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी।

आद्या की मंत्रमुग्ध कर देने वाली परफॉर्मेंस से चकित होकर कृति सैनन कहेंगी, 'आद्या, आपकी आवाज बहुत प्यारी है। आप धीरे-धीरे गा सकती हैं और साथ ही इसमें दर्द भी है और मजा भी! जब आप पहला गाना गा रही थीं तो मैंने विशाल सर से कहा था कि आपकी आवाज रेखा भारद्वाज मैडम से काफी मिलती-जुलती है। मैंने परफॉर्मेंस का पूरा मजा लिया।



गानों में आद्या का वॉइस मॉड्यूलेशन सुनकर जज विशाल ददलानी ने कहा, 'मुझे लगता है कि आप यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं कि आप गेम में बनी रहें। जिस आद्या से हम पहले मिले थे, वो ऐसी व्यक्ति थीं जो अपनी आवाज़ जानती थी, उसका इस्तेमाल करना जानती थी, और कमांड लेना और एक यादगार परफॉर्मेंस देना जानती थी जिसे आप नहीं भूल सकते। मैं आज हैरान हूं क्योंकि मुझे उम्मीद नहीं थी कि आप अचानक इस स्तर तक गाएंगी।

## पूनम पांडे की मौत की खबर को टीवी स्टार्स ने बताया 'पब्लिसिटी स्टंट', कहा कि शर्म करो

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। मौत की खबर फैलाने के बाद कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस-मॉडल पूनम पांडे ने कहा कि वह जिंदा हैं और यह सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। जब उनके सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होने पर बयान जारी किया गया, तो हर कोई हैरान रह गया। कंगना रनौत, जिनके शो 'लॉक अप' ने पूनम पांडे को रियलिटी टीवी स्टार का दर्जा दिया, उनकी 'मौत' पर 'शोक' जताने वाली पहली महिला थीं।



एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि यह बहुत दुःखद है, एक यंग लड़की को कैंसर से खोना विभिषिका है। ओम शांति!

रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में पांडे के साथ काम करने वाली संभावना सेठ ने कहा कि उन्होंने उन्हें कभी नहीं बताया कि उन्हें सर्वाइकल कैंसर है। एक्ट्रेस द्वारा मौत की झूठी खबर की पुष्टि करने के बाद लोगों ने इसे एक पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। अभिनेत्री पायल घोष ने कहा कि कुछ लोगों को जागरूकता के नाम पर इस तरह के स्टंट करना मजाक लगता है। सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित लोगों को नर्क का जीवन जीना पड़ता है, लेकिन कुछ लोग इसे पीआर के लिए इस्तेमाल करना अपना अधिकार समझते हैं! दुःखद।

पूनम के दोस्त और डिजाइनर रोहित के. वर्मा ने उनकी लेटेस्ट वीडियो पर कमेंट किया और लिखा कि सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता को फैलाना महत्वपूर्ण है, लेकिन मौत की झूठी कहानी बनाना भ्रामक हो सकता है, आइए जागरूकता बढ़ाने और इस गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए अधिक जिम्मेदार तरीकों को अपनाएं।

पांडे की लॉक अप की को-स्टार सायशा शिंदे ने कहा कि फेक सिंपैथी लेकर आप कभी जागरूकता हासिल नहीं कर सकते। आपने एक दोस्त को हमेशा के लिए खो दिया है। आपको शर्म आनी चाहिए।

पूर्व बिग बॉस कंटेस्टेंट श्रीजिता डे ने भी पांडे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता पैदा करने का कोई तरीका नहीं है। यह बेहद गलत है। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि कोई प्रमोशन के लिए इस कदर गिर सकता है।

## गूगल ने अपना 'कैश्ड' वेब पेज फीचर किया खत्म

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। गूगल ने आधिकारिक तौर पर अपने 'कैश्ड' वेब पेज फीचर को बंद कर दिया है। कंपनी ने कहा कि अब इसकी आवश्यकता नहीं है। इसकी पुष्टि करते हुए गूगल ने कहा कि यह लोगों को पेजों तक पहुंचने में मदद करने के लिए था, इन दिनों, चीजों में काफी सुधार हुआ है, इसलिए, इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। कई यूजर किसी वेबसाइट की वैधता को सत्यापित करने के लिए इस टूल का उपयोग करते रहे हैं, और एसईओ प्रबंधक इसका उपयोग समस्याओं के लिए अपनी साइटों की जांच करने के लिए कर सकते हैं। बहुत सारे यूजर्स, विशेष रूप से समाचार उद्योग में, यह निर्धारित करने के लिए वेबसाइटों के कैश की जांच करते हैं कि क्या हाल ही में कोई सामग्री जोड़ी गई है या हटा दी गई है।




पिछले महीने, गूगल ने 'सर्वोत्तम उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए' गूगल असिस्टेंट में कुछ कम उपयोग की गई सुविधाओं को हटा दिया था।

कंपनी द्वारा साझा की गई सूची के अनुसार, गूगल ने 17 फीचर्स हटा दिए हैं। हटाई जा रही कुछ सुविधाओं में वह कार्यक्षमता शामिल है, जो यूजर्स को ईमेल, वीडियो या ऑडियो संदेश भेजने के लिए अपनी आवाज का उपयोग करने की अनुमति देती है। यूजर्स आरक्षण करने, भुगतान भेजने या सोशल मीडिया पर पोस्ट करने जैसे कार्य करने के लिए भी अपनी आवाज का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

## ओटीटी ने कई लोगों को स्टार बनाया, पंकज त्रिपाठी और विक्रांत मैसी उनमें से एक : शिल्पा शेट्टी

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। 1990 के दशक में बड़े पर्दे पर राज करने वाली एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपने काम से ओटीटी पर छा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी बात है कि वह खुद को फिर से आगे बढ़ाने में सक्षम हैं।

यह पूछे जाने पर कि ओटीटी स्पेस पर 'सुखी' और 'इंडियन पुलिस फोर्स' जैसी प्रोजेक्ट्स के साथ जुड़ना कैसा लगता है, शिल्पा ने कहा कि अलग-अलग प्लेटफार्मों के जरिए अपने काम से दर्शकों को हैरान करना, उनका प्यार पाना, उनके द्वारा पसंद किया जाना अच्छा लगता है। मैं इसे एक बड़ी प्रशंसा के रूप में लेती हूं कि मैं खुद को फिर से आगे बढ़ाने में सक्षम हूं। शिल्पा ने टैलेंट को सामने लाने के लिए ओटीटी सीन्स की प्रशंसा की।



कोविड के समय में ऐसे कई सितारे थे, जो इस प्लेटफॉर्म द्वारा बनाए गए थे, एक उदाहरण पंकज त्रिपाठी हैं, इतने लंबे समय तक इंडस्ट्री में रहने के चलते लोगों ने उनके टैलेंट को देखा। उनके टैलेंट में स्टार क्वालिटी थी और विक्रांत मैसी जैसे कई सितारे उनमें से कुछ हैं। मैं कहूंगी कि ओटीटी ज्यादा लोगों और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचता है। इसलिए, आप यह नहीं आंक सकते कि ओटीटी एक एक्टर की प्रोफ़ाइल में क्या लाता है। शिल्पा का लेटेस्ट प्रोजेक्ट रोहित शेट्टी की सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' है। फिल्म निर्माता की यह एक्शन-थ्रिलर कॉप यूनिवर्स पर आधारित है।

## करीना कपूर ने 'एट 21' ट्रेंड को किया फॉलो, फिल्म 'अशोका' से शेयर की दो तस्वीरें

**मुंबई,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर 'एट 21' ट्रेंड को फॉलो करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने फिल्म 'अशोका' से एक थ्रोबैक पिक्चर शेयर की। इस वीक इंस्टाग्राम स्टोरीज में एक नया ट्रेंड देखने को मिला एवरीवन टैप इन... चलो तुम्हें 21 साल की उम्र में देखते है इस ट्रेंड के मुताबिक, यूजर को अपनी 21 साल की उम्र की फोटो या वीडियो शेयर करनी होती है।

इस वायरल ट्रेंड को फॉलो करते हुए करीना ने फिल्म अशोका का एक सीन शेयर किया, जिसमें उनके साथ एक्टर शाहरुख खान भी नजर आ रहे हैं।

इसे पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने कैप्शन में लिखा, आज मैं 21 साल की उम्र को महसूस कर रही हूं। उन्होंने फिल्म से अपनी एक और तस्वीर भी शेयर की और लिखा 21

संतोष सिवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'अशोका' 2001 में रिलीज हुई। यह मौर्य सम्राट सम्राट अशोक के प्रारंभिक जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में अधिकांश भारतीय उपमहाद्वीप पर शासन किया था।

फिल्म में शाहरुख मुख्य भूमिका में हैं और करीना कौरवकी की भूमिका में हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, करीना को अब से पहले 'जाने जान', 'द बकिंघम मर्डर्स' में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म 'द क्रू' और 'सिंघम अगेन' है।

## कर्मा कॉलिंग के जरिये बतौर कलाकार मुझे खुद को और ज्यादा एक्सप्लोर करने में मदद मिली : रवीना टंडन

**पटना,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि वेबसीरीज कर्मा कॉलिंग के जरिये उन्हें बतौर कलाकार खुद को और ज्यादा एक्सप्लोर करने में मदद मिली है। रवीना टंडन इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' को लेकर चर्चा में है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 26 जनवरी को रिलीज हुई कर्मा कॉलिंग में रवीना टंडन ने इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाया है। 'कर्मा कॉलिंग' अमेरिकी सीरीज 'रिवेंज' पर आधारित है, जो 2011-2015 के दौरान टेलीकास्ट हुई थी।रवीना टंडन ने 'कर्मा कॉलिंग' में नेगेटिव किरदार निभाया है। इससे पूर्व रवीना टंडन ने फिल्म अक्स में नेगेटिव किरदार निभाया था।

रवीना टंडन ने वेबसीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में अपने किरदार को लेकर बताया कि उन्होंने इस तरह का किरदार लंबे वक्त से अदा नहीं किया था। इंद्राणी कोठारी का किरदार अपनी ही दुनिया में यकीन करता है। कर्मा कॉलिंग के जरिए बतौर कलाकार मुझे खुद को और ज्यादा एक्सप्लोर करने में मदद मिली है। कर्मा कॉलिंग का हिस्सा बनने के लिए मैं डिज्नी प्लस हॉटस्टार की शुक्रगुजार हूं। इंद्राणी जैसा किरदार निभाते हुए मैंने खुद को बतौर एक्टर बहुत एक्सप्लोर किया है। मैंने इस तरह का किरदार पहले कभी नही किया है।

रवीना टंडन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म पत्थर के फूल से की थी। रवीना टंडन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुए तीन दशक हो गए हैं। रवीना टंडन ने बताया कि मैंने अपने सिने करियर के दौरान रोमांटिक, कॉमेडी जैसे कई किरदार निभाये हैं। लेकिन इंद्राणी कोठारी का किरदार मेरे व्यक्तित्व से बिल्कुल ही अलग है।मैंने फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाये हैं। मैंने अबतक के अपने फिल्मी सफर को बहुत पॉजिटिव लिया है। मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि दर्शकों का प्यार मुझे लगातार मिलता रहा है। एक कलाकार होने के नाते हर तरह की भूमिका मेरे लिए चुनौतीपूर्ण है। मैं फिल्मों में एक ही तरह की भूमिका नहीं निभाना चाहती। आने वाली फिल्मों के जरिये मैं दर्शकों को कुछ नया देने की कोशिश करूंगी। रवीना टंडन ने अपने सिने करियर के दौरान सभी दिग्गज कलकारों के साथ काम किया है। उन्होंने बताया कि शाहरूख खान के साथ काम करने में उन्हें बहुत मजा आता है, वह हमेशा सबको हंसाते रहते हैं।



रवीना टंडन की आने वाली फिल्मों में अक्षय कुमार के साथ वेलकम फ्रेंचाइजी की फिल्म वेलकम टू द जंगल और संजय दत्त के साथ फिल्म घुड़चढ़ी शामिल है। रवीना टंडन ने बताया कि कार्तिक आर्यन की कॉमिक टाइमिंग बहुत अच्छी है। यदि उन्हें अवसर मिलता है तो वह कार्तिक आर्यन के साथ कॉमेडी फिल्म करना पसंद करेंगी।

**खाने को लेकर वैज्ञानिकों ने शोध में किया खुलासा**

# भोजन में प्रयुक्त प्रिजर्वेटिव का आंत के माइक्रोबायोम पर पड़ता है बुरा असर

**सैन फ्रांसिस्को,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि भोजन में उपयोग किए जाने वाले सामान्य प्रिजर्वेटिव का आंत के माइक्रोबायोम (मानव पाचन तंत्र से जुड़े रोगाणु) पर अप्रत्याशित प्रभाव पड़ता है। एसीएस केमिकल बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, भोजन में रोगजनकों को मारने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक सामान्य प्रिजर्वेटिव की जांच से पता चला है कि इसका लाभकारी बैक्टीरिया पर भी प्रभाव पड़ता है जिससे आंत के माइक्रोबायोम का संतुलन खतरे में पड़ जाता है।

खाद्य निर्माता अक्सर खाद्य उत्पादों को ताजा बनाए रखने के लिए उनमें प्रिजर्वेटिव मिलाते हैं। इन प्रिजर्वेटिव्स का प्राथमिक उद्देश्य उन रोगाणुओं को मारना है जो भोजन को खराब करने और सड़ाते हैं।

शोध में कहा गया है, 'बैक्टीरिया माइक्रोबियल प्रतिस्पर्धियों को मारने के लिए बैक्टीरियोसिन्स नामक रसायन बनाते हैं। ये रसायन भोजन में संभावित खतरनाक रोगजनकों को मारकर प्राकृतिक संरक्षक के रूप में काम कर सकते हैं। लैंथिपेप्टाइड्स विशेष रूप से शक्तिशाली रोगाणुरोधी गुणों वाले बैक्टीरियोसिन का एक वर्ग है जिसका व्यापक रूप से खाद्य उद्योग द्वारा उपयोग किया जाता है और इसे लैंटीबायोटिक्स के रूप में जाना जाता है।

शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पाया कि लैंटीबायोटिक्स के सबसे आम वर्गों में से एक में रोगजनकों और हमें स्वस्थ रखने वाले कमेंसल आंत बैक्टीरिया दोनों के खिलाफ शक्तिशाली प्रभाव होते हैं।



■ **बैक्टीरिया माइक्रोबियल प्रतिस्पर्धियों को मारने के लिए बनाते हैं बैक्टीरियोसिन्स नामक रसायन**

निसिन एक लोकप्रिय लैंटीबायोटिक है जो बीयर से लेकर सॉसेज, और डिपिंग सॉस तक विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह गायों की स्तन ग्रंथियों में रहने वाले बैक्टीरिया द्वारा निर्मित होता है, लेकिन मानव आंत में सूक्ष्मजीव भी इसी तरह के लैंटीबायोटिक्स का उत्पादन करते हैं।

पीएचडी,पोस्टडॉक्टरल विद्वान जेनरुन 'जेरी' झांग ने कहा कि 'निसिन' एक प्रकार का एंटीबायोटिक है जिसे लंबे समय से हमारे भोजन को सही रखने के लिए उपयोग किया जाता है। लेकिन यह हमारे आंत रोगाणुओं को कैसे प्रभावित कर सकता है इसका अभी अच्छी तरह से अध्ययन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भले ही यह हमारे भोजन को लंबे समय तक सही रखने में मदद कर सकता है, लेकिन यह हमारे मानव आंत के रोगाणुओं पर भी अधिक प्रभाव डाल सकता है।

झांग ने अपनी टीम के साथ मानव आंत के बैक्टीरिया जीनोम के एक सार्वजनिक डेटाबेस की जांच की और छह अलग-अलग आंत-व्युत्पन्न लैंटीबायोटिक्स के उत्पादन के लिए जीन की पहचान की, जो निसिन से काफी मिलते-जुलते थे, जिनमें से चार नए थे।

शोधकर्ताओं ने पाया कि हालांकि विभिन्न लैंटीबायोटिक्स के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन वे सभी रोगजनकों और कमेंसल बैक्टीरिया को मार देते थे। झांग ने कहा कि यह अध्ययन यह दिखाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि आंत के कमेंसल लैंटीबायोटिक्स के प्रति संवेदनशील होते हैं, और कभी-कभी रोगजनकों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भोजन में मौजूद लैंटीबायोटिक्स के स्तर को देखते हुए, यह बहुत संभव है कि वे हमारे पेट के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डाल सकते हैं।

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.49 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.44 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 3.23 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 3.09 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.94 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.77 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.91 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.36 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.17 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' से स्टार्टअप की अगली लहर को मिलेगा बढ़ावा: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। सरकार ने शनिवार को 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' पहल शुरू की, जो अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार, स्टार्टअप और बड़े उद्यमों के बीच साझेदारी को सक्षम बनाएगी, जिससे स्टार्टअप की अगली लहर को बढ़ावा मिलेगा। उस पहल की शुरुआत करते हुए, जिसका लक्ष्य रिसर्च और इनोवेशन फ्रेमवर्क की स्थापना करके, मानकों, आईपी, सिस्टम और प्लेटफार्मों में नेतृत्व को बढ़ावा देकर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देना है, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत अपने नागरिकों के साथ-साथ दुनिया के लिए प्रौद्योगिकियों, बौद्धिक संपदा और समाधानों के निर्माण में सबसे आगे रहा है।

चंद्रशेखर ने इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) दिल्ली में कहा, 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स एक वास्तुकला में एक रूपरेखा का आखिरी टुकड़ा है, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत पहले एक साथ रखा था। इसकी शुरुआत 2015 में 'डिजिटल इंडिया' लॉन्च के साथ हुई और कई सालों तक भारत को दुनिया के



**डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स एक वास्तुकला में एक रूपरेखा का आखिरी टुकड़ा है, जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत पहले एक साथ रखा था:- चंद्रशेखर**

उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए एक विश्वसनीय केंद्र बनाने के लिए एक सक्षम ढांचा तैयार किया गया।'

निम्नलिखित प्रमुख विकास क्षेत्रों ऑटोमोटिव, कंप्यूट, कम्युनिकेशन, स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स/आईओटी पर समर्पित जोर प्रदान करने के लिए 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' का समन्वय सी-डैक द्वारा किया जाएगा।

मंत्री ने कहा, 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' भारत को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित करने और भारतीय उद्यमियों के इनोवेशन स्किल्स को प्रदर्शित करने वाला अंतिम महत्वपूर्ण ब्लॉक है। फ्यूचरलैब्स हाई-परफॉर्मेंस, ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धी सिस्टम बनाने में मदद करेगा जो कि किफायती, कम लागत और भरोसेमंद होने की विशेषताओं के अतिरिक्त होगा। सरकार की जल्द ही इंडिया सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर स्थापित करने की भी योजना है।

मंत्री ने कहा, 'सेमीकंडक्टर रिसर्च भी कुछ ऐसा होगा, जिस पर भारत ध्यान केंद्रित करेगा और अब हमारे पास 'डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' है जो एक तरह से यह सुनिश्चित करने की हमारी महत्वाकांक्षा को पूरा करेगा कि आने वाले दशक में टेक्नोलॉजी इनोवेशन इकोसिस्टम के लगभग हर टुकड़े और हिस्से पर एक भारतीय ध्वज हो। डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स' कार्यक्रम में टियर 1 सप्लायर्स और ऑटोमोटिव इंडस्ट्रियल प्लेटफॉर्म भी शामिल होंगे, जो भविष्य के लिए डिजाइन और इनोवेशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यह सहयोग के माध्यम से इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करने, सतत विकास को बढ़ावा देने और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## पीएलआई योजना से बदलेंगे भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के दिन

**नई दिल्ली**, 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारत का विनिर्माण क्षेत्र मुख्य 'ग्रोथ ड्राइवर' के रूप में उभरा है। वैश्विक मंदी के बीच देश 7 प्रतिशत से अधिक की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के साथ एक उज्ज्वल स्थान पर बना हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की गति जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो गई, जिसे सरकार की आर्थिक सुधारों की निरंतर प्रक्रिया का समर्थन प्राप्त है। अंतरिम बजट ने खिलौने, जूते और चमड़ा उद्योगों को कवर करने के लिए अत्यधिक सफल उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार किया है और विकास को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स के लिए परिव्यय बढ़ाया है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (वित्तीय वर्ष 24) के संकलित आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में देश ने इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 22.24 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की है, जो 20 बिलियन डॉलर को पार कर गया है। एप्पल और सैमसंग जैसे दुनिया के अग्रणी स्मार्टफोन निर्माताओं ने देश में कारखाने स्थापित किए हैं। अप्रैल और दिसंबर 2023 के बीच मोबाइल निर्यात कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का 52 प्रतिशत यानी 10.5 बिलियन डॉलर था। आईसीईए का अनुमान है कि 2023-24 के अंत तक मोबाइल फोन निर्यात प्रभावशाली 14-15 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। सरकार ने घरेलू निर्माताओं को चीन और वियतनाम में प्रतिद्वंद्वियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करने के लिए स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाले घटकों पर आयात शुल्क कम कर दिया है और इससे निर्यात में वृद्धि की गति बढ़ने की संभावना है। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र स्पष्ट रूप से आयात प्रतिस्थापन से आगे बढ़कर निर्यात केंद्र बनने की राह पर है। सरकार की नीतियों के कारण अमेरिका स्थित चिप निर्माता माइक्रोन टेक्नोलॉजी इंक जैसे वैश्विक दिग्गजों के साथ अधिक एफडीआई आ रहा है, जो अब गुजरात में 2.75 बिलियन डॉलर की सेमीकंडक्टर फैक्ट्री स्थापित कर रहे हैं। यह उस उभरते हुए क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है, जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी। इसी तरह, ऑटो दिग्गज टेस्ला भी अपनी इलेक्ट्रिक कारों के लिए तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार पर नजर रख रही है। वह अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के लिए चीन से परे दिख रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में विनिर्माण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे का समर्थन करके इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और मजबूत करने की सरकार की योजना की घोषणा की है। इस घोषणा से ऑटो सेक्टर की धारणाएं मजबूत हुई हैं और इससे अधिक निवेश आने की उम्मीद है।

## ईवी, नवीकरणीय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर के ट्रिपल इंजन से कायाकल्प को मिलेगी गति

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। भारत 2025 तक पाँच ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है। इसके लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण तथा अन्य उभरते क्षेत्रों पर फोकस कर रही है, जो देश के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखते हैं। तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए दीर्घकालिक, ब्याज-मुक्त वित्तपोषण प्रदान करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष एक सकारात्मक उपाय है क्योंकि उभरते उद्योगों में नवाचार और विकास का समर्थन करने के लिए पूंजी तक पहुंच एक महत्वपूर्ण कारक है। पिछले सप्ताह लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह कोष 'दीर्घकालिक कम या शून्य ब्याज दरें प्रदान करेगा ताकि युवा बड़े पैमाने पर नवाचार कर सकें।' वित्त मंत्री ने कहा, 'हमारे तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए यह एक स्वर्ण युग होगा। पचास साल के ब्याज मुक्त ऋण से एक लाख करोड़ रुपए का कोष स्थापित किया जाएगा। यह कोष लंबी अवधि और कम या शून्य ब्याज दरों के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करेगा।

## बजट समावेशी और समग्र विकास के प्रति समर्पित

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। विभिन्न संस्थानों और उद्योग संगठनों ने केंद्रीय अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसी क्रम में शिक्षा क्षेत्र से विजयभूमि यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट संजय पडोडे ने कहा, स्किल इंडिया मिशन के सफल क्रियान्वयन से सरकार ने कई युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

7 प्रतिशत की विकास दर के साथ युवाओं को कौशल प्रदान करने की हमारी क्षमता से कहीं अधिक दर पर नौकरीयाँ पैदा होना तय है। आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना के परिपेक्ष्य में संजय पडोडे कहते हैं कि हमारे पास भव्य परिसरों और बेहतरीन बुनियादी ढांचे वाले पर्याप्त संख्या में संस्थान हैं। किंतु सरकार को गुणवत्तायुक्त अच्छे शिक्षकों की कमी को देखना होगा। इसके अलावा सरकार शिक्षण को एक आकर्षक पेशा बनाने के लिए प्रोत्साहन दे व उन शिक्षकों के लिए कर सब्सिडी प्रदान कर सकते हैं जो योग्य हैं और जो अपने ज्ञान की प्रासंगिकता और समरूपता का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा कार्तिक जयरामन मैनेजिंग डायरेक्टर वेकूल फूड ने कहा खाद्य और कृषि क्षेत्रों को समर्थन देने की नीति की निरंतरता उत्साहजनक है।

फसल कटाई के बाद प्रबंधन और मूल्य संवर्धन में पीपीपी परियोजनाओं के नए प्रस्तावों से आपूर्ति श्रृंखला के विस्तार में मदद मिलेगी। इसके अलावा, उद्यमी और स्टार्टअप अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के लिए प्रस्तावित सॉफ्ट लोन से उत्सुकता बढ़ेगी। और नवाचार को बढ़ावा देकर विकास में मदद मिलेगी और खाद्य और कृषि जैसे राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों में सुधार में तेजी आयेगी। बीएनसी मोटर्स के सीईओ अनिरुद्ध ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, भारतीय ईवी 2डब्ल्यू बाजार ने अब अपनाने का एक निश्चित स्तर हासिल कर लिया है।अब समय आ गया है कि भारतीय ईवी उद्योग सब्सिडी से दूर हो जाए और लागत में कटौती और परिचालन सुधार पर काम करना शुरू कर दे। सूर्यनारायणन वी, चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस के एमडी ने कहा बजट में पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान करने की प्रतिबद्धता, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य कवर के विस्तार का कदम समाज के निचले स्तर तक पहुंच, समावेशिता इत्यादि चोला एमएस के प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं।

## आवास ऋण में बढ़ोतरी से ऋण वृद्धि में आई तेजी

**चेन्नई,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। शीर्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत की आर्थिक वृद्धि में प्रमुख योगदान देने वाली घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2011-12 के बाद से गिरावट आ रही है और वर्तमान में यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का औसतन लगभग 30 प्रतिशत है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने बताया, 'नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 तक वर्तमान बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 30.2 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 2011-12 से यह प्रवृत्ति गिरावट पर है जब बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 34.6 प्रतिशत थी। पिछले दशक में बचत दर औसतन सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 32 प्रतिशत थी।' हाजरा ने कहा कि घरेलू बचत अर्थव्यवस्था में निवेश में योगदान करती है। उच्च बचत दर निवेश के माहौल को बाहरी वित्तपोषण पर सीमांत निर्भरता के साथ घरेलू वित्तपोषण पर निर्भर होने की सुविधा प्रदान करती है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया, 'घरेलू बचत होना इसलिए उपयोगी है कि हम अभी भी बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जैसे विदेशी फंडों के साथ विकास को वित्तपोषित कर सकते हैं, लेकिन उनके पास अन्य मुद्दे भी होंगे। जिन देशों को उच्च स्तर के निवेश की आवश्यकता है, वे बचत पर निर्भर होंगे। इसके अलावा यहां तक कि सरकारी उधार को बैंकों और वित्तीय संस्थानों (एफआई) द्वारा सदस्यता के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है,



**वित्त वर्ष 2021-22 तक वर्तमान बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 30.2 प्रतिशत**

लेकिन अंततः घरेलू कॉरपोरेट्स और अन्य की बचत से वित्त पोषित किया जाता है।' हाजरा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू क्षेत्र की शुद्ध वित्तीय बचत में गिरावट देखी गई। लेकिन सकल वित्तीय बचत मजबूत बनी हुई है। भौतिक बचत मजबूत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी कुल बचत जीडीपी का लगभग 30 प्रतिशत होने की उम्मीद है। हाजरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बचत का बचत में प्रमुख योगदान रहा है। वित्त वर्ष 2014-15 में परिवारों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 65 प्रतिशत हो गई।

हाजरा ने कहा, विशेष रूप से घरेलू क्षेत्र में वित्तीय बचत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, पिछले वर्ष को छोड़कर जहां भौतिक बचत अधिक थी। बचत के लिए चुनौतियों के संबंध में हाजरा ने कहा कि नई कर योजना को बचत को हतोत्साहित करने के रूप में देखा जाता है क्योंकि कई निवेश छूट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। जब तक इन निवेशों को कटौती/छूट के रूप में नहीं दिया जाता, नई कर व्यवस्था आकर्षक नहीं हो सकती। हाजरा ने कहा, 'इसके अलावा वित्त वर्ष 2022-23 में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 43 साल के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। यह परिवारों की वित्तीय देनदारियों में वृद्धि के कारण भी है।' अपनी ओर से सबनवीस ने कहा, 'यह एक चुनौती है क्योंकि लोग अधिक रिटर्न कमाने के लिए बाजार के साधनों की ओर रुख करते हैं। लेकिन खतरा ज़्यादा है। इसलिए म्यूचुअल फंड आज बहुत आकर्षक हो गए हैं।'

ऋण प्रवाह पर हाजरा ने कहा, 'पिछले दो वर्षों में व्यक्तिगत ऋण बढ़ रहे हैं। पिछले वर्ष 2022-23 में घरेलू वित्तीय देनदारियां काफी बढ़ गई हैं। इसका कारण आवास ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के ऋण में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हालांकि उद्योग क्षेत्र के लिए ऋण पिछले 15 महीनों में केवल सात प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा के सबनवीस ने कहा कि दरें बढ़ने के कारण पर्सनल लोन (असुरक्षित) में वृद्धि धीमी हो गई है, जबकि समग्र ऋण में लगातार वृद्धि हुई है। हाजरा के अनुसार, पारंपरिक बैंकिंग ने अपनी जगह बनाए रखी है जबकि नए क्रेडिट प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं।

## कोडेक्स समिति ने 5 मसालों के लिए गुणवत्ता मानकों को दिया अंतिम रूप

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। कोच्चि में आयोजित मसालों और जड़ी-बूटियों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच) के 7वें सत्र में 5 मसालों, छोटी इलायची, हल्दी, जुनिपर बेरी, ऑलपाइस और स्टार ऐनीज के लिए गुणवत्ता मानकों को अंतिम रूप दिया गया है। सीसीएससीएच ने इन पांच मानकों को कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (सीएसी) को भेज दिया है और उन्हें अंतिम चरण 8 में पूर्ण कोडेक्स मानकों के रूप में अपनाने की सिफारिश की है। 29 जनवरी 2024 से 2 फरवरी 2024 तक आयोजित सीसीएससीएच के 7वें सत्र में 31 देशों के 109 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और यह कोविड 19 महामारी के बाद इस समिति का पहला सत्र था। आधिकारिक बयान के अनुसार समिति में पहली बार मसालों के समूहीकरण की रणनीति को सफलतापूर्वक लागू किया गया। समिति ने सत्र में फलों और जामुनों से प्राप्त मसालों (3 मसालों, जैसे जुनिपर बेरी, ऑलस्पाइस और स्टार ऐनीज) के लिए पहले समूह मानक को अंतिम रूप दिया। वेनिला के लिए मसौदा मानक चरण 5 में आगे बढ़ गया है और समिति के अगले सत्र में चर्चा के लिए उठाए जाने से पहले सदस्य देशों द्वारा इसकी एक और दौर की जांच की जाएगी। सूखे धनिये के बीज, बड़ी इलायची, मीठी मरजोरम और दालचीनी के लिए कोडेक्स मानकों के विकास के प्रस्ताव समिति के समक्ष रखे गए और स्वीकार कर लिए गए। बयान में कहा गया है कि समिति अपने आगामी संस्करणों में इन चार मसालों के लिए मसौदा मानकों पर काम करेगी। सीसीएससीएच के 7वें सत्र में पहली बार बड़ी संख्या में लैटिन अमेरिकी देशों की भागीदारी देखी गई। समिति की अगली बैठक 18 महीने की अवधि के बाद आयोजित की जाएगी। अंतरिम इलेक्ट्रॉनिक कार्य समूहों के दौरान विभिन्न देशों की अध्यक्षता में बहुराष्ट्रीय परामर्श की प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य विज्ञान आधारित साक्ष्यों पर भरोसा करते हुए मानकों को विकसित करना है।

## 2024 के पहले महीने में दुनिया भर में 30 हजार से अधिक तकनीकी कर्मचारियों की नौकरियां गईं

नई दिल्ली, 3 फरवरी (एजेंसियां)। तकनीकी कर्मचारियों के लिए वर्ष 2024 की शुरुआत खराब रही, क्योंकि जनवरी में ही 122 से अधिक तकनीकी कंपनियों और स्टार्टअप ने 30 हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, और नौकरियों में कटौती लगातार जारी है। छंटनी पर नज़र रखने वाली वेबसाइट लेऑफ्सडॉटफाई द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 122 तकनीकी कंपनियों ने (3 फरवरी तक) 31,751 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया भर में स्टार्टअप समेत टेक कंपनियों ने 2022 और 2023 में 425,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, जबकि इसी समय सीमा में भारत में 36,000 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया। वीडियो संचार प्लेटफॉर्म जूम लगभग 150 कर्मचारियों, या कंपनी के 2 प्रतिशत से भी कम कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। जूम के अलावा, क्लाउड सॉफ़्टवेयर विक्रेता ओक्टा ने भी लगभग 400 कर्मचारियों, या अपने कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत को नौकरी से निकालने की योजना की घोषणा की। ऑनलाइन भुगतान गेटवे पेपाल ने पिछले महीने छंटनी शुरू कर दी, इससे उसके कार्यबल के कम से कम 9 प्रतिशत, लगभग 2,500 कर्मचारी प्रभावित होंगे। उपभोक्ता रोबोट बनाने वाली कंपनी आईरोबोट ने लगभग 350 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है, जो उसके कार्यबल का लगभग 31 प्रतिशत है और इसके संस्थापक और सीईओ, कॉलिन एंगल भी पद छोड़ देंगे।

## अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकारी बैंक बड़ी बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं पर कर रहे काम

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। राजमार्ग, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र में बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास को गति देना जारी रखेंगी क्योंकि सरकार ने अंतरिम बजट में इन निवेशों के लिए लागत को बढ़ा दिया है। बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकारी निवेश से नौकरियां और आय पैदा होती है, जिसका अर्थव्यवस्था पर कई गुना प्रभाव पड़ता है क्योंकि स्टील और सीमेंट जैसे प्रोडक्ट्स की मांग भी बढ़ जाती है जिससे अधिक निजी निवेश और रोजगार बढ़ता है। अतिरिक्त नौकरियों के सृजन के साथ, उपभोक्ता वस्तुओं की मांग भी बढ़ती है जिससे देश की आर्थिक विकास दर में और तेजी आती है। निवेश और रोजगार सृजन के चक्र को तेज करने के लिए 2023-24 के बजट ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर पूंजीगत लागत को 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपए से 37.4 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को पेश किए गए अंतरिम बजट में विकास को गति देने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आवंटन को




11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछले साल के बड़े आधार के शीर्ष पर होने वाली वृद्धि के चलते विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इससे निजी क्षेत्र से भी बड़ा निवेश आकर्षित होगा, जिससे विकास की गति तेज होगी। एक और सकारात्मक विकास यह है कि सरकार ने राजकोषीय घाटे में कटौती की है और इसलिए उन्हें बाजार से कम उधार लेने की आवश्यकता होगी। इससे बैंकों के पास निजी क्षेत्र की कंपनियों के निवेश को वित्तपोषित करने के लिए अधिक धन बचेगा, जिससे बदले में विकास को गति मिलेगी। अंतरिम बजट में रेलवे के लिए 2.52 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे गलियारे कार्यक्रमों अर्थात ऊर्जा, खनिज और सीमेंट गलियारे, बंदरगाह कनेक्टिविटी गलियारे और उच्च यातायात घनत्व गलियारे के कार्यान्वयन की घोषणा की है। सीतारमण ने कहा कि मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गति शक्ति योजना के तहत रेलवे परियोजनाओं की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि ये गलियारे लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करके सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को गति देंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि उच्च यातायात गलियारों में भीड़ कम होने से परिचालन में सुधार होगा, जिसके चलते यात्रियों के लिए सुरक्षा और उच्च यात्रा गति होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बजट के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कुल मिलाकर, इन 3 गलियारों के जरिए लगभग 40,000 किमी नई पटरियां बिछाई जाएंगी, जिससे रेलवे की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और प्रदूषण में कमी आएगी।

## सार संक्षेप

### एमपीआई मौद्रिक मीट्रिक की तुलना में अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण पेश करता है

**नई दिल्ली।** परंपरागत रूप से, गरीबी को किसी व्यक्ति या परिवार के लिए उपलब्ध मौद्रिक संसाधनों का आकलन करके मापा जाता है। आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली मौद्रिक मीट्रिक घरेलू आय या उपभोग व्यय थी। हालांकि, नीति आयोग के एक हालिया पेपर में कहा गया है कि गरीबी को मापने के इस दृष्टिकोण की व्यक्तियों द्वारा अपने जीवन में सामना किए जाने वाले कई अभावों को शामिल नहीं करने के लिए आलोचना की गई है। विकास में न केवल आर्थिक प्रगति शामिल है। बल्कि, संसाधनों को मूल्यवान परिणामों में बदलने के लिए लोगों की क्षमताओं का विस्तार करने की प्रक्रिया भी शामिल है।

### एफपीआई ने जनवरी में 25,000 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची

**नई दिल्ली।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके. विजयकुमार ने कहा कि इस वर्ष जनवरी में एफपीआई प्रवाह की एक महत्वपूर्ण विशेषता इक्विटी और ऋण प्रवाह में भिन्न रुझान था। जबकि, इक्विटी में 25,734 करोड़ रुपए की शुद्ध बिक्री देखी गई, डेट में 19,836 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी देखी गई। इन आंकड़ों में नकदी बाजार, प्राथमिक बाजार और अन्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, इस प्रवृत्ति के तीन कारण हैं, जनवरी में अमेरिकी बांड मुनाफा दिसंबर 2023 में लगभग 3.88 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 4.16 प्रतिशत हो गया। इसने इक्विटी से उच्च उपज वाले अमेरिकी बांडों की ओर बहिर्वाह को प्रेरित किया। दूसरा, भारतीय इक्विटी दुनिया में सबसे महंगी हो गई (वित्त वर्ष 2024 की अनुमानित कमाई के आधार पर निफ्टी लगभग 21 के पीई पर कारोबार कर रहा है)। इससे भारत में इक्विटी बिकवाली शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि तीसरा कुछ एफपीआई जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड फंड में भारत के शामिल होने के बाद भारतीय बॉन्ड बाजार में प्रवाह की उम्मीद करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया, 'आगे चलकर इक्विटी बाजार में एफपीआई का प्रवाह अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के रुझान और वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में इक्विटी बाजार के रुझान पर निर्भर करेगा।


### वार्निंग लाइट्स में खराबी को लेकर टेस्ला ने अमेरिका से दो मिलियन से अधिक वाहन लिए वापस

**सैन फ्रांसिस्को।** टेस्ला वार्निंग लाइट्स मुद्दे को लेकर अमेरिका से लगभग दो मिलियन से अधिक वाहनों वापस बुला रही है। इन सभी वाहनों को वार्निंग लाइट के गलत फॉन्ट साइज के कारण रिकॉल किया जा रहा है। यूएस नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) के पास दायर एक रिकॉल नोटिस के अनुसार लगभग 2.2 मिलियन वाहनों को रिकॉल करने में मॉडल एस, मॉडल एक्स, 2017-2023 मॉडल 3, मॉडल वाई और 2024 साइबरट्रक वाहन सहित लगभग सभी टेस्ला ईवी मॉडल शामिल हैं।

# खेल जगत

## रोहित शर्मा के रूप में मेरा पहला विकेट बहुत ही शानदार था : शोएब बशीर

**विशाखापत्तनम**, 2 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के नवोदित ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने कहा कि डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के पहले दिन भारत के कप्तान रोहित शर्मा के रूप में मिलना बहुत, अद्भुत लगा। अपने चौथे ओवर में, 20 वर्षीय बशीर की गेंद को ग्लांस करने की कोशिश करते हुए रोहित ने बैकवर्ड स्क्वायर-लेग की ओर कैच उछाल दिया, जिससे इस युवा खिलाड़ी को अपना पहला टेस्ट विकेट मिला। दिन का खेल खत्म होने से पहले, बशीर को एक और सफलता मिली जब अक्षर पटेल ने सीधे प्वाइंट पर कट किया। स्टंप्स तक भारत 336/6 पर पहुंच गया, उनके आंकड़े 2-100 थे।



# यशस्वी और बुमराह का प्रहार, मैच भारत की गिरफ्त में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 3 फरवरी (देशबन्धु)। 22 बरस के नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के टेस्ट करियर के पहले दोहरे शतक से पहली पारी में 396 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बाद अपने सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के गेंद से छक्के की बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन समेट कर भारत ने विशाखापट्टनम में शनिवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 143 रन की बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे दिन का खेल बंद होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना क्षति 28 रन बनाए और तब उसके कप्तान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 17 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद से 15 और कप्तान रोहित शर्मा 13 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद से 13 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गई और दूसरी पारी में सभी दस विकेट सुरक्षित हैं और उसने दूसरे टेस्ट पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। भारत मेहमान इंग्लैंड से हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट 28 रन से हार कर पांच टेस्ट की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रहा है।



भारत के यशस्वी जायसवाल (209 रन, 290 गेंद, सात छक्के, 19 चौके ) पहली पारी में अपने करियर का दोहरा टेस्ट शतक पूरा करने के बाद पारी के 107वें और इंग्लैंड के सबसे उम्रदराज 41 बरस के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के 24 वें ओवर की ऑफ स्टंप पर गिर बाहर निकलती गेंद को पांचवीं की गेंद को बाउंड्री के उपर से उड़ाने की कोशिश मे जॉनी बैरिस्टो के हाथों अंततः लपके गए। भारत ने यशस्वी के रूप में आठवां विकेट 383 रन पर खोया। यशस्वी भारत की पहली पारी में एंडरसन (3/47)का तीसरा शिकार बने। भारत ने दूसरे दिन सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 336 रन से उसकी पूरी टीम 112 ओवर में 396 रन पर आउट हुई। भारत ने दूसरे दिन सुबह पहली पारी में अपने बाकी चार विकेट 60 रन जोड़ कर खोए। इंग्लैंड के लिए लेग स्पिनर रेहान अहमद (3/65) और अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले 20 वर्षीय ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (3/138) ने भारत की पहली पारी समेटने में अहम भूमिका निभाई।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (6/45) ने गेंद से कहर बरपाते हुए सलामी बल्लेबाज जाक क्राली (76 रन, 78 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) और कप्तान बेन स्टोक्स(47 रन, 54 गेंद, एक चौका, 5 चौके) की अपनी शुरू से दे दनादन की %बाजबाल% शैली में तेज पारियों के बावजूद इंग्लैंड को पहली पारी में 253 रन पर समेट दिया। बुमराह ने लंच के बाद जो रूट(5) को स्लिप में शुभमन गिल के हाथों कैच कराने और पहले टेस्ट की दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले ऑली पॉप (23 रन) को बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड किया । इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत के बाद 22 रन के भीतर तीन विकेट खोकर तेज आगाज का लाभ कुछ हद तक गंवा दिया था।चाय के समय इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में चार विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। बुमराह ने चायकाल के बाद खेल के आखिरी सत्र में जॉनी बैरिस्टो (25 रन, 39 गेंद, चार चौके) को शुभमन गिल के हाथों स्लिप में कैच कराया, बेन फॉक्स (6) को बेहतरीन इनस्विंगर पर बोल्ड किया और बेन स्टोक्स को बेहतरीन आउटस्विंगर पर बोल्ड करने के बाद जिमी एंडरनसन (6) को बोल्ड कर इंग्लैंड की पहली पारी समेटी। इंग्लैंड के लिए सबसे तेज बल्लेबाजी करने वाले क्रॉली को बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। बाएं हाथ के सलामी बेन डकेट (21 रन, 17 गेंद, चार चौके) अपने लंच के स्कोर में मात्र चार रन जोड़ भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव की गेंद को रक्षात्मक ढंग से

- यशस्वी के पहले दोहरे शतक व बुमराह के गेंद से 'छक्के' से भारत की दूसरे टेस्ट पर मजबूत पकड़
- भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी 253 पर समेटी
- भारत की कुल 171 रन की बढ़त, दूसरी पारी में सभी विकेट सुरक्षित

खेलने की कोशिश में उसकी पिच तक नहीं पहुंच पाए और गेंद के उपर लगकर सिली पॉइंट खड़े रजत पाटीदार के हाथों में पहुंची और इंग्लैंड ने पहला विकेट पारी के 11 वें ओवर में 59 रन पर खो दिया।

जॉनी बैरिस्टो (25 रन, चार चौके) के रूप में इंग्लैंड ने अपना पांचवां विकेट 159 रन पर खो दिया। बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने इसके बाद विकेटकीपर बेन फॉक्स (6 रन, 10 गेंद, एक चौका) को बोल्ड किया जबकि रेहान अहमद ((6 रन, 15 गेंद, एक चौका)उनकी गेंद को उड़ाने की कोशिश में शुभमन गिल को मिडविकेट पर कैच थमा बैठे और इंग्लैंड ने सातवां विकेट पारी के 43 वें ओवर में 182 रन पर खोया। रेहान के रूप में कुलदीप ने मैच का तीसरा विकेट चटकाया। जसप्रीत बुमराह ने खतरनाक होते दिखते इंग्लैंड को कप्तान बेन स्टोक्सको बोल्ड कर उनकी और टॉम हार्टले की 47 रन की भागीदारी को तोड़ इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 227 कर दिया। टॉम हार्टले (21 रन,24 गेंद, एक छक्का, दो चौके) जसप्रीत बुमराह की गेंद पर बड़ा स्ट्रोक खेलने की कोशिश में पहली स्लिप में शुभमन गिल को कैच थमा उनका पांचवां शिकार बने और इंग्लैंड ने नौवां विकेट 234 रन पर खोया और बुमराह ने जिमी एंडरसनको एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड की पहली पारी समेटी।

इससे पूर्व दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन के 179 रन के निजी स्कोर से शनिवार सुबह आगे खेलना शुरू कर दूसरे दिन सुबह पहले 102 वें और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर के 33 वें ओवर की पहली गेंद को स्लॉग स्वीप कर बैकवर्ड स्कवॉयर पर छक्का जड़ा और उनकी अगली ही गेंद को स्वीप कर चौका जड़ कर अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। यशस्वी अब इतिहास के महानतम सलामी बल्लेबाज सुनील गावसकर और विनोद काम्बली के बाद भारत के लिए तीसरे सबसे कम उम्र में दोहरा टेस्ट जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। काम्बली ने 1993 में दो दोहरे टेस्ट शतक लड़े। यशस्वी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास ब्रायन लारा के बादं दूसरे ऐसे बल्लेबाज बन हैं जिन्होंने दोहरा शतक जड़ा और टीम के बाकी साथियों में कोई अर्द्धशतक तो छोड़ ही दे 34 रन के पार नहीं पहुंच पाया।

यशस्वी से पहले वेस्ट इंडीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में से एक ब्रायन लारा ने 228 रन बनाए थे और उनके बाद अकेले डवेन ब्रावो ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह (6 रन, 9 गेंद, एक चौका) ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की लेग स्टंप पर गिर कर तेजी से घूमी गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की और स्लिप में जो रूट ने बढ़िया कैच लपका और भारत ने नौवां विकेट 395 पर खो दिया और शोएब बशीर ने मुकेश कुमार(0)को जो रूट के हाथों स्लिप में लपका कर भारत की पहली पारी समाप्त की। जेम्स एंडरसन ने दूसरे दिन सुबह सबसे पहले रविचंद्रन अश्विन (20 रन, 37 गेंद,4 चौके) ऑफ स्टंप पर पर बाहर निकलती गेंद पर विकेटकीपर बेन फॉक्स के हाथों कैच कराया और भारत ने सातवां विकेट 364 पर खोया।

## निखत और लवलीना 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन भारतीय चुनौती का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 3-11 फरवरी तक बुल्गारिया के सोफिया में होने वाले 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के लिए 19 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट यूरोप की सबसे पुरानी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में से एक है। 30 देशों के लगभग 300 मुक्केबाजों की मौजूदगी में कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक के लिए एक बेहतरीन तैयारी होगी।



निकहत (50 किग्रा) और लवलीना (75 किग्रा) के अलावा, एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा), विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा (60 किग्रा), एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता साक्षी (57 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) भी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में शामिल हैं। दूसरी ओर, पुरुष टीम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) के साथ-साथ बरुण सिंह शगोलशेम (48 किग्रा), ललित (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा) , रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), जुगनू (86 किग्रा) सहित अन्य राष्ट्रीय चैंपियन शामिल हैं।

वंशज (63.5 किग्रा), अभिमन्यु लौरा (80 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और सागर (92+ किग्रा) अन्य चार भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं जो टीम का हिस्सा हैं।

2023 में आयोजित टूर्नामेंट के आखिरी संस्करण में भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और पांच कांस्य सहित आठ पदक जीते।

## अंडर19 पुरुष विश्व कपः दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंचे

जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), 2 फरवरी (आईएएनएस) मेजबान दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में क्रमशः श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की और अंतिम चार चरण में पहुंच गए।

पोचेफस्ट्रूम में श्रीलंका पर 119 रन की शानदार जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका अंतिम चार में क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। एक बार फिर, क्वेना मफाका मुख्य विध्वंसक थे, जिसने रिले नॉर्टन के समर्थन से आइलैंडर्स की बल्लेबाजी लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया।

वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश से प्रभावित रहा, जिसके कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा। अंततः, यह ऑस्ट्रेलिया ही था जिसने ग्रुप 2 से अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया, जबकि वेस्टइंडीज का शानदार टूर्नामेंट निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ। दक्षिण अफ्रीका एक समय 133/6 पर मुश्किल में दिख रहा था, 232/8 के सम्मानजनक कुल तक पहुंचा। जवाब में, श्रीलंका के बल्लेबाजों को मजबूत क्वेना मफाका का सामना करना पड़ा, जिनकी तेज़ गति ने शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। सात ओवर तक चले तेजतर्रार शुरुआती स्पैल में, मफाका ने टूर्नामेंट में अपना तीसरा पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया - ऐसा करने वाले वह अंडर19 पुरुष विश्व कप इतिहास में पहले गेंदबाज बन गए।

## टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले यशस्वी तीसरे सबसे युवा भारतीय

**विशाखापत्तनम,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। यशस्वी जयसवाल ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।

उन्होने इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर 277 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय भी बन गए। दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय विनोद कांबली हैं, जिन्होंने 1993 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 21 साल और 35 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

कांबली 21 साल और 55 दिन की उम्र में नंबर दो स्थान पर रहे थे जब उन्होंने 1993 में दिल्ली के फ़िरोज़ शाह कोटला में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना दूसरा दोहरा शतक बनाया था। दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 साल और 283 दिन की उम्र में अपना पहला दोहरा शतक बनाया था।

टेस्ट इतिहास में सबसे कम उम्र के दोहरे शतकधारी पाकिस्तान के जावेद मियांदाद हैं, जिन्होंने 19 साल और 140 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

जयसवाल टेस्ट दोहरा शतक बनाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इससे पहले विनोद कांबली, सौरव गांगुली और गौतम गंभीर ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद मुंबई के इस जीवट बल्लेबाज ने शानदार खेल का मुजाहिरा किया और पिच के बदलते व्यवहार के बीच अनुशासन बनाए रखा। जयसवाल के शानदार प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में लाने में मदद की, क्योंकि कोई अन्य बल्लेबाज पारी में अर्धशतक भी नहीं बना सका। उन्होंने न केवल ग्राउंड स्ट्रोक बल्कि हवाई शॉट भी लगाए।

## हेड ऑस्ट्रेलिया की वनडे और टी20 टीम से रिलीज, बार्टलेट को दूसरे वनडे से आराम दिया गया

**सिडनी,** 3 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को कड़ी टेस्ट गर्मियों के बाद तरोताजा होने के लिए वनडे और टी20 दोनों टीमों से रिलीज कर दिया गया है, और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए आराम दिया गया है, लेकिन उम्मीद है कि कैनबरा में तीसरे मैच के लिए जोश के साथ वापसी करेंगे। विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। मेलबर्न में बार्टलेट का प्रभावशाली प्रदर्शन, जहां उन्होंने 17 रन देकर 4 विकेट लिए, ने उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की एक यादगार शुरुआत की। हालाँकि, दूसरे वनडे के लिए उन्हें आराम देने का प्रबंधन का निर्णय उनके कार्यभार को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करने की एक सोची-समझी योजना का हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



के एक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय उनके चल रहे प्रबंधन का हिस्सा है, क्योंकि 25 वर्षीय क्वींसलैंडर पीठ के तनाव की चोट से वापसी के बाद घरेलू सत्र के पहले भाग में नहीं खेल पाए थे।

युवा तेज गेंदबाज, जो पिछले साल पीठ की चोट से जूझ रहे थे, को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला जा रहा है, विशेष रूप से पांच दिनों में तीन एकदिवसीय मैचों के साथ मांग वाले कार्यक्रम को देखते हुए और इस सीजन में पहले कोई एकदिवसीय या शील्ड क्रिकेट नहीं होने के कारण। सिडनी में बार्टलेट की अनुपस्थिति से छोड़ी गई कमी को अनुभवी विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड के शामिल किए जाने से भरा जाएगा। हेज़लवुड को शुरू में व्यस्त टेस्ट गर्मियों के बाद एकदिवसीय श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम को मजबूत करने के लिए तैयार है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन मंगलवार को कैनबरा में होने वाले तीसरे वनडे के लिए कवर के रूप में टीम में शामिल होंगे। हेड के जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है और इससे लाइनअप में संभावित बदलाव का द्वार खुल गया है, जिसमें होनहार जेक फ्रेजर-मैकगर्क एससीजी में अपना वनडे डेब्यू करने की दौड़ में हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ विवादास्पद अंडरआर्म वनडे मेरे जीवन के बेहतर क्षणों में से नहीं : ग्रेग चैपल

**नई दिल्ली,** 3 फरवरी (एजेंसियां) पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ग्रेग चैपल ने 1981 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कुख्यात अंडरआर्म वनडे के बारे में खुलकर बात की। उस फैसले पर विचार करते हुए, जिसने उनकी विरासत को हमेशा के लिए बदल दिया, चैपल ने खुलासा किया कि अंडरआर्म घटना पूरी तरह से प्रेरित नहीं थी बल्कि मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) की ख़राब परिस्थितियों से निराशा के कारण हुई थी।

चैपल ने एसईएन 1170 ब्रेकफास्ट से कहा, यह उन बेहतर क्षणों में से एक नहीं था जिन पर मुझे विचार करने का मौका मिला... लोगों के लिए शायद यह समझना मुश्किल है कि उस दिन मैदान पर जो चल रहा था, उससे इसका बहुत कम लेना-देना था।

उन्होंने एमसीजी की खेल स्थितियों और सुविधाओं में सुधार के बारे में चल रही चर्चाओं पर असंतोष व्यक्त किया, और बेहतर मानकों की वकालत करने में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इस पृष्ठभूमि के बीच, 1981 में न्यूजीलैंड को अंतिम गेंद पर टाई के लिए छह रन की जरूरत थी, चैपल ने अपने छोटे भाई ट्रेवर को अंडरआर्म गेंदबाजी करने का आदेश दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित हो गई। हालांकि यह कदम गैरकानूनी नहीं था, लेकिन यह खेल की भावना के खिलाफ था, जिसके बाद अंडरआर्म गेंदबाजी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया। जाहिर तौर पर वह इसका हिस्सा था। लेकिन उस समय टीम और क्रिकेट को लेकर बहुत सारी बातें चल रही थीं, खासकर एमसीजी के आसपास और उस समय एमसीजी में हम जिस स्तर की पिचों का मुकाबला कर रहे थे।

मैं नियमित रूप से बेहतर सुविधाएं प्राप्त करने के बारे में बहुत सारी चर्चाओं के बीच में था। वे (क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया) मैदान के मालिक नहीं थे, इसलिए वे क्रिकेट विक्टोरिया के पास जाएंगे,



जिनके पास मैदान नहीं था, वे मेलबर्न क्रिकेट क्लब के पास जाएंगे... जिन्हें ज्यादा परवाह नहीं थी, जो बहुत शर्म की बात थी , एमसीजी में लगातार इस प्रकार की परिस्थितियों को पूरा करना, उस समय एमसीसी को छोड़कर, सभी के दृष्टिकोण से निराशाजनक था। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा निर्णय था जो उस समय लिया गया था... और जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो मेरी सोच यह थी, मुझे इसकी पूरी जानकारी थी, मैं इसके बारे में यही सोचता हूं। यह संभवत: उतना ही अच्छा निर्णय था जितना मैं लेने में सक्षम होने की मानसिक स्थिति में था। चैपल ने घटना के बाद के परिणामों को याद करते हुए स्वीकार किया कि इसका उनकी और ट्रेवर की विरासत पर प्रभाव पड़ा। जब वह मैदान से बाहर निकले तो उन्हें अच्छी तरह से याद आया कि एक युवा लड़की ने उन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, जो उसके बाद होने वाली सार्वजनिक प्रतिक्रिया का पूर्वाभास था। उन्होंने आगे कहा, मैंने बहुत बाद तक बिल या रिची की कमेंट्री नहीं सुनी... लेकिन उस दिन की सबसे ध्यान देने योग्य बात... मैं लॉन्ग ऑन पर क्षेत्ररक्षण कर रहा था इसलिए मुझे मैदान से बाहर निकलने के लिए खिलाड़ियों के गेट तक 100 मीटर की दौड़ लगानी पड़ी, और मैं मैदान से तेज़ी से नहीं उतर सका (भीड़ के आने से पहले)।

वहां बच्चे दौड़ रहे थे, एक जवान लड़की थी... वह दौड़ रही थी और मैंने गति धीमी कर दी, लेकिन जैसे ही वह सामने दौड़ी, वह मुड़ी, मेरी आस्तीन पकड़ ली, उसे खींचा और कहा, तुमने धोखा दिया। पूर्व कप्तान के अचानक लिए गए फैसले ने उन्हें परिणामों से जूझने पर मजबूर कर दिया। मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल गमगीन था, चैपल ने स्वीकार किया, मैंने कुछ नहीं कहा और मुझे नहीं लगता कि किसी के पास कुछ भी कहने का मौका है... मुझे एहसास हुआ कि खिलाड़ियों को शायद थोड़ी जगह की जरूरत है, और मुझे भी थोड़ी सी जगह चाहिए।

जैसे ही विवाद सामने आया, मेलबर्न में संभावित टकराव से बचने के लिए चैपल ने तय समय से पहले सिडनी के लिए उड़ान भरने का विकल्प चुना। यह घटना, शुरुआत में खिलाड़ियों के बीच चुप्पी के साथ हुई, अंततः हवाई अड्डे पर कैब की सवारी के दौरान चर्चा का विषय बन गई।

## सार संक्षेप

### श्रीलंका मार्च में करेगी बांग्लादेश का दौरा

**कोलंबो।** श्रीलंका की टीम मार्च में दो टेस्ट मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। दौरे में पहला टेस्ट 22 मार्च को दूसरा टेस्ट 30 मार्च से खेला जाएगा। क्रिकइंफो से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास का यह पहला मौक़ा होगा, जब टेस्ट सीरीज़ का एक भी मैच राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में नहीं खेला जाएगा। उस समय यह मैदान बांग्लादेश महिला बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला सीरीज़ के आयोजन में व्यस्त होगा। टेस्ट सीरीज़ से पहले टी20 और वनडे सीरीज़ भी खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम एक मार्च को ढाका पहुंचेगी। उसी दिन ढाका में बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) का फ़ाइनल होना भी निर्धारित है। तीन टी20 चार, छह और नौ मार्च को सिलेट में खेले जाएंगे। पहले दो मैच शाम छह बजे, वहीं अंतिम मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज़ 13 मार्च से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी। सभी वनडे मैच चटगांव में खेले जाएंगे। पहले दो मैच डे-नाईट होंगे जबकि तीसरा मैच सुबह 10 बजे से शुरू होगा। यह बांग्लादेश में पिछले 11 सालों में सबसे जल्दी शुरू होने वाला वनडे मैच होगा। यह सीरीज़ रमज़ान के महीने में खेला जाएगा। इससे पहले बांग्लादेश ने पिछले साल भी रमज़ान के महीने में आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 और एकमात्र टेस्ट की सीरीज़ खेली थी।

### वाटिका खिताब के नजदीक, डीएफसी ने फिर उतारे सात खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गत विजेता वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 2 - 1 से हरा कर खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ा दी है। विजेता के लिए बिजोय गोसाईं और प्लेयर ऑफ द मैच निखिल गहलोत ने गोल जमाए। सुदेवा का इकलौता गोल जाहिद जहूर ने किया। दिन का दूसरा मुकाबला गढ़वाल हीरोज एफसी और दिल्ली एफसी के बीच मात्र दस मिनट तक खेला गया। वाटिका की जीत का आकर्षण गहलोत का विजई गोल रहा । उसने लेफ्ट फुट से दमदार गोल बनाया। पिछले चार मुकाबलों की तरह दिल्ली एफसी ने एक बार फिर सात खिलाड़ी मैदान में उतारे और गोल कीपर प्रणब डेका को चोटिल दिखा कर मैदान छोड़ दिया। पांचवें मैच में मैदान छोड़ने वाली दिल्ली एफसी पर फिलहाल डीएसए कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है। प्रीमियर लीग की बदहाली देख कर फुटबाल प्रेमियों ने स्टेडियम का रुख करना बंद कर दिया है। लेकिन दिल्ली फुटबाल की बदहाली पर कोई भी अधिकारी खुल कर नहीं बोल रहा।